

असम इकाई के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा भाजपा में हुए शामिल - 12



अमेरिकी प्रतिबंधों के दबाव में भारत में रूस से और घटा तेल का आयात - 12



परमाणु समझौते के लिए ईरान और आईएईए के बीच नए तंत्र पर चर्चा - 13



वेस्टइंडीज के आत्मविश्वास की परीक्षा लेगा जिम्बाब्वे - 14


आज का मौसम | 27.0° अधिकतम तापमान | 13.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 06.43 | सूर्यास्त 06.08

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष षष्ठी 09:09 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

सोमवार, 23 फरवरी 2026, वर्ष 7, अंक 90, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# देश की बदनामी में जुटी कांग्रेस दिवालिया और दरिद्र : मोदी

## प्रधानमंत्री ने मेरठ में नमो भारत आरआरटीएस व मेट्रो का किया उद्घाटन, 12,930 करोड़ की परियोजनाएं की समर्पित

- मोदी ने कांग्रेस, सपा और बसपा पर विकास की जगह जहरीली राजनीति करने का लगाया आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरठ की धरती से कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि देश को बदनाम करने में जुटी कांग्रेस आज राजनीतिक रूप से दिवालिया और वैचारिक रूप से दरिद्र हो चुकी है। उन्होंने कहा कि एआई ग्लोबल समिट भाजपा का नहीं, बल्कि देश के सम्मान का कार्यक्रम था। लेकिन कांग्रेस ने सारी मर्यादाएं तोड़कर इसे अपनी ओछी राजनीति का मंच बना दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इतनी पुरानी पार्टी के नेताओं को शर्म आनी चाहिए, लेकिन वे लाज छोड़कर अपनी हरकतों का बचाव कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने रविवार को मेरठ में भारत की पहली नमो भारत रैपिड रेल (आरआरटीएस), दिल्ली-मेरठ 82 किमी लंबे संपूर्ण कॉरिडोर और मेरठ मेट्रो (मेरठ साउथ-मोदीपुरम) का उद्घाटन करने के साथ करीब 12,930 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि उसने एआई समिट को गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बनाते हुए सारी मर्यादाएं तोड़ दी।

आज पूरे देश में कांग्रेस की इस रीति-नीति पर थू-थू हो रही है। लेकिन दुर्भाग्य देखिए... इतनी पुरानी पार्टी के नेता शर्माने की जगह बेशर्मी दिखा रहे हैं। मोदी ने कहा कि महिला सांसदों को भेज करके सीट पर कब्जा करके आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हो। क्या आप लोग इतने खोखले हो गए हो कि माताओं-बहनों को इसके लिए आगे कर रहे हो। कांग्रेस देश के लिए बोझ बन गई है।

एक बात से मुझे संतोष है कि दिल्ली में जो घटना घटी, कांग्रेस के सभी साथी दलों ने कांग्रेस की भरपूर आलोचना करने की हिम्मत दिखाई है। मैं इसके लिए उनका सार्वजनिक रूप से आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस, सपा और बसपा पर जहरीली राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर उनमें हिम्मत है तो विकास के मुद्दे पर मुकाबला करें। प्रधानमंत्री ने नमो भारत को नारी शक्ति का प्रतीक बताते हुए कहा कि ट्रेन ऑपरेटर, स्टेशन कंट्रोल और संचालन से जुड़े अधिकतर पदों पर बेटियां नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले इस रूट पर शाम होते ही सन्नाटा और भय का माहौल रहता था, लेकिन आज बेहतर कानून व्यवस्था और आधुनिक परिवहन ने पश्चिम यूपी की तस्वीर बदल दी है। इससे पहले उन्होंने नमो भारत और मेरठ मेट्रो को हरी झंडी दिखाई और यात्रियों, छात्रों व सफाईकर्मियों से संवाद किया।



दिल्ली-मेरठ नमो भारत के संपूर्ण कॉरिडोर का राष्ट्र को समर्पण एवं मेरठ मेट्रो का उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर रैपिड रेल मॉडल के साथ प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी।

### पहले घोटालों में गुम हो जाते थे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट, तकनीक आयात करनी पड़ती थी

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासन में मेट्रो, सड़क और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं घोटालों में गुम हो जाते थे। तकनीक आयात करनी पड़ती थी और काम वर्षों तक अटका रहता था। भाजपा सरकार ने न केवल घोटाले बंद किए, बल्कि देश को आत्मनिर्भर बनाते हुए समयबद्ध तरीके से परियोजनाएं पूरी कीं। आज भारत मेट्रो नेटवर्क में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है और 25 से अधिक शहरों में मेट्रो सेवाएं चल रही हैं। मोदी ने कहा कि डबल इंजन सरकार की कार्य संस्कृति के कारण अब परियोजनाएं अधर में नहीं लटकतीं, शिलान्यास होता है तो उद्घाटन भी सुनिश्चित होता है।

### मुख्यमंत्री योगी बोले- प्रधानमंत्री मोदी नए और आधुनिक भारत के निर्माता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी नए और आधुनिक भारत के निर्माता हैं। मेरठ और पश्चिम उत्तर प्रदेश को मिली यह सौगात क्षेत्र की अर्थव्यवस्था, रोजगार और जीवन स्तर को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश दंगों और अव्यवस्था के दौर से निकलकर विकास, निवेश और बेहतर कानून व्यवस्था का मॉडल बना है। नमो भारत और मेरठ मेट्रो जैसी परियोजनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि उत्तर प्रदेश अब नए भारत की रफ्तार के साथ आगे बढ़ रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### एसआईआर: तत्काल मामलों के प्रबंधन के लिए समिति का गठन

**कोलकाता।** यहां की हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल ने एक समिति गठित की है, जो पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद से संबंधित कार्यों में न्यायिक अधिकारियों की व्यस्तता के कारण जरूरी मामलों को अन्य अदालतों में स्थानांतरित करने की अंतरिम व्यवस्था की निगरानी करेगी। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार और निर्वाचन आयोग के बीच जारी गतिरोध को लेकर बीस फरवरी को अप्रसन्नता जताते हुए राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में निर्वाचन आयोग की सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का शुक्रवार को असाधारण निर्देश दिया।

### 'बढ़ना है तो यहां जुड़ना है' अभियान से जुड़े अमिताभ बच्चन



**नई दिल्ली।** सरकार ने रविवार को घोषणा की कि स्किल इंडिया डिजिटल हब' (एसआईडीएच) की पहुंच बढ़ाने के लिए संचालित किए जा रहे एक नए राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत अभिनेता अमिताभ बच्चन से इसके प्रचार-प्रसार के लिए संपर्क किया गया है। 'बढ़ना है तो यहां जुड़ना है' अभियान की शुरुआत कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी ने हाल ही में संपन्न हुए एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान की।

### मन की बात में मोदी बोले ओटीपी, आधार व बैंक विवरण साझा न करें

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के लिए लोगों को ओटीपी, आधार नंबर या बैंक खातों के विवरण साझा न करने के सुझाव दिए। मोदी ने रेडियो पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में कहा कि ओटीपी, आधार नंबर या बैंक खाते संबंधी जानकारी किसी को भी न दें। उन्होंने कहा कि जैसे हर मौसम के साथ खान-पान, पहनावा भी बदल जाता है, वैसे ही नियम से हर कुछ दिन के बाद अपना पासवर्ड भी बदल देना चाहिए। उन्होंने पूर्व में डिजिटल अरेस्ट के बारे में विस्तार से बात की थी, जिससे डिजिटल धोखाधड़ी और ऑनलाइन घोटालों के बारे में जागरूकता बढ़ी है।

(विस्तृत पेज राष्ट्रीय पर)

### अफगानिस्तान पर पाकिस्तान ने एयर स्ट्राइक कर बरसाए बम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने देश में हुए हालिया हमलों के बाद अफगानिस्तान में शनिवार रात सात आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाकर सैन्य कार्रवाई की जिसके बाद अफगानिस्तान ने इसके जवाब में आवश्यक और सोच-समझकर कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। खैबर-पख्तूनख्वा के बन्नू इलाके में शनिवार को एक आत्मघाती हमले में सेना के एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक सैनिक की मौत हो गई।

(विस्तृत देश विदेश पर)

# ग्लोबल टैरिफ के कारण भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील टली

- अमेरिका के मुख्य वार्ताकारों की बैठक की तारीख नए सिरे से तय होगी
- 23 फरवरी से तीन दिन की बैठक शुरू करने वाला था भारतीय दल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर होने वाली बैठक फिलहाल टल गई है। वाशिंगटम में मुख्य वार्ताकारों की प्रस्तावित बैठक को अब नए सिरे से तय करने का फैसला किया गया है। भारतीय दल 23 फरवरी से तीन दिन की बैठक शुरू करने वाला था। वाणिज्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव दर्पण जैन इस समझौते के लिए भारत के लिए मुख्य वार्ताकार हैं।

एक सूत्र ने कहा, भारत-अमेरिका व्यापार करार के लिए भारतीय वार्ताकारों की अमेरिका यात्रा के संदर्भ में दोनों पक्षों का मानना है कि अब यह बैठक तब होनी चाहिए जबकि दोनों पक्ष ताजा घटनाक्रमों और उसके प्रभाव का आकलन कर लें। इसके लिए दोनों पक्षों को समय चाहिए। अब इस बैठक की तारीख दोनों पक्षों की सुविधा के हिसाब से नए सिरे से तय की जाएगी। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के पहले के बड़े शुल्क के खिलाफ अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद यह घटनाक्रम महत्वपूर्ण हो जाता है। ट्रंप ने शुक्रवार को भारत समेत सभी देशों पर 24 फरवरी से 150 दिन के लिए 10 प्रतिशत शुल्क लगाया था। हालांकि, शनिवार को उन्होंने शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने की घोषणा की। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में उनके आर्थिक एजेंडा को एक बड़ा झटका देते हुए अमेरिकी शीर्ष अदालत ने उनके द्वारा दुनिया के विभिन्न देशों पर लगाए गए शुल्कों को गैरकानूनी करार दिया है। अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति ने 1977 के अंतर्राष्ट्रीय आपात आर्थिक अधिकार कानून (आईईईपीए) का इस्तेमाल कर अपने अधिकार का गलत इस्तेमाल किया है।



### सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद ट्रंप ने किया था ग्लोबल टैरिफ 15% करने का एलान

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद ट्रंप ने फिर से इन शुल्क को बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का एलान किया है। अगर यह शुल्क अधिसूचित होता है, तो यह अमेरिका में मौजूदा एमएफएन या आयात शुल्क के अलावा होगा। उदाहरण के लिए, अगर किसी उत्पाद पर 5% एमएफएन शुल्क लगता है, तो 15 प्रतिशत और जोड़कर यह 20 प्रतिशत हो जाएगा। हालांकि, इस बारे में कोई स्थिति स्पष्ट नहीं है कि 150 दिन के समय के बाद भारत जैसे देशों पर अमेरिकी शुल्क क्या होगा। भारत के कुल निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी लगभग 18 प्रतिशत और आयात में 6 .22 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 2024-25 में, दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 186 अरब डॉलर था।

# जैश के टॉप कमांडर सैफुल्ला समेत 3 आतंकी ढेर

जम्मू, एजेंसी

जम्मू कश्मीर में किश्तवाड़ में रविवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादी मार गिराए। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए तीनों आतंकवादियों के शव बुरी तरह झुलस गए हैं। सुरक्षा एजेंसियों के प्रारंभिक आकलन में पता चला है कि मृतकों में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का एक कुख्यात कमांडर सैफुल्ला भी शामिल है।

सैफुल्ला ने लगभग पांच साल पहले जम्मू कश्मीर में घुसपैठ किया था और तब से इस क्षेत्र में सक्रिय था। उस पर सुरक्षा बलों पर कई घातक हमलों की साजिश रचने का आरोप है। इनमें जुलाई 2024 का हमला भी शामिल है, जिसमें एक कैप्टन समेत चार जवान शहीद हो गए थे। सैफुल्ला पहले भी कई मुठभेड़ों के दौरान बच निकला था। सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने व्हाइट नाइट कोर के जवानों द्वारा तीन आतंकवादियों को मार गिराने के लिए की गई तेज और सटीक कार्रवाई की सराहना की। भारतीय सेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सेना के कमांडर ने दुर्गम क्षेत्र में दृढ़ साहस दिखाने के लिए जमीनी स्तर पर तैनात कमांडरों और सैनिकों की सराहना की है। उत्तरी कमान आतंकवाद मुक्त जम्मू कश्मीर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। चत्रू बेल्ट के पासेरकुट इलाके में 'त्राशी-आई' ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों को मार गिराया गया तथा दो एके-47 राइफल और गोला-बारूद बरामद किये गए।



- किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों से हुई मुठभेड़ दो एके-47 राइफल और गोला-बारूद बरामद

### सात बांग्लादेशी समेत लश्कर के 8 सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने तीन राज्यों में चलाए गए एक बड़े आतंकवाद रोधी अभियान के तहत आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के मॉड्यूल का पर्दाफाश करके इससे जुड़े आठ लोगों को गिरफ्तार किया है जिनमें से 7 बांग्लादेश के नागरिक हैं। एक अधिकारी ने बताया कि ये सातों बांग्लादेशी अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे और जाली पहचान पत्र बनवा लिये थे। ये गिरफ्तारियां पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में समन्वित छापेमारी के बाद हुईं।

(विस्तृत राष्ट्रीय पेज पर)

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद व उनके शिष्य पर पॉक्सो अधिनियम के तहत केस दर्ज



**प्रयागराज।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी के खिलाफ पिछले एक साल में एक नाबालिग समेत दो व्यक्तियों के यौन शोषण के आरोपों को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

यह प्राथमिकी शनिवार देर रात दर्ज की गई। इससे पहले प्रयागराज की पॉक्सो अदालत ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए थे। जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने स्वामी विमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं। अधिकारियों के अनुसार, बाल यौन अपराध संरक्षण (पॉक्सो) कानून और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गयी। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और मुकुंदानंद के अलावा दो-तीन अज्ञात लोगों पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है। प्राथमिकी के अनुसार, वादी आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने दावा किया कि हाल में प्रयागराज में संपन्न माघ मेले में उनके ट्रस्ट द्वारा आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान एक नाबालिग लड़के समेत दो लोग आए और उन्होंने माघ मेले समेत धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान तथा एक गुरुकुल में उनके यौन शोषण के आरोप लगाए।

# एआई सम्मेलन में प्रदर्शन सार्वजनिक व्यवस्था पर सीधा हमला : कोर्ट

- दिल्ली की एक अदालत ने कहा- देश की कूटनीतिक छवि को भी नुकसान पहुंचाया

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक कोर्ट ने कहा कि एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल पर विरोध प्रदर्शन करने के लिए गिरफ्तार किए गए भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के कार्यकर्ताओं का आचरण सार्वजनिक व्यवस्था पर एक सीधा हमला था। जिसने देश की कूटनीतिक छवि को भी नुकसान पहुंचाया।

न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि ने शनिवार को यह टिप्पणी तब की, जब भारत मंडपम में कमीज उतारकर विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए भारतीय युवा कांग्रेस के चार कार्यकर्ताओं को उनकी अदालत में पेश किया गया। अदालत ने प्रदर्शनकारियों से पूछताछ के लिए पुलिस को उन्हें पांच दिन की हिरासत में रखने की अनुमति दी। अदालत ने कहा कि प्रारंभिक जांच के निष्कर्षों से बाहरी साजिश के संबंधों का संकेत मिलने से यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।

# तीन दिन से बंद पड़े मकान से पुलिस को दंपती व उनके तीन बच्चों के शव मिले

- पति के पत्नी का गला रेतने और बच्चों को विषाक्त पदार्थ देकर हत्या की आशंका
- तीन दिन से कोई नहीं आया मकान से बाहर तो पड़ोसियों ने पुलिस को दी थी सूचना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कासगंज के एक बंद मकान में दंपती व उनके तीन बच्चों के शव मिले। तीन दिन से मकान बंद होने और कोई हलचल न होने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने मकान का दरवाजा काटा तो भीतर शव मिले। पोस्टमार्टम के बाद सभी का साथ में अंतिम संस्कार किया गया।

प्रथम दृष्टया मामला सामूहिक रूप से आत्महत्या का लग रहा है। तो कोई परिवार के मुखिया के सभी की हत्या करके आत्महत्या करने की चर्चा कर रहा है। कासगंज के नगला भोजराज थाना अमापुर निवासी सत्यवीर (50) पेट्रोल पंप के पीछे बेल्डिंग का काम करते थे। जबकि उनके पिता नेम सिंह गांव में चक्की चलाते थे। परिवार में उनकी पत्नी रामश्री (48) के अलावा तीन बच्चे प्राची (12), आकांक्षा (10) और बेटा गिरीश (8) थे। बताया जा रहा है कि सत्यवीर आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। छेनी हथौड़ी से गेट तोड़ा गया। भीतर रामश्री का शव जमीन और तीनों के शव बेड पर पड़े थे। महिला के गले पर घाव मिला। पुलिस ने प्रथम दृष्टया माना है कि सत्यवीर ने आर्थिक तंगी की वजह से पहले अपनी पत्नी का गला रेता और बच्चों को विषाक्त पदार्थ देकर उनकी हत्या की होगी और फिर खुद फंदा लगाकर जान दी होगी।



आकांक्षा



प्राची



रामश्री



ग्रीस

शासनादेश | राज्य विकास समन्वय एवं निगरानी समिति का किया गया गठन

# मुख्यमंत्री योगी बने राज्य स्तरीय दिशा समिति के अध्यक्ष

- केंद्र प्रायोजित योजनाओं की निगरानी टीम में सांसद विधायक, अफसर शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार की दिशा मार्गदर्शिका-2022 के तहत राज्य विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (राज्य स्तरीय दिशा) के गठन का शासनादेश जारी कर दिया है। समिति के अध्यक्ष योगी आदित्यनाथ होंगे, जबकि ग्रामीण विकास विभाग के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सह-अध्यक्ष की भूमिका निभाएंगे। यह समिति राज्य में केंद्र प्रायोजित ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा, निगरानी और अनुश्रवण करेगी।

शासनादेश के अनुसार समिति में लोकसभा व राज्यसभा के सांसदों, उत्तर प्रदेश विधानसभा एवं विधान परिषद के नामित सदस्यों के साथ पंचायती राज, वित्त, राजस्व और ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव स्तर के अधिकारी सदस्य होंगे। समिति जिला स्तरीय दिशा समितियों के निर्णयों के अनुपालन, धन प्रवाह, डीबीटी भुगतान, मानव संसाधनों की तैनाती और योजनाओं में आ रही बाधाओं की समीक्षा करेगी। समिति की बैठक कम से कम हर छह महीने में एक बार अनिवार्य रूप से होगी और प्रगति रिपोर्ट भारत सरकार को भेजी जाएगी।



### दिशा समिति के नामित सदस्यों की सूची जारी

राज्य विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (राज्य स्तरीय दिशा) के गठन संबंधी शासनादेश में नामित सदस्यों के नाम जारी कर दिए गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा नामित संसद सदस्यों में अनुप्रिया पटेल, चंद्रशेखर, स्वामी सचिदानंद हरि साक्षी, जय प्रकाश, किशोरी लाल, राजकुमार सांगवान, अखिलेश यादव, डिंपल यादव, संजय सेठ, सुरेंद्र सिंह नागर, रामजी तथा रामगोपाल यादव शामिल हैं। राज्य सरकार द्वारा नामित विधानमंडल सदस्यों में राजीव तरारा, पुरुषोत्तम खंडेलवाल, प्रेमसागर पटेल, भूपेश चौबे, आराधना मिश्रा, उमाशंकर सिंह, अनूप कुमार गुप्ता, साकेत मिश्रा और आशुतोष सिन्हा के नाम शामिल हैं। इसके अलावा ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नामित गैर-सरकारी सदस्यों में श्रीकृष्ण गौतम, जुबैद उर रहमान, रितु सिंह, संजिव कुमार और अंकुर वर्मा को समिति का सदस्य नामित किया गया है।

### योजनाओं की निगरानी और शिकायतों की जांच

शासनादेश में समिति के दायित्व स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि यह समिति केंद्र प्रायोजित सभी ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेगी। जिला स्तरीय दिशा समितियों के निर्णयों के अनुपालन की स्थिति, धन प्रवाह, डीबीटी के माध्यम से भुगतान, मानव संसाधनों की तैनाती और कार्यों में आ रही बाधाओं का समाधान समिति के प्रमुख कार्य होंगे। इसके साथ ही लाभार्थियों के गलत चयन, धन के दुरुपयोग या डायवर्जन जैसी शिकायतों की जांच कर आगे की कार्रवाई की संस्तुति भी की जाएगी।



**इफ्तार**
सोमवार
सुन्नी : 6:11
शिया : 6:20

**सहरी**
मंगलवार
सुन्नी : 5:14
शिया : 5:9

## न्यूज ब्रीफ

### महिला ने खाया जहर मेडिकल कॉलेज रेफर

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : तहसील बीसलपुर क्षेत्र के ग्राम चंदपुरा निवासी 20 वर्षीय पूजा पत्नी बृजेश को परिवार वाले रविवार को बरखेड़ा सीएचसी लेकर आए। चिकित्सक ने उसके जहरीला पदार्थ खाए होने का अंदेशा जताया। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। पारिवारिक कलह में जहर खाने की चर्चाएं रहीं। मेमो के जरिए सूचना मिलने पर पहुंची बीसलपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### समाज के मेधावी किए जाएंगे सम्मानित

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार** : श्री हरिद्वारी वैश्य समिति की बैठक समिति अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 8 मार्च को मिल रोड गन्ना लाइन के निकट हरिद्वारी वैश्य धर्मशाला में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में समाज के 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके स्वजातियों को सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही गोला नगर के वर्ष 2025 में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में 75 प्रतिशत अंक से परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। मीडिया प्रभारी अनुज गुप्ता ने बताया कि होली मिलन समारोह का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच प्रेम, एकता, भाईचारा को बढ़ावा देना है।

### बाइक बरामद, दो आरोपी जेल भेजे

**बिलसंडा, अमृत विचार** : चोरी की बाइक के साथ पुलिस ने दो ऑटो लिफ्टर ग्राम खुटराया निवासी राहुल पुत्र राना सिंह और रजनीश पुत्र अहिवरन को गिरफ्तार किया। एसओ सिद्धांत शर्मा ने बताया कि 19 फरवरी को बरात घर से चोरी बाइक आरोपियों से बरामद की गईहै। दोनों को जेल भेज दिया है।

# कुछ दिन रही चमक, उपेक्षा की भेंट चढ़ा खकरा रिवर फ्रंट

## तत्कालीन जिलाधिकारी पुलकित खरे के निर्देश पर किया गया था सौंदर्यीकरण, रखरखाव के अभाव में हालात बदतर

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**



खकरा नदी पर सोधन के लिए लगा बॉयो रेमिडिसवर प्लांट पड़ा ठप। ● अमृत विचार



खकरा नदी पर बदहाल रिवर फ्रंट। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : शहरवासियों को स्वच्छ वातावरण और सैर-सपाटे की बेहतर जगह देने के उद्देश्य से बनाया गया खकरा रिवर फ्रंट अब बदहाली का शिकार है। सौंदर्यीकरण मुहिम के तहत तैयार किए गए इस स्थल की हालत चंद समय बाद ही तत्कालीन अधिकारियों के तबादले के साथ बिगड़ गई है। अब इस पर कोई ध्यान देने वाला नहीं है। आलम ये है कि घाट पर गंदगी के ढेर लगे हैं। कराए गए सौंदर्यीकरण कार्य अनदेखी की भेंट चढ़ चुके हैं। न तो अब बैठने के लिए बेंच ठीक हैं, न ही वहां की साफ सफाई। गदंगी का अंबार लगा हुआ है। वहां पर चंद मिनट खड़े रहना भी मुश्किल हो चुका है।

शहर में खकरा नदी पुल के पास चार साल पहले सौंदर्यीकरण के लिहाज से मुहिम चलाई गई। तत्कालीन डीएम पुलकित खरे ने उस वक्त पार्क और चौराहों की तस्वीर बदलने के साथ ही यहां पर भी खकरा रिवर फ्रंट का निर्माण कार्य कराया। उस वक्त डीएम की मुहिम के चलते गंभीरता रही और नदी को साफ-सुथरा बनाने पर सभी का जोर रहा। शहरवासियों को यहां एक सुंदर स्पॉट मिल सके, इसको ध्यान में रखते हुए काम कराया गया। घाट पर सीढ़ियां बनवाई गईं। बैठने के लिए बेंचें लगाई और आसपास सजावट करते हुए पौधरोपण भी किया गया। रोशनी के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

शुरुआत में यहां पर टीम लगाकर निगरानी भी कराई जाती रही कि कहीं कोई गंदगी न फैलाए। कुछ लोगों पर नगर पालिका के स्तर से कार्रवाई भी कराई गई। खासकर रात के वक्त रंगबिरंगी रोशनी से खकरा रिवर फ्रंट जगमगा उठता था। मगर, वही हुआ, जिसके कयास लगाए गए थे। तत्कालीन डीएम के ताबदले के बाद उनकी मुहिम पर से जिम्मेदारों का ध्यान हटता चला गया।

> खकरा रिवर फ्रंट को लेकर रणनीति बनाई जाएगी, ताकि उसका सुधार हो सके। बॉयो रेमिडिसव प्लांट के संचालन को लेकर भी प्लानिंग तैयार की जाएगी। - **संजीव कुमार**, ईओ नगर पालिका पीलीभीत।

धीरे-धीरे रखरखाव की जिम्मेदारी भूल लापरवाही बरती जाने लगी। नतीजतन अब यहां हालात बद से बदतर हो चुके हैं। गंदगी का अंबार लग चुका है। घाट के आसपास सफाई की देखरेख करने वाला भी कोई नहीं है। गंदगी के बीच जानवर विचरण करते हैं। रंगाई पुताई भी खराब हो चुकी है। लगाए गए पौधों को भी जिम्मेदार बरकरार नहीं रख पाए। बैठने के लिए लगाई गई बेंचें भी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। आलम ये है कि देखने पर लगता ही नहीं कि यहां पर लंबे समय से सफाई की भी गई होगी। रविवार दोपहर घाट पर जानवर चरते हुए देखे गए।

### कूड़े से जूझ रही खकरा नदी

रिवर फ्रंट की बदहाली के साथ-साथ खकरा नदी की हालत भी संतोषजनक नहीं कही जा सकती है। नदी के पानी में पॉलिथीन और अन्य कूड़ा-करकट डाला जा रहा है। इसके अलावा शहर के नालों का गंदा पानी भी सीधे नदी में पहुंच रहा है, जिससे प्रदूषण बढ़ रहा है। इसे लेकर बीते दिनों आई एनजीटी की टीम ने भी नाराजगी जताई थी। हालांकि उसके बाद डीएम की ओर से नगरपालिका को निर्देशित किया जा चुका है। फिलहाल मौजूदा हालात लापरवाह तस्वीर की ओर इशारा कर रहे हैं।

# पर्यावरण संरक्षण युवाओं की सक्रिय भागीदारी से संभव

**पीलीभीत, अमृत विचार**: रामलुभाई साहनी महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन रविवार को पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण विषय पर कार्यक्रम हुआ। सर्वप्रथम पौधरोपण किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। स्वयंसेवकों ने पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया। बाघ एवं वन संरक्षण जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें वन बचाओ जीवन बचाओ, बाघ बचाओ पर्यावरण बचाओ आदि नारे लगाए गए। मुख्य अतिथि डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार, विशिष्ट अतिथि अमिताभ अग्निहोत्री, प्राचार्य डॉ. फजलुर रहमान, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बरखा आदि शामिल रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने और वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

# क्यूआर कोड से हो रही कक्ष निरीक्षकों की पहचान

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- **यूपी बोर्ड: पोर्टल से डाउनलोड कर दो प्रतियों में जारी किए जा रहे परिचय पत्र**

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू हो चुकी हैं। प्रक्रिया को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए इस बार कक्ष निरीक्षकों की पहचान क्यूआर कोड युक्त परिचय पत्र से की जा रही है। इससे परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को तुरंत शिक्षकों का पूरा विवरण मिल सकेगा और गड़बड़ी की आशंका कम होगी।

इस बार बोर्ड परीक्षाओं में माध्यमिक के साथ बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों की भी ड्यूटी लगाई गई है। जिले भर में करीब 3500 शिक्षकों को कक्ष निरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। इन सभी के परिचय पत्र पहले ही परिषद के पोर्टल पर अपलोड कर दिए गए थे। प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया गया है कि वे पोर्टल से परिचय पत्र डाउनलोड कर दो प्रतियों में प्रिंट कराएं। इन पर संबंधित शिक्षक और प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर के साथ नियुक्त परीक्षा केंद्र का नाम अंकित किया गया है। इसके बाद प्रतिहस्ताक्षर के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) के हस्ताक्षर भी कराए गए हैं।

जिन कक्ष निरीक्षकों के क्यूआर कोड युक्त परिचय पत्र पोर्टल पर उपलब्ध नहीं हो पाए हैं, उनके लिए सादा परिचय पत्र डाउनलोड कर विद्यालयीय अभिलेखों के आधार पर विवरण भरा जा रहा है। इसके बाद इन परिचय पत्रों पर भी डीआईओएस के प्रतिहस्ताक्षर कराए जा रहे हैं, ताकि परीक्षा केंद्रों पर पहचान में किसी तरह की समस्या न आए। इसके अलावा जिन परीक्षा केंद्रों पर आवश्यकता के अनुसार बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है, उनके लिए भी सादे परिचय पत्र जारी किए गए हैं। संबंधित अभिलेखों के आधार पर इन परिचय पत्रों को तैयार कर डीआईओएस से सत्यापित कराया जा रहा है। बताते हैं कि क्यूआर कोड युक्त परिचय पत्र लागू होने से परीक्षा केंद्रों पर तैनात कक्ष निरीक्षकों की पहचान करना आसान हो गया है।

चेकिंग के दौरान अधिकारी क्यूआर कोड स्कैन कर शिक्षक का नाम, विषय और संबंधित विद्यालय की जानकारी तुरंत देख सकेंगे। इससे बाहरी व्यक्ति के परीक्षा कक्ष में प्रवेश की संभावना भी खत्म हो जाएगी। साथ ही इस व्यवस्था से यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिस विषय की परीक्षा हो, उस विषय से संबंधित शिक्षक की ड्यूटी परीक्षा कक्ष में न लगाई जाए। डीआईओएस राजीव कुमार ने बताया कि बोर्ड की गाइडलाइन के तहत ही परीक्षा की तैयारियां की गई है। कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी भी क्यूआर कोड से लगाई गई है।

# होली की तैयारियों को लेकर हुई समिति की बैठक

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**



निरंजनकुंज कॉलोनी स्थित मंदिर में हुई बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार**: होली पर्व को लेकर निरंजन कुंज विकास समिति की बैठक रविवार को महा मातेश्वरी मंदिर परिसर में हुई। समिति के सचिव राजेश शुक्ला ने समिति के अध्यक्ष शिव गोपाल शर्मा ने कॉलोनी वासियों संग उन लोगों को श्रद्धांजलि दी गई, जिनका स्वर्गवास हो चुका है। गत वर्ष की बैठक की कार्रवाई को पढ़कर सुनाया गया। निरंजन कुंज विकास समिति की नवीन कार्यकारिणी के गठन की बात कही गई।

सर्व समिति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। संरक्षक मंडल में एडवोकेट ज्ञानेंद्र अग्रवाल, भूपेंद्र जोशी अध्यक्ष, विजय जायसवाल उपाध्यक्ष, संजीव मिश्रा उर्फ संजू, मनोज अग्रवाल, अंकुर भदौरिया, लालता प्रसाद सागर, राजेश शुक्ला संयुक्त सचिव, कैलाश पंत, प्रदीप मिश्रा, विश्वजीत सिंह, निरंजन सिंह, एडवोकेट प्रश्नजीत और अमित मिश्र, आय व्ययनिरीक्षक विजय प्रताप सिंह, जगदीश सक्सेना, विक्रम सिंह बिष्ट, योगेंद्र सिंह, पप्पू अवस्थी, प्रशांत शुक्ला, रामानुज अवस्थी, राजन सिंह, राकेश कनौजिया, समरेंद्र बहादुर सिंह, भूपेंद्र बहादुर सिंह, लक्ष्य द्विवेदी को जिम्मेदारी दी गई।

- **कई लोगों को सौंपी गई जिम्मेदारी**

समिति सचिव राजेश शुक्ला ने कहा कि इस वर्ष निरंजन कुंज कॉलोनी में कई लोगों का स्वर्गवास होने के कारण होली मिलन समारोह मनाना उचित नहीं है, जिसे सर्वसम्मति से अगले वर्ष तक के लिए स्थगित कर दिया गया। सभासद सुनीता सिंह ने कहा कि कॉलोनी में दो जगह होलिका दहन होता है तो अगले वर्ष प्रयास किया जाएगा की होली एक ही स्थान पर जले, इसके संबंध में एक आगामी बैठक अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में करने का निर्णय लिया गया। मंदिर प्रबंधक पंडित भूपेंद्र जोशी ने बताया कि होलिका दहन का समय तीन मार्च की सुबह पांच बजे रहेगा और रंग चार मार्च को खेला जाएगा। अंत में समिति अध्यक्ष विजय जायसवाल ने आभार जताया।

# सीमावर्ती क्षेत्र के 700 मरीजों का परीक्षण



शिविर में मरीजों की जांच करती टीम। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार** : भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए ग्राम मकरंदापुर (रोशन सिंह) में रविवार को स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 के अंतर्गत आयोजित इस शिविर में 700 मरीजों का पंजीकरण कर उनकी जांच की गई और आवश्यक दवा वितरित की।

हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गिरीश कुमार अनेजा टीम के साथ शामिल हुए। टीम ने मरीजों की जांच कर परामर्श दिया। गंभीर मरीजों को उच्च केंद्रों के लिए रेफर किया गया। खंड सह संपर्क प्रमुख लखविंदर सिंह ने व्यवस्थाएं संभाली, जबकि प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी जिला संयोजक (आरएसएस) अजय सिंह ने निभाई। जिला संघ चालक रामवीर भी मौजूद रहे।

# घर में घुसकर भाइयों को पीटा रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार** : घर में घुसकर सगे भाइयों की पिटाई कर दी गई। शहर के मोहल्ला भूरे खां निवासी जावेद शेख ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि शनिवार शाम पांच बजे मोहल्ला मुनीर खां निवासी सिराज, मेराज, अब्दुला, इब्राहिम, मोबीन, फहाद अपने साथियों संग उसके घर में घुस आए। गाली गलौज करते हुए अभद्रता शुरू कर दी गई। विरोध करने पर हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर भा वसीम बचाने के पहुंचा तो उसको भी पीटा। आरोप है कि जान से मारने की नियत से गला दबाया। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कोतवाली पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# डिजिटल संतुलन स्वस्थ जीवन का आधार

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**



शिविर के तहत गांव पहुंचे स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार**: गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तहत जागरूकता कार्यक्रम हुए। डिजिटल उपवास विषय पर स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों को जागरूक किया।

मुख्य अतिथि डॉ. अरविंद कुमार दीक्षित ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में मोबाइल और सोशल मीडिया का संयमित उपयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सप्ताह में एक दिन डिजिटल उपवास रखने से मानसिक शांति, पारिवारिक संवाद और आत्मचिंतन को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने स्वयं सेवियों को समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.मृदुला शर्मा ने कहा कि डिजिटल संसाधन ज्ञान और प्रगति के साधन हैं, लेकिन इनके अति प्रयोग से सामाजिक एवं मानसिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने स्वयंसेवियों से आह्वान किया कि वे ग्राम स्तर पर लोगों को डिजिटल संतुलन का महत्व समझाएं और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करें। स्वयंसेवियों द्वारा गांव में जागरूकता रैली निकाली गई। मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया। मुख्य वक्ता डॉ.जयनारायण ने कहा कि डिजिटल संतुलन ही स्वस्थ जीवन का आधार है। संचालन अनूप कुमार शुक्ला ने किया। इस मौके पर डॉ.राजिया शकील, शाहिद खान, राहुल मिश्रा, ज्योति, शिवानी देवी, नैना, जोया बी, खुशबू, सरिता देवी, हरनीत कुमार, हर्ष आदि मौजूद रहे।

- **रैली निकालकर ग्रामीणों को किया जागरूक**

# चिंतन दिवस के रूप में मनाया लार्ड बेडेन पावेल का जन्मदिन



स्काउट के बारे में जानकारी देते सचिन सक्सेना। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार**: गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित स्काउट भवन में हुए कार्यक्रम में स्काउटिंग के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल व उनकी पत्नी लेडी बेड़ेन पावेल का जन्मदिन विश्व चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया।

सर्वप्रथम स्काउट गाइड ने परिसर में श्रमदान किया। इसके बाद ध्वज शिष्टाचार हुआ। फिर बेडेन पावेल के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सचिन सक्सेना ने स्काउट गाइड के इतिहास पर प्रकाश डाला। जिला संगठन आयुक्त गाइड शालिनी पांडे ने स्काउट गाइड को सेवा भाव से जीवन यापन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर वीर सिंह गंगवार, अभिषेक प्रजापति, योगेश मौर्य, प्रांजल जायसवाल, अरुण, पवन, कृष्ण, मुस्कान, अनुष्का, कुमकुम, सत्यवती, शिवानी, अंजलि, अपूर्व आदि रहे।

# जिला न्यायाधीश ने दी योजनाओं की जानकारी

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**




वृहद मेगा शिविर में लाभार्थी को लैपटाप व प्रमाण पत्र सौंपते जिला न्यायाधीश रविंद्र कुमार चतुर्थ

**अमृत विचार**: राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर वृहद मेगा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद न्यायाधीश ने इस दौरान जनपद न्यायाधीश समेत अन्य न्यायिक अधिकारियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में आमजनमानस को विस्तार से जानकारी दी। शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल आदि का वितरण किया।

गांधी प्रेक्षागृह में रविवार को आयोजित हुए वृहद मेगा शिविर का आरंभ जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रविंद्र कुमार चतुर्थ ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव नूहिन जैदी द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों एवं उद्देश्यों के बारें में बताया। शिविर में जनपद न्यायाधीश समेत न्यायिक अधिकारियों ने विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी दी। शिविर में 51 समूहों को दीदियों को कैश क्रेडिट लिमिट का डैमो चेक वितरित किया।

- **शिविर में लाभार्थियों को बांटे प्रमाणपत्र, दिव्यांगजनों के लिए बांटी ट्राईसाइकिल**

शिविर में प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार सिन्हा, अपर जनपद न्यायाधीश विजय कुमार डुंगराकोटी, शिविर के नोडल/अपर जनपद न्यायाधीश सुनील कुमार, अपर जनपद न्यायाधीश राम किशोर, अपर जनपद न्यायाधीश अनु सक्सेना, अपर जिला जज त्रिभुवन नाथ पासवान, अपर जिला जज छांगुर राम, अपर जिला जज आतिफ शमीम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंगल देव सिंह, न्यायिक अधिकारी बहाय न्यायालय बीसलपुर दुष्यंत कुमार शर्मा, न्यायिक अधिकारी, ग्राम न्यायालय पूरनपुर अरूण कुमार, एडीएम वित्त प्रसून द्विवेदी, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, डीडीओ संजय कुमार आदि थे।

**तकनीक** | उंगलियों के निशान न मिलने पर बुजुर्ग और मजदूरों को होती थी दिक्कत

# अब आंखों को स्कैन कर होगी रजिस्ट्री की पहचान

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत** :




उप निबंधन कार्यालय भवन।

**अमृत विचार** : संपत्ति पंजीकरण प्रक्रिया को और अधिक सुगम और पारदर्शी बनाने के लिए निबंधन विभाग नई व्यवस्था लागू करने जा रहा है। अब रजिस्ट्री कार्यालयों में क्रेता, विक्रेता और गवाहों के सत्यापन के लिए केवल फिंगरप्रिंट पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। अगर किसी का फिंगरप्रिंट मशीन में मैच नहीं होता है तो रेटीना स्कैन के माध्यम से भी पहचान सुनिश्चित की जाएगी। इससे खासकर बुजुर्गों और श्रमिक वर्ग को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

अब तक रजिस्ट्री के दौरान बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के लिए उंगलियों के निशान ही अनिवार्य थे। लेकिन कई बार अधिक उम्र या लगातार मेहनत-मजदूरी करने वाले लोगों की उंगलियों की रेखाएं हल्की या मिट जाने के कारण मशीन फिंगरप्रिंट स्वीकार नहीं करती थी। ऐसी स्थिति में रजिस्ट्री की प्रक्रिया अटक जाती थी और संबंधित पक्षों को कई दिनों तक कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते थे।

- **निशान न मिलने पर अटक रही थी रजिस्ट्री**
- **आईजी स्टांप ने रेटीना स्कैन का भेजा प्रस्ताव**

### तीनों तहसीलों में लागू की जाएगी नई व्यवस्था

सदर तहसील के साथ-साथ पूरनपुर और बीसलपुर के निबंधन कार्यालयों को भी नए सॉफ्टवेयर और उपकरणों से लैस किया जा रहा है। उप-निबंधकों को निर्देश दिए गए हैं कि यदि किसी भी पक्षकार के फिंगरप्रिंट आने में दिक्कत हो तो तुरंत रेटीना स्कैनर का उपयोग कर सत्यापन पूरा किया जाए।

> फिंगरप्रिंट न आने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए रेटीना स्कैनिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सभी जिला निबंधकों को निर्देश दिए जा रहे हैं कि बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के दौरान किसी भी पक्षकार को परेशानी न हो और नई तकनीकि व्यवस्था का सही ढंग से उपयोग सुनिश्चित किया जाए। - **सतीश कुमार त्रिपाठी**, आईजी स्टांप।

आईजी स्टांप सतीश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वर्तमान में सदर, पूरनपुर और बीसलपुर के रजिस्ट्री कार्यालयों में फिंगरप्रिंट के माध्यम से ही पंजीकरण हो रहा है। कई मामलों में बुजुर्गों की उंगलियों के निशान साफ न आने से दिक्कतें सामने आ रही थीं। कई जगह इसको लेकर रजिस्ट्री फंस गई। ऐसे में लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। इसलिए अब रेटीना स्कैनर मशीनों का उपयोग शुरू किया जाएगा। यह व्यवस्था आधार प्रमाणीकरण की तरह काम करेगी, जिससे गलत पहचान या धोखाधड़ी की संभावना भी काफी हद तक समाप्त हो जाएगी।

रेटीना मशीन की डिमांड की गई है। जिम्मेदारों का कहना है कि 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों या खेतों और कारखानों में काम करने वाले मजदूरों के फिंगरप्रिंट सिस्टम में मैच नहीं हो पाते थे। इसके कारण सॉफ्टवेयर उन्हें रिजेक्ट कर देता था और सत्यापन में देरी होती थी। कई बार मैन्युअल जांच की प्रक्रिया लंबी हो जाती थी। अब रेटीना स्कैन की सुविधा मिलने से आंखों के स्कैन के जरिए आसानी से पहचान सुनिश्चित की जा सकेगी और पंजीकरण की प्रक्रिया बिना रुकावट पूरी होगी।

# उत्तर प्रदेश
## बेहतर स्वास्थ्य, बेहतर भविष्य



विकसित उत्तर प्रदेश UP 2047



उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और व्यापक बनाने के लिए योगी सरकार पिछले पौने नौ वर्षों से निरंतर मिशन मोड में कार्य कर रही है। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों तक पहुंचे, हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हो तथा सुदूर इलाकों तक आधुनिक सेवाओं का विस्तार हो, इन्हीं लक्ष्यों को केंद्र में रखकर सरकार ने स्वास्थ्य व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन किए हैं। 'स्वास्थ्य सबका अधिकार' प्रदेश सरकार के लिए एक नारा नहीं, बल्कि उसकी प्राथमिकता है। इसी प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप 9 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पाँच लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया गया है, ताकि कोई भी व्यक्ति आर्थिक तंगी के कारण इलाज से वंचित न रहे। 'एक जिला एक मेडिकल कॉलेज' के संकल्प के तहत प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। हर जिले में डायलिसिस और सीटी स्कैन जैसी महत्वपूर्ण सेवाएँ उपलब्ध कराई गई हैं, साथ ही हेल्थ एटीएम स्थापित किए गए हैं, जिससे जाँच और उपचार की सुविधाएँ और अधिक सुलभ हो सकें। इसके साथ ही राज्य में मेडिकल डिवाइस पार्क, बल्क ड्रग पार्क और मेडटेक पार्क तेजी से विकसित हो रहे हैं, जो स्वास्थ्य क्षेत्र में नई संभावनाओं को जन्म दे रहे हैं और प्रदेश को मेडिकल टेक्नोलॉजी का उभरता हुआ केंद्र बना रहे हैं। सरकार की सुदृढ़ रणनीतियों, नीतिगत पहलों और प्रभावी क्रियान्वयन से उत्तर प्रदेश को स्वास्थ्य सेवाओं के एक नए युग में प्रवेश कराया है। यह बदलाव आकस्मिक नहीं, बल्कि दूरदर्शिता, दृढ़ संकल्प और जनहित को केंद्र में रखकर किए गए प्रयासों का सशक्त परिणाम है। आज उत्तर प्रदेश बेहतर, आधुनिक और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाले अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है।

## वर्ष 2047 तक स्वास्थ्य के क्षेत्र में रणनीतिक लक्ष्य

- सार्वभौमिक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा की उपलब्धता
- स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के नेटवर्क का सुदृढ़ीकरण
- फार्मा और मेडटेक हब का विकास
- स्वास्थ्य कार्यबल का समग्र विकास
- स्वास्थ्य में एआई और जीनोमिक्स का प्रयोग
- डिजिटल स्वास्थ्य प्रणालियों का क्रियान्वयन





## चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ते कदम

'एक जिला एक मेडिकल कॉलेज' नीति के अंतर्गत प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज संचालित

गोरखपुर में योग एवं नैचुरोपैथी में उत्कृष्ट शोध को बढ़ावा देने हेतु महायोगी गुरु गोरक्षनाथ आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना

गोरखपुर और रायबरेली में एम्स का संचालन

अयोध्या में राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय की स्थापना

वाराणसी में राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना

लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय संचालित

प्रदेश में वर्तमान में 2,110 आयुर्वेदिक, 254 यूनानी एवं 1,585 होम्योपैथिक चिकित्सालयों के साथ ही 8 आयुर्वेदिक कॉलेज एवं उनसे संबद्ध चिकित्सालय, 2 यूनानी कॉलेज एवं उनसे संबद्ध चिकित्सालय तथा 9 होम्योपैथिक कॉलेज एवं संबद्ध चिकित्सालय संचालित





एमडी, एमएस और डिप्लोमा सीटों की संख्या 900 से बढ़ाकर 1,871 हुई, निजी क्षेत्रों में कुल 2,100 पीजी सीटें हैं उपलब्ध

सरकारी क्षेत्रों में 5,250 एम.बी.बी.एस. सीट, निजी क्षेत्र में 6,550 एम.बी.पी.एस. सीट तथा पीपीपी मोड के मेडिकल कॉलेजों में एम.बी.बी.एस. की 350 सीटें उपलब्ध

नर्सिंग में 7,000 सीट्स और पैरामेडिकल क्षेत्र में 2,000 सीटों की वृद्धि

31 नर्सिंग महाविद्यालयों की स्थापना की गई

## पौने नौ सालों में बेहतर होती स्वास्थ्य सुविधाएं




राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस चिकित्सा योजना लागू

प्रदेश के 75 जनपदों में जिला चिकित्सालयों में डायलिसिस की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध

प्रदेश के दूरदराज के मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा टेली कंसल्टेशन की व्यवस्था, अब तक 3.54 करोड़ मरीज लाभान्वित

हर गरीब परिवार को 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क सुरक्षा कवच मिला। अब तक 56.30 लाख लाभार्थियों ने लाभ उठाया

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत देश में सर्वाधिक 5.35 करोड़ लाभार्थियों के कार्ड बनाये गये, अब तक 9 करोड़ से अधिक लाभार्थी आच्छादित

एडवांस लाइफ सपोर्ट सेवा की 250, नेशनल एंबुलेंस सेवा की 2,270 एवं 108 सेवा के तहत 2,200 एंबुलेंस संचालित

प्रदेश के सभी पीएचसी में हेल्थ एटीएम की स्थापना

5,000 नये स्वास्थ्य उप केंद्रों की स्थापना

राज्य में 13.18 करोड़ आभा हेल्थ अकाउंट के निर्माण के साथ उत्तर प्रदेश देश में हैं प्रथम स्थान पर

आयुष्मान भारत योजना प्रदेश के अंतर्गत प्रदेश में 5,834 अस्पताल (जिसमें 2,949 सरकारी और 2,885 निजी अस्पताल शामिल) सूचीबद्ध

**यूपी एआई मिशन**

यूपी एआई मिशन के तहत लगभग 2000 करोड़ रुपये के कार्यक्रम अगले तीन वर्षों में चरणबद्ध रूप से लागू किए जाएंगे, जो उत्तर प्रदेश को स्वास्थ्य सेवाओं में एआई के प्रयोग में देश में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करेंगे



मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों से अब तक 13.50 करोड़ मरीज लाभान्वित

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 6.81 लाख क्षय रोगी पंजीकृत, निक्षय पोषण योजना अंतर्गत इन रोगियों के इलाज के साथ 500 रुपये प्रतिमाह का हो रहा भुगतान

निःशुल्क डायग्नॉस्टिक सेवा के अंतर्गत प्रदेश के 74 जनपदों में सी.टी. स्कैन सेवा उपलब्ध

ADVERTORIAL

# औपचारिकता में प्रयास, कैसे मिले जाम से निजात

## पुलिस और परिवहन विभाग के अफसरों ने किया भ्रमण, दुकानों के आगे अतिक्रमण पर दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



दुकान के आगे खड़ी बाइक हटाने को लेकर व्यापारी से होती बहस। ● अमृत विचार



बाजार में व्यवस्था सुधारने को भ्रमण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** शहर की सड़कों पर जाम की समस्या जस की तस बनी हुई है। न तो अतिक्रमण हटवाया जा सका है, न ही अभी तक पार्किंग की व्यवस्था पुख्ता है। एक दिन पहले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने भी इसे लेकर अफसर और व्यापार मंडल पदाधिकारियों संग मंथन किया। दूसरे ही दिन पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों ने होली पर्व को देखते हुए बाजार पहुंचकर हालात में कुछ सुधार करने के प्रयास किए। हालांकि ये प्रयास नाकाफी और औपचारिक रहे। कुछ हिस्से का भ्रमण कर दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश तो दिए गए लेकिन उसका कोई खास असर सड़कों पर नहीं दिखा है। अधिकारियों के वाहन जाने के बाद तस्वीर जस की तस हो गई।

शहर की सड़कों पर जाम की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। दुकानों के आगे फुटपाथ ही नहीं सड़क घेरकर सामान सजाया जा रहा है। पार्किंग की कोई पुख्ता व्यवस्था न होने के चलते दुकानों के बाहर बेतरतीब खड़े वाहन और बदतर हालात बना देते हैं। इसका समाधान करने के लिए बीते दिनों बैठक कर राज्यमंत्री की अगुवाई में मंथन किया गया।

जाम वाले क्षेत्रों में वन-वे सिस्टम लागू करने के साथ ही अतिक्रमण हटाने को लेकर वार्ता चली। इसमें व्यापारी नेताओं की ओर से भी हामी भरी गई। हालांकि अभी इसे लेकर धरातल पर कोई प्रयास नहीं हो सका है। होली पर्व नजदीक है। ऐसे में बाजार में भीड़ बढ़ चुकी है। जाम के हालात दिन में कई बार बन रहे हैं। रविवार को भी बाजार में काफी भीड़ रही। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, एआरटीओ वीरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और हालात परखे। जेपी रोड, ड्रमंडगंज चौराहा होते हुए मुख्य बाजार की तरफ टीम गई। इस दौरान दुकानों के आगे वाहन खड़े हुए थे और अतिक्रमण भी किया गया था। जिसे लेकर चेतावनी दी गई। नीबू मंडी के आगे छीपीयान चौराहा तक पैदल गए।

इसके बाद वाहन में सवार होकर अफसर निकल गए। इस दौरान कुछ व्यापारी नेता भी साथ रहे। त्योहार पर जाम के समाधान को देखते हुए अधिकारियों के पहुंचने की बात कही जाती रही लेकिन इसका असर नहीं दिखा। दुकानों के आगे अतिक्रमण जस का तस रहा।

- **अधिकारियों के मौके वापस होते ही तस्वीर जस की तस**

> होली को देखते हुए बाजार में जाम की स्थिति न बनें। इसके लिए पुलिस के साथ संयुक्त रुप से भ्रमण कर हालात देखे गए। कई जगह दुकानों के आगे से अतिक्रमण हटवाया भी गया है। बकाया रूट प्लान भी तैयार कराया जा रहा है।
> – **वीरेंद्र सिंह**, एआरटीओ

### ...और भिड़ गया एक दुकानदार

अधिकारी भ्रमण करते हुए आगे की तरफ निकल गए थे। पीछे कोतवाली के दरोगा और यातायात पुलिसकर्मी थे। नीबू मंडी के पास एक दुकान के बाहर बेतरतीब तरीके से खड़ी बाइकें हटाने के लिए कहा गया। जिसके बाद दुकानदार भिड़ गया। उसका कहना था कि सिर्फ उसकी दुकान के आगे खड़े वाहन ही दिखाई दिए जबकि अन्य स्थान पर तो और भी बदतर हालात थे। हालांकि दुकानदार के विरोध के बाद पुलिसकर्मी आगे चले गए।

### ऐसा लगा जाम अफसर खुद की गाड़ी निकलवाने को उतरे

जाम की समस्या के समाधान को लेकर अधिकारियों का बाजार में पहुंचना औपचारिक रहा। जाम के चलते पुलिस के वाहन भी फंसे रहे। हालांकि पूरे भ्रमण के दौरान पहले तो स्थानीय लोगों को ऐसा लगा कि मानों अधिकारियों की गाड़ियां जाम में फंस गई और वह उनको ही निकलवाने के लिए उतरे थे।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने समझाया तो माना युवक

**पीलीभीत, अमृत विचार :** पुलिस की सूझबूझ से एक युवक की जान बचाई गई। बता दें कि रविवार को यूपी 112 पर सूचना दी गई कि पूरनपुर क्षेत्र का युवक एक घंटे में खुदकुशी करने जा रहा है। उसका परिवार वालों से विवाद है। इस सूचना पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान संबंधित व्यक्ति मिला। उससे पुलिस ने वार्ता की और उसे समझाया। मिशन शक्ति केंद्र पूरनपुर में बैठाकर काफी देर तक बात की। जिसमें सामने आया कि वह हाईस्कूल तक पढ़ाई किया है। उसके पिता ने उसे डांट दिया था। जिससे क्षुब्ध होकर खुदकुशी करने वाला था। फिलहाल उसे परिवार के सुपुर्द कर दिया है।

### भाईचारे के साथ मनाएं होली और ईद पर्व

**गजरौला, अमृत विचार :** आगामी होली, ईद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन तैयारियां कर रहा है। इसी क्रम में थाना परिसर में रविवार को पीस कमेटी बैठक हुई। जिसमें एसओ ब्रजवीर सिंह ने क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों संग संवाद किया। कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव का संदेश देते हैं, इसलिए सभी को मिल–जुलकर शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। उन्होंने अफवाहों से बचने, सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश साझा न करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। अंत में त्योहारों को मिलजुलकर मनाने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संकल्प दिलाया गया।

### विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के अवध नगर कॉलोनी निवासी अंजलि देवी ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी कॉलोनी के राजेश पुत्र नोखे लाल से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से उसका पति राजेश, सांस सावित्री देवी, ससुर नोखे लाल, ननद गीता और शशि दहेज में सोने की चेन, बाइक और पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। 17 फरवरी को सुबह 11 बजे ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घर से निकाल दिया। दहेज लिए बिना वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# दुष्कर्म के आरोपी की लखनऊ के अस्पताल में मौत

संवाददाता, बरखेड़ा

- **बरेली जेल में बंद था ग्राम ज्योराह कल्याणपुर निवासी सर्वेश**
- **परिवार का आरोप: जेल प्रशासन ने नहीं कराया समय पर इलाज**

**अमृत विचारः** बरेली जेल में सजा काट रहे दुष्कर्म के आरोपी की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई। मृतक के परिवार ने जेल प्रशासन पर इलाज कराने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

बरखेड़ा थाने में 4 सितंबर 2022 को क्षेत्र के एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि उसकी 11 वर्षीय पुत्री तीन सितंबर 2022 को चाऊमीन लेने के लिए गई थी। चाऊमीन के ठेले पर ग्राम ज्योराह कल्याणपुर निवासी सर्वेश पुत्र तिलकराम खड़ा था। वह बच्ची को बहला फुसलाकर ले गया और दुष्कर्म किया। दूसरे दिन बच्ची ने अपने साथ हुई घटना बताई, जिसके बाद परिवार ने कार्रवाई को तहरीर दी थी। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। बताते हैं कि इस मुकदमे में आरोपी सर्वेश पुत्र तिलकराम को सजा हुई। वह बरेली जेल में बंद था। बीमारी के चलते उसे बीते दिनों लखनऊ के अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। अब दुष्कर्म के आरोपी की मौत के बाद उसके परिवार ने जेल प्रशासन पर संगीन आरोप लगाए हैं। मृतक की मां रामदेई का कहना है कि जेल में बंद उनका पुत्र सर्वेश कई महीनों से बीमार चल रहा था। उसका जेल प्रशासन की ओर से इलाज नहीं कराया गया। आरोप लगाया कि चिकित्सक भर्ती कराने के लिए कहते थे लेकिन जेल प्रशासन इस पर ध्यान नहीं देता था। इसकी पूर्व में शिकायतें भी की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि शनिवार को कुछ पुलिसकर्मी घर पर आए थे और जबरन कागज पर हस्ताक्षर कराने का प्रयास करते रहे।

### मृतक का एक वीडियो भी साक्ष्य के तौर पर दिया

मृतक के परिवार ने एक वीडियो भी साक्ष्य के तौर पर दिया है। जिसमें इलाज के दौरान मृतक आरोपी सर्वेश ही बात कह रहा है कि उसकी तबीयत खराब होने पर जेल प्रशासन की ओर से इलाज कराने के लिए ध्यान नहीं दिया गया। फिलहाल परिवार ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# जहरखुरानी से बचाव की जानकारी देंगे परिचालक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **बस रवाना होने से पहले यात्रियों की फोटो भी ली जाएगी**
- **विभाग ने त्यौहार से पहले बढ़ाई सतर्कता, निर्देश जारी**

**अमृत विचार :** होली के त्योहार को देखते हुए रोडवेज विभाग ने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। बसों में सफर करने वाले यात्रियों को अब परिचालक जहरखुरानी गिरोह से सतर्क रहने के लिए जागरूक करेंगे, ताकि त्योहार के दौरान लोग सुरक्षित यात्रा कर सकें।

त्योहार के समय अक्सर बसों में जहरखुरानी गिरोह सक्रिय हो जाते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए विभागीय अधिकारियों ने पहले से ही आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। दिल्ली सहित अन्य बड़े शहरों के लिए संचालित बसों में परिचालक यात्रा के दौरान यात्रियों को संदिग्ध लोगों से सावधान रहने की सलाह देंगे और किसी भी अनजान व्यक्ति से खाने-पीने की चीजें न लेने के लिए जागरूक करेंगे।

इसके अलावा बस रवाना होने से पहले उसमें मौजूद यात्रियों की फोटो भी ली जाएगी, ताकि किसी घटना की स्थिति में पहचान करने में आसानी हो सके। यदि रास्ते में कोई संदिग्ध मामला सामने आता है तो परिचालक संबंधित यात्री को पुलिस के सुपुर्द करेंगे।

एआरएम विपुल पाराशर ने बताया कि होली पर्व को देखते हुए यह व्यवस्था लागू की जा रही है। इससे यात्रियों को सुरक्षित और बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी।

## महिला की जान लेने की कोशिश चलाई गोली

**बीसलपुर, अमृत विचारः** क्षेत्र के ग्राम भगवंतपुर करोड़ की निवासी नेहा पत्नी पवन सिंह ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि वह रविवार को पति के साथ दिल्ली से वापस आई थी। पति दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनका चचिया ससुर राजीव सिंह आकर गाली गलौज करने लगा। आरोपी अवैध रायफल लेकर आया और गोली चला दी। हालांकि वह घायल नहीं हुई। किसी तर आरोपी से रायफल छीनी। प्रेम विवाह से नाराज होकर हमला करने की बात कहते हुए जान का खतरा जताया। पुलिस ने मामले में राजीव सिंह, रेखा और बरेली जनपद के थाना भुता क्षेत्र के ग्राम गनेश खेड़े निवासी राकेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इधर, रायफल छीनने के दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। पुलिस जांच कर रही है।

# चीनी मिल के बहाने सपा जिलाध्यक्ष ने कसा तंज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत




बरखेड़ा क्षेत्र में पीडीए कार्यक्रम को संबोधित करते सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा।

- **बोले- किसानों के लिए मिल चलवाने का किया वादा और अपनी निजी चीनी मिल चला दी**

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष और एक माननीय के बीच बयानबाजी को लेकर गरमाई सियासत बरकरार है। अब बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में हुए पीडीए कार्यक्रम के दौरान सपा जिलाध्यक्ष की ओर से एक माननीय पर सियासी निशाना साधा गया। मंच से उन्होंने मझोला चीनी मिल के चालू न होने का मुद्दा समेत कई बयान दिए। इसके वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।

विधानसभा बरखेड़ा में रविवार को बीएलए प्रशिक्षण और पीडीए कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी की ओर से किया गया। मुख्य अतिथि लखीमपुर के पूर्व एमएलसी शशांक यादव, पूर्व एमएलसी अमित यादव रिंकू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने की। संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर सक्रियता और पीडीए की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया। अतिथियों ने कहा कि समाजवादी विचारधारा की यह एकजुटता ही आने वाले समय में परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगी। इधर, जिलाध्यक्ष ने माइक संभालते ही पहले सपा की नीतियों से अवगत कराते हुए संगठन को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर दिया और कार्यकर्ताओं को सक्रियता का पाठ पढ़ाया। इस दौरान एक माननीय को लेकर भी बयानबाजी हुई।

सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिनके पास किराए का मकान था, वह उनके पास बहुत ही आलीशान बंगला है। उनके जो कार्यालय बने हुए हैं, वह भी अवैध कब्जा करके बने हुए हैं। वह यही नहीं रुके, कहा कि अगर हमारे किसान के पास जरा सी मेड़ इधर-उधर हो गई तो अफसर क्या-क्या करते हैं। मगर उनको लेकर कुछ नहीं किया जाता। उन्होंने नाम लिए बिना कहा कि जो कहते हैं कि हम 135 चीनी मिल चला रहे हैं। वह चुनाव के वक्त ये ऐलान करके गए थे कि हम किसानों के लिए बंद पड़ी मझोला चीनी मिल चलवाएंगे। मगर किसानों के साथ धोखा करके चले गए। मझोला चीनी मिल न कराकर अपनी निजी चीनी मिल चला दी। उन्होंने हमारे किसानों के साथ धोखा किया गया। हमारे बरखेड़ा के किसानों को गन्ने का भुगतान भी समय पर नहीं मिल पाता है।

## किशोरी ने जिला अस्पताल के शौचालय में जन्मा बच्चा, पेट दर्द की दवा लेने आई थी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र की एक किशोरी अपने पिता के साथ अस्पताल पहुंची। उसके पेट में दर्द होने की शिकायत थी। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में पिता संग किशोरी आई थी। वहां उसे अचानक प्रसव पीड़ा हुई। तभी उसने शौचालय जाने को कहा। इस पर जैसे ही वह शौचालय में गई और चंद मिनट बाद ही उसने नवजात को जन्म दे दिया। शौचालय के बाहर पिता मौजूद थे। उसने चिकित्सकों को बुलाया। फिर किशोरी को जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। नवजात को एनआईसीयू वार्ड में पहुंचा दिया है। किशोरी के गर्भवती होने को लेकर तमाम तरह सवाल उठ गए। हालांकि परिजन अनभिज्ञता जता गए। कुछ भी बोलने से बचते नजर आए।

# कुर्की की भूमि से फसल काटकर ले जाने की कोशिश

संवाददाता, मझोला



मौके पर पड़ी कटी फसल और ट्रैक्टर ट्रॉली। ● अमृत विचार

- **न्यूरिया पुलिस को दी गई तहरीर कार्रवाई की मांग**

**अमृत विचारः** कुर्क की गई विवादित भूमि से कुछ लोगों ने जबरन फसल काटकर ले जाने की कोशिश कर दी। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने वाहन को पकड़ लिया। मामले की नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

मझोला के रहने वाले कपिल अग्रवाल पुत्र रामऔतार अग्रवाल के द्वारा पंजीकृत पावर ऑफ अटार्नी के तौर पर पुणे महाराष्ट्र की रहने वाली गुंचा भाटिया पुत्री सुनील कुमार की ओर से न्यूरिया थाने में तहरीर दी गई। जिसमें बताया कि उनके पिता सुनील कुमार के नाम ग्राम खिरका में कृषि भूमि है। जिसमें गन्ने की फसल खड़ी है। आरोप है कुछ लोग जमीन और फसल हड़पने के लिए षड्यंत्र कर रहे हैं। जिसके चलते एसडीएम न्यायालय द्वारा उक्त संपूर्ण विवादित भूमि को कुर्क कर दिया है। उसके प्रभाव से कोई भी पक्ष विवादित भूमि पर कोई गतिविधि, खेती फसल काटना आदि नहीं कर सकता। आरोप है कि इसके बावजूद रविवार को दूसरे पक्ष के लोगों ने कई लोगों को जबरन मौके पर भेजा और उस पर खड़ी फसल को काटकर ले जाने लगे। जानकारी मिलने पर उन्होंने उनके पावर ऑफ अटार्नी कपिल अग्रवाल को बताया। फिर कपिल अग्रवाल ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने फसल काट रहे लोगों को रोका और वाहन पकड़ा। तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# गन्ना लदी ट्रॉली में घुसी पिकअप, युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** असम हाईवे पर गढ़वाखेड़ा चौकी के पास शनिवार देर रात पिकअप अनियंत्रित होकर गन्ने से भरी ट्रॉली में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, चालक गंभीर घायल हो गया।

झांसी जिले के सीपरी बाजार थाना क्षेत्र निवासी राजेंद्र प्रसाद पिकअप चला रहे थे। उनके साथ जालौन जिले के उरई निवासी मोहम्मद अजीम भी सवार थे। दोनों शनिवार रात पूरनपुर की ओर जा रहे थे। इस दौरान गढ़वाखेड़ा चौकी क्षेत्र में आगे चल रही गन्ना लदी ट्रॉली से उनकी पिकअप पीछे से टकरा गई। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण दोनों उसमें फंस गए थे। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। तब तक मोहम्मद अजीम पुत्र शाहबुद्दीन की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर घायल चालक राजेंद्र प्रसाद को तत्काल पूरनपुर सीएचसी ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रभारी एसओ सेहरामऊ उत्तरी संजय कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

## जागरूक मतदाता लोकतंत्र की असली ताकत

**पीलीभीत, अमृत विचारः** पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत रविवार को समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने विभिन्न बूथों का दौरा किया। बूथ लेवल अधिकारियों से अभियान की प्रगति, नए पंजीकरण, संशोधन एवं आपत्तियों से संबंधित जानकारी प्राप्त की। मतदाताओं को आवश्यक संशोधन कराने के लिए प्रेरित किया। कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत जागरूक मतदाता हैं। मताधिकार का प्रयोग करने से पहले मतदाता सूची में अपना नाम सुनिश्चित कर लेना अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर ओम शर्मा, नादिर रजा बरकाती, बबलू शर्मा, मोहित वर्मा आदि मौजूद रहे।

## बाइक की टक्कर से बच्ची घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव गुलड़ा के निवासी नीरज की छह वर्षीय पुत्री दिव्यांशी रविवार को गांव के कुछ बच्चों के साथ बरखेड़ा से बरगदा को जाने वाले मार्ग पर मंदिर के पास फूल तोड़ने गई थी। मंदिर के पास नहर पर फूल तोड़ते समय बरगदा की ओर से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे दिव्यांशी घायल हो गई। उसे निजी अस्पताल भर्ती कराया गया।

# गन्ने की अस्वीकृत प्रजातियों की बुवाई न करें किसान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत




मुख्य गन्ना विकास सलाहकार डॉ. आरसी पाठक।



सबलपुर गांव में हुई गोष्ठी में मौजूद गन्ना किसान। ● अमृत विचार

- **मुख्य गन्ना विकास सलाहकार ने गोष्ठी को किया संबोधित**

**अमृत विचारः** मुख्य गन्ना विकास सलाहकार, चीनी मिल संघ डॉ. आरसी पाठक ने कहा कि किसान रोग-कीट रहित प्रमाणित स्वस्थ बीज तथा वैज्ञानिकों द्वारा अनुशंसित उन्नतशील गन्ना किस्मों की ही बुवाई करें। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक एवं उन्नत गन्ना खेती अपनाने का आह्वान किया। वे रविवार को पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव सबलपुर में हुई बसंतकालीन गन्ना किसान गोष्ठी में किसानों को संबोधित कर रहे थे।

किसान गोष्ठी में मुख्य गन्ना विकास सलाहकार ने कहा कि अस्वीकृत गन्ना किस्मों की बुवाई कदापि न करें, क्योंकि इन किस्मों से न तो पर्याप्त चीनी प्राप्त होती है और न ही संतोषजनक पैदावार मिलती है। बताया कि चीनी मिलों द्वारा ऐसी अस्वीकृत किस्मों की खरीद नहीं की जाती है। इस कारण किसानों को गन्ना मिल पर ले जाने के बाद वापस लौटना पड़ता है तथा आर्थिक हानि उठानी पड़ती है। कहा कि कुछ किसान अस्वीकृत किस्मों का सर्वे अगेती किस्मों में दर्ज करा लेते हैं, जो अंततः किसानों एवं चीनी मिल दोनों के लिए हानिकारक सिद्ध होता है। उन्होंने किसानों को रोग-कीट रहित प्रमाणित स्वस्थ बीज तथा वैज्ञानिकों द्वारा अनुशंसित उन्नतशील गन्ना किस्मों की ही बुवाई करने की सलाह दी। जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने बताया कि बसंतकालीन गन्ना बुवाई के वर्तमान उपयुक्त समय में प्रमाणित स्वस्थ बीज एवं वैज्ञानिक सलाह अपनाकर किसान अधिक उत्पादन एवं आय सुनिश्चित कर सकते हैं।

उन्होंने किसान सहकारी चीनी मिल पूरनपुर क्षेत्र के सभी किसानों से अपील की कि वे केवल स्वीकृत एवं अनुशंसित गन्ना किस्मों की ही बुवाई करें तथा गन्ना आधारित सहफसली प्रणाली अपनाकर अपनी आय में वृद्धि करें। उन्होंने किसानों से गन्ना प्रजाति कोशा. 91269, पीबी 95, को. 1148, बीओ 91 जैसी किस्में न बोने की बात कही। गोष्ठी में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक संजय श्रीवास्तव, मुख्य गन्ना अधिकारी अमित श्रीवास्तव, मुख्य रसायनविद टीपी पाल, सुरेश पाल सिंह, बादाम सिंह, कृष्ण देव बाजपेई, बहादुर सिंह, गुरभाग सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY — अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :- बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा। TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
डॉ. दीपक माहेश्वरी MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली। 9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

# डिजिटल शिक्षा से आकार लेता उत्तर प्रदेश का भविष्य



उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार शिक्षा में डिजिटल क्रांति लाकर प्रत्येक बच्चे को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में आधुनिक कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास और डिजिटल संसाधनों का विस्तार किया जा रहा है। प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक विद्यार्थियों को O-Level, CCC और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन व साइबर सुरक्षा जैसे भविष्यपरक विषयों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 5,000 नए कंप्यूटर शिक्षकों की भर्ती और वर्चुअल शिक्षा की निरंतरता के साथ, उत्तर प्रदेश का युवा वर्ग डिजिटल दक्षता और नवाचार की दिशा में नए मुकाम हासिल कर रहा है।





'शिक्षा के आधार पर ही एक आदर्श समाज और सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण होता है। शिक्षा में संस्कार का विशेष महत्व है। जीवन में सफलता का मार्ग जहां से प्रारंभ हो सकता है, वहीं वास्तव में विद्या है'

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

'शिक्षा न केवल वह नींव है जिस पर हमारी सभ्यता का निर्माण हुआ है, बल्कि यह मानवता के भविष्य की वास्तुकार भी है'

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## गुणवत्तायुक्त और नवोन्मेषी शिक्षा

- स्कूल चलो अभियान और शारदा प्रोग्राम (स्कूल आएं हर दिन) जैसे अभिनव प्रयासों से 40 लाख अतिरिक्त बच्चों का नामांकन। ड्रॉप आउट दर में उल्लेखनीय गिरावट
- शारदा कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में 88,700 बच्चों का परिषदीय विद्यालयों में प्रवेश कराया गया है
- आरटीई के अंतर्गत वर्ष 2016-17 में 22,040 बच्चे अध्ययनरत थे, 2024-25 में यह संख्या बढ़कर 4 लाख 30 हजार से अधिक थी, वहीं 2025-26 में यह संख्या लगभग 1 लाख 41 हजार हो गयी है
- ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 19 मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं हो रहा संतृप्तीकरण
- 25790 परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेज, 880 ब्लॉक रिसोर्स सेंटर्स एवं 5817 विद्यालयों में ICT लैब्स तथा शिक्षकों के उपयोगार्थ 2.61 लाख से अधिक टैबलेट की उपलब्धता को सुनिश्चित करा कर डिजिटल शिक्षा को आगे बढ़ाया जा रहा है
- कमजोर वर्ग की बालिकाओं को कक्षा 12 तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराते हुए समस्त 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को उच्चीकृत किया गया
- गोरखपुर में पूर्वांचल के पहले सैनिक स्कूल का संचालन
- 18 मण्डलों में अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन
- पी. एम. श्री योजना के तहत चयनित विद्यालयों का उच्चीकरण करते हुए ग्रीन विद्यालय के रूप में विकसित करने का निर्णय
- प्री प्राइमरी एवं कक्षा 1 से कक्षा 08 तक से 377 परिषदीय विद्यालयों को मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में उच्चीकृत किया जा रहा है
- प्रदेश में लगभग रू0 4500 करोड़ की बजटीय व्यवस्था के साथ, प्रत्येक जनपद में 2-2 विद्यालयों के लक्ष्य के अंतर्गत कुल 150 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों की स्थापना की जा रही है, जिनमें 1500 छात्र क्षमता के साथ प्री प्राइमरी से कक्षा-12 तक की शिक्षा सुनिश्चित की जाएगी



## डिजिटल सशक्तीकरण

- स्नातक छात्रों को मोबाइल/टेबलेट प्रदान कर डिजिटल शिक्षा से जोड़ा जा रहा है
- समर्थ/सामर्थ (इरप) (एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग) प्रणाली से प्रवेश, पदोनति एनओसी व शिक्षकों की सेवाओं का डिजिटलीकरण
- 41.7 लाख छात्रों का अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) में पंजीकरण
- सरकारी डिग्री कॉलेजों की लाइब्रेरी को शैक्षणिक सामग्री से युक्त प्री-लोडेड टैबलेट से युक्त कर डिजिटल शिक्षा को दिया जा रहा बढ़ावा
- ई-कॉन्टेंट स्टूडियो, ई सुविधा केंद्र, स्मार्ट क्लासरूम और ई-लाइब्रेरी की स्थापना
- पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पेपर लेस क्लासरूम की शुरुआत की गई जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है
- सभी विश्वविद्यालयों, राजकीय अनुदानित महाविद्यालयों तथा अधिकांश स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना



## उच्च शिक्षा की नई दिशा

- 2021-22 से उत्तर प्रदेश ने एनईपी- 2020 के क्रियान्वयन में अग्रणी भूमिका निभाई
- सीबीसीएस, बहु-विषयक शिक्षा, प्रवेश-निकास विकल्प और विषय चयन में लचीलापन लागू किया गया
- भारतीय ज्ञान परंपरा, मूल्य आधारित शिक्षा और शोध-आधारित स्नातक कार्यक्रमों को दिया जा रहा बढ़ावा
- सभी एचईआईएस में एकरुप शैक्षणिक कैलेंडर किया गया है लागू
- ऑनलाइन क्रेडिट के माध्यम से 2 वर्षों में 3 वर्षीय डिग्री पूरी करने की सुविधा की गई प्रदान
- युवाओं को कौशल आधारित रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराने पर जोर

## माध्यमिक शिक्षा का सशक्तीकरण

- अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कुल 34,074 शिक्षकों का चयन
- शिक्षकों के 7,540 नवीन पदों का सृजन
- सेवा निवृत शिक्षकों के पूल से रिक्त पदों पर मानदेय के आधार पर सत्र के अंत तक शिक्षण व्यवस्था, राजकीय 780, सहायता प्राप्त 3222, सहायता प्राप्त संस्कृत 419 रिक्तियों के सापेक्ष अधियाचन प्रेषित
- योग्य शिक्षकों का लिखित परीक्षा के आधार पर चयन
- लोक सेवा आयोग द्वारा 6,808 सहायक अध्यापक चयनित 1,939 प्रवक्ता एवं 219 प्रधानाचार्यो सहित कुल 8,966 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र/पदस्थापन



## रोजगारोन्मुख उच्च शिक्षा

- सीमैप्स-एचई: अंतिम वर्ष के छात्रों को रू0 100/- करोड़ बजट के साथ भुगतानित इंटर्नशिप
- एईडीपी योजना: स्नातक के दौरान एक वर्षीय अप्रेंटिसशिप
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन की कार्य योजना विकसित करने में अग्रणी है उत्तर प्रदेश
- एक मण्डल एक राज्य विश्वविद्यालय की परिकल्पना हुई साकार
- शिक्षा के क्षेत्र में घरेलू /विदेशी निवेश को बढ़ाने के लिये उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति-2024 को लागू किया गया
- एन.सी.सी. प्रशिक्षण अकादमी का जनपद गोरखपुर में निर्माण प्रारंभ
- कौशल पाठ्यक्रम अनिवार्य किए गए, जिसमें 23.9 लाख स्नातक छात्रों को 760 से अधिक ट्रेड्स में कौशल आधारित शिक्षा दी गयी
- शिक्षकों की भर्ती में पारदर्शिता के लिये उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज का किया गया है गठन

ADVERTORIAL

न्यूज ब्रीफ

### गायत्री शक्तिपीठ में विश्व शांति के लिए हुआ यज्ञ

**बीसलपुर, अमृत विचार :** गायत्री शक्तिपीठ में विश्व शांति एवं जनकल्याण के लिए रविवार को यज्ञ एवं सामूहिक जप ध्यान का आयोजन किया गया। यज्ञ के उपरांत गोष्ठी हुई। प्रबंधक सत्यपाल सिंह यादव ने कहा कि शांतिकुंज हरिद्वार के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शांतिकुंज से अप्रैल 2026 में एक शक्ति कलश आ रहा है, जो क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य का संदेश देगा। नवयुग के निर्माण में विचार क्रांति अभियान का संदेश पहुंचाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे गायत्री परिवार बीसलपुर क्षेत्र के समर्पित साधक, गायत्री परिजन अभी से जन संपर्क कर रहे हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में परिजनों ने यज्ञ में आहुतियां दी। सामूहिक जप ध्यान किया गया। श्रद्धालुओं ने यज्ञ शाला की परिक्रमा की। प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ। यज्ञ का अनुष्ठान परिव्राजक राजेंद्र कुमार ने संपन्न कराया।

### खाटू श्याम की निशान यात्रा पर बरसे फूल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** खाटू श्याम की निशान यात्रा बैड बाजों के साथ धूमधाम से निकली गई। कई जगह पुष्प वर्षा से यात्रा का स्वागत किया गया। नगर के मोहल्ला साहूकारा स्थित खाटू श्याम मंदिर से खाटू श्याम की निशान यात्रा रविवार दोपहर 12 बजे शुरू हुई। बाजार कटरा, सराफा बाजार सहित विभिन्न मार्गो से होती हुई पुनः मंदिर पर आकर संपन्न हुई। यात्रा में श्रद्धालु रंग व गुलाल उड़ाते हुए खाटू श्याम की जय जयकार करते चल रहे थे। मंदिर में खाटू श्याम का पूजन किया गया। इस मौके पर साहू आलोक मित्तल, सभासद अनुपम मित्तल, भोला रस्तोगी, अनुज मित्तल, हर्ष, प्रियंक आदि मौजूद रहे। कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया।

### चिनौर गांव में चार जुआरी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार पुलिस को शनिवार की शाम सूचना मिली कि चिनौर गांव में कुछ लोग जुआ खेल रहे है। पुलिस ने दबिश देकर चार जुआरी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए जुआरी चिनौर गांव के विमल सक्सेना, शिव कुमार, गोविंद, धर्मेंद्र है। पुलिस ने 880 रुपये और ताश की गड्डी बरामद की है। पुलिस ने जुआरियों का चालान कर दिया।

# चोर और लुटेरे दे रहे बार-बार घटनाओं को अंजाम, पुलिस व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

## तीन दिन के भीतर जहानाबाद क्षेत्र में बाइक लूट की दूसरी वारदात, पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** तीन दिन के भीतर जहानाबाद क्षेत्र में बाइक लूट की दूसरी वारदात को बदमाशों ने अंजाम दिया। गांव उगनपुर के पास निर्माणाधीन हाईवे पर बदमाशों ने ग्रामीण को रोका और गन प्वाइंट पर लेकर बाइक लूट ली। लगातार हो रही घटनाओं ने पुलिस बंदोबस्त पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

जहानाबाद क्षेत्र में अभी तीन दिन पहले 19 फरवरी को तीन बदमाशों ने ग्राम गौनेरीबदी के रहने वाले पुष्पेंद्र पुत्र मदनलाल की बाइक लूट ली थी। इस घटना से सबक लेने के बजाय जहानाबाद पुलिस लापरवाह बनी रही और एक और वारदात हो गई। ग्राम कुकरीखेड़ा निवासी रवि कुमार के अनुसार वह 21 फरवरी की रात करीब साढ़े 11 बजे ग्राम कल्याणपुर चक्रतीर्थ में दावत में शामिल होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान उगनपुर गांव के पास निर्माणाधीन हाईवे पर पुलिया के निकट पहले से घात लगाए बैठे तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक लिया।

बदमाशों ने गन प्वाइंटर लेकर बाइक लूट ली और विरोध करने पर मारपीट की गई। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी शाही की ओर भाग गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जहानाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से जानकारी की। हालांकि कोई खास क्लू नहीं मिल सका। पुलिस ने आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी की फुटेज चेक कर सुराग जुटाने का प्रयास किया। फिलहाल घटना के बाद पुलिस बंदोबस्त और गश्त पर सवाल उठ गए हैं। इंस्पेक्टर जहानाबाद प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि मामले में लूट की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सुरागरसी को टीम लगी हुई हैं। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

### सुनगढ़ी क्षेत्र में भी अपराधी सक्रिय

सिर्फ जहानाबाद क्षेत्र ही नहीं त्योहारी सीजन के बीच सुनगढ़ी क्षेत्र में भी अपराधी सक्रिय हैं। वल्लभनगर कॉलोनी में बीते दिनों साठ लाख की चोरी की घटना अंजाम दी गई थी। इसके अलावा शनिवार देर शाम इसी कॉलोनी में महिला सफाई कर्मचारी की सोने की चेन भी उड़ा ले गए थे। इन दोनों घटनाओं का सुनगढ़ी पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है।

## ललौरीखेड़ा में श्रमिक के मकान में चोरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


ललौरीखेड़ा गांव में चोरी के बाद मकान में बिखरा सामान।

● तीन माह बाद घर लौटा श्रमिक तो हुई घटना की जानकारी

**अमृत विचार :** जहानाबाद क्षेत्र में चोरों ने बंद घर को निशाने पर लिया। श्रमिक के मकान में घुसे चोर नकदी जेवरात समेट ले गए। श्रमिक तीन माह बाद घर लौटा तो उसे इसकी जानकारी हुई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। फील्ड यूनिट टीम ने भी मौका मुआयना कर जानकारी की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ललौरीखेड़ा गांव के भगवत सरन ने बताया कि वह परिवार के साथ ईंट भट्टे पर काम मजदूरी करते हैं। रविवार को तीन माह बाद घर पहुंचे तो मेन गेट पर ताला लगा हुआ था। अंदर जाने पर कमरों के दरवाजे भी बंद मिले। दरवाजे खोलकर देखा तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी का लॉक टूटा था।अलमारी में रखे सोने के दो टिके, एक जोड़ी चांदी की पायल, बिछुआ, सोने की झुमकी, एक चेन समेत अन्य सामान चोरी हो चुका था। घटना की जानकारी होते ही परिवार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों से पूछताछ की और घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पता चला कि चोर मकान की छत के रास्ते अंदर दाखिल हुए थे। कमरे में खिड़की नहीं लगी होने के कारण आशंका जताई जा रही है कि चोर उसी रास्ते कमरे में घुसे और अलमारी से जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस ने फिंगर प्रिंट टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए, हालांकि अब तक कोई खास सुराग नहीं मिल सका है। पीड़ित भगवत सरन ने बताया कि वह परिवार के साथ गुजरात में काम करते हैं और होली के पर्व को देखते हुए घर लौटे थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बिलसंडा के बाद बरखेड़ा में कुंडल लूटे

**संवाददाता, बरखेड़ा, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम अधकटा निवासी गंगादेई पत्नी मुकेश ने बताया कि 21 फरवरी को दोपहर एक बजे घर के सामने रास्ते पर उपले पाथ रही थी। इस दौरान बाइक सवार दो युवक आए और दोनों कान के कुंडल लूट ले गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बता दें कि एक दिन पूर्व करेली क्षेत्र के ग्राम ढकपुरा में भी इसी तरह से गावं की सरिता के कुंडल लूट लिए गए थे।

## चेयरमैन ने किया एक और सड़क का लोकार्पण


फीता काटकर सड़क की शुरुआत कराती चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल।

● सड़क बनने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी

**पीलीभीत, अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में विकास कार्यों को गति देने के लिए चलाए जा रहे 28 दिन, 28 लोकार्पण अभियान के तहत वार्ड नंबर तीन के मोहल्ला मोहम्मद फारूक की सड़क का चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने लोकार्पण किया। शिलापट का अनावरण किया गया।

सड़क बनने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही जलभराव व कीचड़ की समस्या से राहत मिलेगी। लोकार्पण के दौरान क्षेत्रवासियों ने चेयरमैन का स्वागत किया। कुछ लोगों ने छतों से भी फूल बरसाए और आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सभासद शबनम, विकास बाबू, सभासद साकेत सक्सेना, अमित वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

## सीए के छात्र को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला सुभाषनगर निवासी सार्थक शुक्ला ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि वह सीए का स्टूडेंट है। 18 जनवरी की शाम सात बजे दोस्तों के बुलाने पर मोहल्ला आवास विकास कालोनी में पाकड़ के पास गया। उसने देखा कि दोस्तों के साथ कुछ लोग मारपीट कर रहे है। उसने बीच बचाव कराने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसे डंडे व लोहे की राड से पीटकर घायल कर दिया। उसके दोस्त अर्थव व आशीष जौहरी ने आरोपियों को ललकारा तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। सदर बाजार पुलिस ने अभिषेक उर्फ अक्कू निवासी लालातेली बजरिया थाना सदर बाजार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## कुआडांडा खंजन में आग से दो घर जले

**खुदागंज, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव कुआडांडा खंजन में आग लग जाने से गांव निवासी सुंदरलाल और राजपाल का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू किया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना की सूचना राजस्व अधिकारियों को दी गई है।

# हर ब्लॉक के 10-10 गांवों में विकसित होंगे प्लास्टिक मुक्त मॉडल तालाब

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

मेरा तालाब मेरी जिम्मेदारी

● ग्राम पंचायतों से एडीओ पंचायत के जरिये मांगे गए प्रस्ताव, डीपीआरओ ने जारी किए आदेश

● जनपद में तालाबों को प्लास्टिक मुक्त करने एवं ग्रे वॉटर प्रबंधन की शुरू की जाएगी कवायद

**अमृत विचारः** गांवों के तालाबों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के साथ ही ग्रे-वाटर प्रबंधन को लेकर प्लास्टिक मुक्त मॉडल तालाब विकास कार्यक्रम (मेरा तालाब मेरी जिम्मेदारी) की शुरूआत की गई है। जनपद में प्रथम चरण के तहत प्रत्येक ब्लाक से 10-10 गांवों में प्लास्टिक मुक्त मॉडल तालाब विकसित किए जाने की योजना बनाई है। शासन से मिले दिशा निर्देश के बाद डीपीआरओ ने ग्राम पंचायतों से एडीओ पंचायत के जरिये प्रस्ताव मांगे हैं।

शासन की ओर से गांवों में भूजल को और सुरक्षित करने की दिशा में पहल की गई है। इसको लेकर प्लास्टिक मुक्त मॉडल तालाब विकास कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। शासन स्तर पर बीते दिनों हुई वर्चुअली मीटिंग में ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रे वॉटर एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन योजना (मेरा तालाब मेरी जिम्मेदारी) के बारे में बताया गया। इसके तहत जनपद के 100 ऐसे तालाबों को चिह्नित कर उसे प्लास्टिक मुक्त मॉडल तालाब के रूप में विकसित किए जाने के निर्देश दिए हैं, जिनके आसपास कूड़ा डंपिंग हो और इसकी वजह से नालियां बाधित हों। यह कार्य पंचायती राज विभाग के जरिये किया जाना है। शासन की ओर से लक्ष्य जारी करते हुए इस मामले में जल्द कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए हैं। शासन से मिले दिशा निर्देश के बाद पंचायती राज विभाग ने कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

### चयनित तालाबों पर ये होंगे कार्य

ग्रे-वाटर (रसोई, स्नान, वाशिंग मशीन का अनुपचारित पानी) का उचित प्रबंधन जल संरक्षण, भूजल पुनर्भरण और पर्यावरणीय स्वच्छता के लिए मेरा तालाब मेरी जिम्मेदारी अभियान के अंतर्गत स्थानीय लोगों की सहभागिता से कार्य किए जाएंगें। इसके तहत तालाबों से प्लास्टिक अपशिष्ट हटाने को सफाई अभियान, भविष्य में कूड़ा डंपिंग रोकने, सौंदर्यीकरण आदि कार्य किए जाएंगें।

### 5 हजार से अधिक आबादी वाले गांवों का चयन अनिवार्य

विभागीय अफसरों मुताबिक प्लास्टिक मुक्त मॉडल तालाब विकास कार्यक्रम के तहत प्रथम चरण में प्रत्येक विकासखंड से 10-10 ग्राम पंचायतों का चयन किया जाना है। इस बाबत निदेशक पंचायती राज ने डीपीआरओ से ग्राम पंचायतों का चयन करके डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) उपलब्ध कराने के लिए कहा है। शासन से मिले निर्देशों के बाद डीपीआरओ रोहित भारती ने सभी विकासखंड़ों के एडीओ पंचायत समेत प्रधान-सचिव को दिशा निर्देश जारी किए हैं। जारी पत्र में कहा गया है कि चयन के दौरान 5000 से अधिक आबादी वाली पंचायतों का चयन अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने 24 फरवरी तक ग्राम पंचायतों से एडीओ पंचायत के जरिये प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

"शासन के निर्देशानुसार प्लास्टिक मुक्त मॉडल तालाब विकास कार्यक्रम के अंतर्गत सभी ब्लाकों से दस-दस पंचायतों को चयनित किया जाना है। इसको लेकर सभी एडीओ पंचायत को निर्देशित किया है। - **रोहित भारती**, डीपीआरओ।

## न्यायिक अधिकारी के निधन पर शोक

**पीलीभीत, अमृत विचारः** शहर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी ब्रह्म तेज चतुर्वेदी का विधि व्यवसाय में रहने के दौरान उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में वर्ष 2006 में चयन हो गया था। वह इस समय मथुरा जनपद में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में तैनात थे। रविवार को सुबह उनका निधन हो गया। उनके छोटे भाई राजेश चतुर्वेदी सहित परिवारीजन मथुरा पहुंच गए। वही उनका अंतिम संस्कार हुआ। उनके निधन पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं अधिवक्ता धीरेंद्र मिश्र, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल, ब्राह्मण सभा अध्यक्ष अशोक वाजपेयी, भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ संयोजक आनंद मिश्रा, वृंदावन मौर्य एडवोकेट, संजीव दुबे एडवोकेट, वरिष्ठ अधिवक्ता विद्याधर पांडे आदि ने शोक जताया।

## ज्ञानोपार्जन का सशक्त माध्यम है मातृभाषा


कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचारः** अन्तर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस पर जन शिक्षण संस्थान की ओर से मोहल्ला फीलखाना और ब्लॉक पूरनपुर के मोहल्ला गनेशगंज में संचालित प्रशिक्षण केंद्र संगोष्ठी आयोजित की गई। पूर्व सभासद शमा परवीन ने कहा कि जन्म लेने के बाद मानव जो प्रथम भाषा सीखता है, उसे उसकी मातृ भाषा कहते हैं। यह ज्ञानोपार्जन का सबसे सरल और सशक्त माध्यम है। पूरनपुर में समाजसेवी अर्चना द्विवेदी ने विचार व्यक्त किए।

# स्थापना दिवस पर सम्मानित किए गए मेधावी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



सम्मानित किए गए मेधावियों संग अतिथि एवं कॉलेज के अधिकारी।

**अमृत विचारः** पुष्प इंस्टीट्यूट का 21वां स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम से मनाया गया। 21 साल में कॉलेज के विद्यार्थियों को 32 गोल्ड मेडल मिल चुके हैं। मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, सीएमओ डॉ. आलोक शर्मा रहे। उन्होंने विश्वविद्यालय स्तर पर प्राप्त गोल्ड मेडलिस्ट छात्रों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना से की गई। निदेशक अनुज भटनागर ने मुख्य अतिथि व विभिन्न विद्यालयों से आए प्रधानाचार्यों का स्वागत किया। विश्वविद्यालय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त छात्राओं को सिटी मजिस्ट्रेट व कॉलेज निदेशक द्वारा सम्मानित किया गया। अतिथियों ने छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि देश की सहभागिता में सर्व प्रथम हमें अच्छा नागरिक बनना चाहिए। चेयरमैन हरप्रसाद जायसवाल एवं ट्रस्टी विकास जायसवाल के स्मृति चिन्ह क्रमशः उनके प्रतिनिधि एसपी सिंह, सुनील सिंह को दिए गए।

निदेशक डॉ. एसपीएस संधू ने संस्था को चलाने पर बल दिया। अनुज भटनागर ने अब तक प्राप्त 32 स्वर्ण पदक प्राप्त करने का श्रेय छात्राओं उनके माता पिता व शिक्षकों को दिया। संचालन अरीना खान व सरोज कुमारी ने किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. मोहम्मद सलीम, उप-प्राचार्या डॉ. गीतिका शुक्ला समेत स्टाफ मौजूद रहा।

## मधुमक्खियों के हमले से दो घायल

**शाहजहांपुर,अमृत विचारः** जलालाबाद क्षेत्र में खेत पर चारा काटते समय दो ग्रामीण मधुमक्खियों के हमले से घायल हो गए। एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने पर जलालाबाद सीएचसी पर भर्ती कराया गया। जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव गुरुगांव निवासी विकास यादव और जगपाल रविवार की दोपहर रामापुर गांव के निकट खेत पर जानवरों के लिए चारा काट रहे थे। पेड़ पर लगे मधुमक्खियों के छत्ते में मक्खियां छिड़ गयी। दोनों ग्रामीणों के काट लिया। जगपाल किसी तरह भाग निकला। विकास यादव के ऊपर मधुमक्खियों चिपक गयी। सूचना पर मिलने पर गांव वाले पहुंच गए। विकास यादव के शरीर में कई जगह मधुमक्खियों ने काट लिया था।

# 3 दिवसीय सरस मेला आरंभ, ग्रामीण उत्पादों को मिला मंच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


सरस मेले का उद्घाटन करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष व पालिका चेयरमैन।


मेले में लगे स्टॉल पर उत्पादों की खरीदारी करते जनपद न्यायाधीश रविंद्र कुमार।

● जनपद न्यायाधीश समेत न्यायिक अधिकारियों ने की खरीदारी

● जिला पंचायत अध्यक्ष व पालिका चेयरमैन ने किया उद्घाटन

**अमृत विचारः** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत तीन दिवसीय सरस मेले का शुभारंभ हो गया। मेले में जनपद के 51 स्वयं सहायता समूहों द्वारा विभिन्न उत्पादों एवं हस्तशिल्प के स्टॉल लगाए। इस दौरान जनपद न्यायाधीश समेत अन्य न्यायिक अधिकारियों ने स्टॉलों का अवलोकन कर समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों की खरीदारी की और समूहों का उत्साहवर्धन किया।

शहर के गांधी स्टेडियम में रविवार से तीन दिवसीय सरस मेले का आयोजन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर एवं नगर पालिका चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। मेले में जनपद के 51 स्वयं सहायता समूहों द्वारा 40 स्टॉल लगाए गए। इसमें जरी जरदोजी, जूट के उत्पाद, आर्टिफिशल ज्वेलरी, होली का सामान, मिट्टी के बर्तन, शहद, अचार, मोरिंगा पाउडर आदि के स्टॉलों के साथ मेले को आकर्षित बनाने के लिए फ़ास्ट फूड के स्टॉल एवं बच्चों के लिए झूलों एवं शूटिंग गेम की व्यवस्था की गई हैं।

मेले में जनपद न्यायाधीश रविंद्र कुमार, प्रधान जज फैमिली कोर्ट संजीव कुमार सिन्हा समेत अन्य न्यायिक अधिकारियों ने पहुंचकर स्टॉलों का अवलोकन किया और खरीदारी करने के साथ समूहों का उत्साहवर्धन किया। मेले में लोगों से क्षेत्रीय उत्पादों की खरीदारी करने का आह्वान किया गया। इस दौरान एडीएम वित्त प्रसून द्विवेदी, डीडीओ संजय कुमार, उपायुक्त स्वतः रोजगार वंदना सिंह, डीडीएम नाबार्ड, अग्रणी जिला प्रबंधक समेत एनआरएलएम का स्टाफ मौजूद रहा।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन
दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता
क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174



**इफ्तार** सोमवार
सुन्नी : 6:06
शिया : 6:07

**सहरी** मंगलवार
सुन्नी : 5:10
शिया : 5:12

# पुरानी रंजिश में मां के सामने युवक की हत्या

## दूसरे पक्ष के घायल युवक का जिला अस्पताल में चला रहा इलाज, पुरानी रंजिश के चलते खेला खूनी खेल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** फरधान थाना क्षेत्र के गांव खेतौसा में शनिवार देर रात पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद शुरू हुई मारपीट बेकाबू हो गई और धारदार हथियार से किए गए हमले में 20 वर्षीय मीर कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। मां की आंखों के सामने लहूलुहान बेटे को पुलिस जिला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं खूनी संघर्ष में दूसरे पक्ष का भी एक युवक घायल हुआ है, जिसका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।



मृतक मीर कुमार।

मृतक की मां ने गांव के चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों के घर आमने-सामने हैं, जिससे गांव में तनाव का माहौल है। एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।



मृतक के घर पर रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

- गांव में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात

मृतक की मां शांति देवी पत्नी राजाराम ने बताया कि उनके घर के सामने रहने वाले कमलेश कुमार के परिवार से उनकी रंजिश चली आ रही थी। शनिवार देर शाम करीब सात बजे कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि विवाद के दौरान दूसरा पक्ष धारदार हथियार लेकर हमलावर हो गया। उसके बेटे मीर कुमार (20) को घर के बाहर बरामदे में घेरकर धारदार हथियारों से हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा और उठ नहीं सका।

सूचना पर यूपी 112 और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल युवक को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा, जहां रात करीब साढ़े नौ बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक फरधान दिलीप कुमार चौबे ने बताया कि युवक की इलाज के दौरान मौत हुई है। प्रारंभिक जानकारी में शराब के नशे में गाली-गलौज के बाद विवाद बढ़ने की बात सामने आई है। शव का पोस्टमार्टम कराया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। खूनी संघर्ष में दूसरे पक्ष का कमलेश भी घायल हुआ है, जिसका इलाज चल रहा है। मृतक की मां ने गांव के चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।

### चार भाइयों में सबसे छोटा था मीर कुमार

मीर कुमार चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसके बड़े भाई सूरज कुमार, नीरज कुमार और धीरज कुमार हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। मीर कुमार अविवाहित था और गांव में रहकर ट्रैक्टर चलाकर परिवार का सहारा बनता था। उसकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मां शांति देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

### चार महीने पहले भी हुआ था विवाद

बताया जाता है कि करीब चार महीने पहले भी दोनों पक्षों में शराब के नशे में मारपीट हुई थी। उस समय पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस मुकदमा दर्ज किया था। पुराने विवाद की रंजिश अब तक कायम थी। शनिवार रात भी इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो हिंसा में बदल गई और एक युवक की जान चली गई। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया है।

# दुष्कर्म के वांछित आरोपी की संपत्ति कुर्क, मकान सील



आरोपी का सील किया गया मकान। ● अमृत विचार

संवाददाता, मझगईं

- न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचारः** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने नौगवां निवासी वांछित आरोपी रामसागर की चल एवं अचल संपत्ति कुर्क कर ली।

प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि आरोपी रामसागर के खिलाफ वर्ष 2025 में दुष्कर्म का मामला पंजीकृत हुआ था, जिसमें वह लंबे समय से फरार चल रहा है। काफी प्रयासों के बाद भी आरोपी को पकड़ा नहीं जा सका। इस पर पुलिस ने उसके खिलाफ न्यायालय से धारा 85 बीएनएसएस के तहत कुर्की की कार्रवाई का आदेश लिया था। न्यायालय के आदेश पर आरोपी की चल संपत्ति को जब्त कर थाना परिसर में जमा कराया गया। वहीं उसकी अचल संपत्ति के रूप में मकान के मुख्य दरवाजे पर ताला लगाकर सील कर दिया गया।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके पर सभी कानूनी औपचारिकताएं भी पूरी कीं। कुर्की टीम में एसआई गौरव सिंह, एसआई रामसुमेर साहनी आदि शामिल रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ई-रिक्शा पर रह गया महिला का बैग, सोने की माला गायब

**मैगलगंज, अमृत विचार :** सीतापुर जिले के गांव नत्थापुर निवासी शशि कार्यक्रम से वापस अपने घर जा रही थीं। रास्ते में उन्हें एक ई-रिक्शा मिला, जिस पर बैठकर उन्होंने हाईवे पर उतरने को कहा। हाईवे पर उतरते समय शशि ने किराया अदा कर दिया, लेकिन उनका बैग ई-रिक्शा पर ही रह गया। बैग में कपड़ों के साथ एक सोने का माला भी रखा था। बैग छूटने का एहसास होने पर महिला ने आसपास खोजबीन की, परंतु ई-रिक्शा चालक का पता नहीं चल सका। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ई-रिक्शा चालक की पहचान और बैग की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### अपना दल कमेरा वादी के जिला सचिव बने राकेश

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** अपना दल कमेरा वादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पटेल आदर्श वर्मा ने क्षेत्र के ग्राम रजौरा निवासी राकेश पटेल की पार्टी के प्रति निष्ठा और लगन को देखते हुए उनको जिला सचिव के पद पर मनोनीत किया है। जिला अध्यक्ष ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### तेज रफ्तार वाहन ने वन्य पशु सेही को कुचला, घायल

**पलिया कलां, अमृत विचार :** पलिया-दुधवा रोड पर मोहल्ला सिंगहिया के पास अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने सड़क पार कर रही एक वन्यजीव सेही को कुचल दिया। इससे वह घायल हो गई। उसकी फोटो और वीडियो वायरल होने पर वन टीम मौके पर पहुंची और तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका।

# धारदार हथियार से हमला युवक का हाथ कटा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- घायल की हालत गंभीर, जिला अस्पताल में भर्ती, बाइक खड़ी करने के विवाद में किया हमला

**अमृत विचारः** कोतवाली सदर क्षेत्र में मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। बाइक खड़ी करने के विवाद में एक युवक की गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। बचाव के दौरान आगे आए हाथ में धारदार हथियार लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मोहल्ला गुड़मंडी निवासी मनीष बाथम ने कि वह शनिवार की रात करीब 8:30 बजे राजापुर मंडी से घर वापस आ रहा था। हीरालाल धर्मशाला के पास मूंगफली खरीदने के लिए रुका था। इसी दौरान पास में बाइक खड़ी करने को लेकर वीरेंद्र निगम से विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर आरोपी ने मीट काटने वाले औजार से गर्दन की ओर वार किया। बचाव में हाथ आगे करने से उसका हाथ गंभीर रूप से कट गया। घटना के बाद आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। इससे वह खून से लथपथ हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। तमाम लोगों की भीड़ जुटने पर आरोपी मौके से भाग निकला। सूचना पर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए और घायल मनीष बाथम को कोतवाली लाए। जहां से पुलिस ने उसे मजरूबी चिट्ठी बनाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दया। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि घायल की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# धर्मांतरण की सूचना पर छापा, दो महिलाओं समेत 3 को दबोचा

- मढ़िया रोड स्थित मकान में चल रहा था धार्मिक कार्यक्रम
- धार्मिक साहित्य व रजिस्टर बरामद, पुलिस जांच में जुटी

संवाददाता, मैगलगंज

**अमृत विचारः** मैगलगंज कस्बे के मढ़िया रोड नई बस्ती खखरा क्षेत्र में रविवार सुबह एक मकान में कथित धर्मांतरण कराए जाने की सूचना से हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं समेत तीन लोगों को हिरासत में ले लिया, जिनसे पूछताछ की जा रही है। सूचना पर पहुंचे मितौली सीओ ने पूरे प्रकरण की जानकारी ली।



मौके पर लगी भीड़ और मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

पुलिस के मुताबिक प्रकाश नाम के व्यक्ति के मकान में करीब 100 महिला-पुरुषों की मौजूदगी में एक धार्मिक सभा आयोजित की जा रही थी। आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान लोगों को मानसिक दबाव और प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा था। सूचना मिलने पर राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के जिला अध्यक्ष समर हिंदू, बजरंग सेना के जिला अध्यक्ष ऋषभ बाजपेई सहित कई कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और पुलिस को अवगत कराया। मौके से धार्मिक साहित्य, बाइबिल तथा नाम दर्ज एक रजिस्टर बरामद किया गया है। पुलिस ने सीतापुर जिले के थाना हरगांव के सहदेवपुरवा निवासी प्रमोद कुमार को हिरासत में लिया है। वह वर्तमान में नई बस्ती खखरा में रहकर कई वर्षों से मजदूरी का कार्य कर रहा था। उनके साथ कौशल्या और किरन को भी हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

बताया जा रहा है कि प्रमोद कुमार पिछले चार वर्षों से क्षेत्र में प्रार्थना सभाएं आयोजित करता रहा है। हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। बाद में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू भी कोतवाली मैगलगंज पहुंचे और तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की। सीओ यादवेंद्र सिंह ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। उनका कहना है कि पुलिस जांच कर कार्रवाई कर रही है।

### धर्मांतरण मामले में रिपोर्ट दर्ज

**मैगलगंज, अमृत विचार :** धर्मांतरण मामले में रविवार की देर शाम पुलिस ने जिलाध्यक्ष गौ सेवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के जिलाध्यक्ष समर गुप्ता लकी की तहरीर पर हिरासत में लिए गए प्रमोद कुमार के खिला धर्म प्रतिषेध अधिनियम 2021 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# प्रधानमंत्री ने की एआई की उपलब्धियों पर चर्चा



गोला में कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते पालिकाध्यक्ष।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- नगर पालिकाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं संग सुनी मन की बात

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में एआई की उपलब्धियां और टी ट्वेंटी वर्ल्ड कप में खेल रही भारतीय क्रिकेट टीम के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय जहां भी जाते हैं, वहां अपने दमखम, प्रतिभा से सभी को चौकाते हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अपने नवीन बूथ संख्या 230 पर कार्यकर्ताओं संग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात को सुना। प्रधानमंत्री ने कहा कि कई देशों के इंडस्ट्री लीडर, इनोवेटर और स्टार्ट-अप सेक्टर से जुड़े लोग एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत मंडपम में एक साथ आए। विभिन्न देशों की टीम से टी ट्वेंटी वर्डकप खेल रहे खिलाड़ियों के विकास में योगदान की बात कही। किसान अब सिर्फ प्रोडक्शन पर ही नहीं, बल्कि क्वालिटी, वैल्यू एडिशन और नए मार्केट पर भी ध्यान दे रहे हैं। इस दौरान विनोद वर्मा, अशोक सक्सेना, शत्रोहन मिश्रा, रविन्द्र कटियार, आदि रहे।

# दुर्घटना में घायल अधेड़ की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** कस्बा फरधान निवासी रामविलास बाइक से शनिवार दोपहर बाद रजागंज बाजार जा रहे थे। वह भेष बदलकर आसपास की बाजारों में दुकानदारों से पैसे वसूलते थे, जिसका लाइसेंस भी था। ओवरब्रिज के पास गोला की तरफ बाइक मोड़ते ही पीछे से कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह उछलकर ओवरब्रिज की दीवार पर जा गिरे और घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी मौत हो गई।

### बंजारा समाज की बेटी की शादी में की मदद

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** बिजुआ ब्लॉक की ग्राम पंचायत बीबीपुर के मजरा माहूटांडा निवासी बंजारा समुदाय के ओमप्रकाश सिंह की बिटिया की शादी में गोला के एक हॉस्पिटल संचालक डॉ. कौशल वर्मा ने मदद की है। उन्होंने बिटिया के घर पहुंचकर सेफ, कूकर समेत विभिन्न प्रकार के बर्तन, कपड़े, साड़ियां, मिठाइयां और नगदी दी है।

# मुनीम ने की थी गोली मारकर आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- गिरफ्तार ट्रांसपोर्टर समेत दोनों आरोपियों का चालान

**अमृत विचारः** सलेमपुर कोन में मुनीम नितिन अवस्थी की गोली लगने से मौत मामले की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। जांच में साफ हो गया है कि मुनीम की हत्या नहीं की गई थी, बल्कि उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की थी। पुलिस ने हत्या की धारा हटा दी है। पुलिस ने जांच में पाया कि मालिक उसको परेशान कर रहे थे। पुलिस ने गिरफ्तार ट्रांसपोर्टर समेत दोनों आरोपियों का चालान भेज दिया है।

खीरी थाना क्षेत्र के गांव चंदीदीनपुरवा निवासी नितिन अवस्थी लखीमपुर शहर के मोहल्ला गंगोत्री नगर निवासी राहुल मिश्रा का मुनीम था। राहुल की पॉलिटेक्निक सलेमपुर कोन के पास सरिया सीमेंट की दुकान है। वही पर नितिन किराए से रहता था। दुकान की बिक्री का 1.20 लाख रुपया नितिन से गायब हो गया था। आरोप है कि मालिक राहुल और उसका भाई राजा मिश्रा उसे पैसों के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। दो दिन पहले नितिन की दुकान पर संदिग्ध अवस्था में सीने में गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस जांच में एक सुसाइड नोट और कुछ कॉल रिकॉर्डिंग मिली। जिसके आधार पर पुलिस ने साफ कर दिया कि मुनीम की हत्या नहीं की गई थी, बल्कि उसने आत्महत्या की थी। लेकिन जांच में यह भी सामने आया कि राहुल मिश्रा और राजा मिश्रा नितिन को परेशान कर रहे थे। इससे परेशान होकर उसने आत्महत्या की है। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने राहुल मिश्रा और राजा मिश्रा का चालान भेजा गया है।

# मजदूरी का पैसा मांगने पर महिला का सिर फोड़ा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** थाना खीरी क्षेत्र में गांव मरखापुर निवासी मजदूर रामसिंह ने बताया कि उसने गांव के बलवंत के यहां 400 रुपये प्रतिदिन की दर से चार दिन काम किया था, लेकिन आरोपी मजदूरी नहीं दे रहे थे। मांगने पर आजकल कर उसे टरका रहे थे। शुक्रवार को भी उसने मजदूरी मांगी थी। इससे आरोपी भड़क गए और रात करीब 12 बजे ठेकेदार सुनील कुमार, धनीराम और बलवंत चार पहिया वाहन से उसके घर पहुंचे। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान ठेकेदार सुनील कुमार ने उसकी दादी सुखरानी (65) के सिर पर लाठी मार दी,, जिससे उनका सिर फट गया और खून बहने लगा। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। एसओ निराला तिवारी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

# गन्ना छील रहे युवक पर बाघ का हमला, हालत गंभीर

संवाददाता, मझगईं

- बेला कलां गांव के पास खेत में घात लगाए बैठा था बाघ

**अमृत विचारः** मझगई रेंज क्षेत्र में रविवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब खेत में काम कर रहे एक युवक पर बाघ ने अचानक हमला कर दिया। इससे युवक घायल हो गया। उसे आनन-फानन में पलिया सीएचसी ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर किया है।

गांव बेला कलां निवासी अरविंद कुमार (35) दोपहर करीब एक बजे गांव के उत्तर दिशा में स्थित अनिल के खेत में गन्ना बीज काट रहा था। इसी दौरान खेत में छिपे बाघ ने अचानक उस पर झपट्टा मार दिया। हमले से अरविंद लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। चीख-पुकार सुनकर पास में मौजूद उसका भाई महेंद्र और अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के शोर मचाने पर बाघ खेतों की ओर भाग गया। परिजन घायल अरविंद को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद बेला कलां और आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से बाघ को पकड़ने की मांग की है।

मझगई रेंज के रेंजर अंकित सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके के लिए रवाना कर दी गई है। क्षेत्र में पिंजरा लगाने और गश्त बढ़ाने की कार्रवाई की जाएगी, ताकि किसी अन्य घटना को रोका जा सके। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अकेले खेतों में न जाएं और सतर्कता बरतें।

# बार एसोसिएशन के महामंत्री ने प्रशासनिक न्यायमूर्ति को सौंपा पत्र

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- ग्राम न्यायालय का क्षेत्राधिकार मूल्यांकन बढ़ाने की मांग

**अमृत विचारः** सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री संदीप अवस्थी ने प्रशासनिक न्यायमूर्ति राजीव सिंह को पत्र सौंपकर ग्राम न्यायालय गोला के विस्तार, ग्राम न्यायालय का क्षेत्राधिकार, मूल्यांकन बढ़ाए जाने की मांग की है।

सीजेएम के माध्यम से उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ लखनऊ के प्रशासनिक न्यायमूर्ति राजीव सिंह को सौंपे पत्र में सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री संदीप कुमार अवस्थी ने कहा है कि ग्राम न्यायालय गोला को फौजदारी वादों में कोतवाली गोला, थाना हैदराबाद का क्षेत्राधिकार अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है, जिसके चलते मैलानी, भीरा के वादकारियों को क्षेत्र की सुनवाई हेतु लखीमपुर जाना पड़ता है। उन्होंने ग्राम न्यायालय गोला में थाना मैलानी और थाना भीरा क्षेत्र को जोड़े जाने, परगना भूड़ और कुकरा को ग्राम न्यायालय से जोड़े जाने, मूल्यांकन बढ़ाए जाने की मांग की।

ग्राम न्यायालय गोला में सिविल वादों की सुनवाई का मूल्यांकन शुल्क 2500 रुपये है, जबकि पलिया और निघासन में मुंसिफ कोर्ट की स्थापना हो चुकी है ऐसे में गोला ग्राम न्यायालय का क्षेत्राधिकार बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। सौंपे पत्र में कहा है कि ट्रेन से मैलानी से लखीमपुर की दूरी 65 किलोमीटर, मैलानी से गोला की दूरी 30 किलोमीटर वहीं बस से मैलानी से लखीमपुर की दूरी 75 किलोमीटर है। ऐसे में मैलानी से आने वाले वादकरियों का क्षेत्र गोला ग्राम न्यायालय से जुड़ने में समय और धन की बचत होगी और वादकारी समय से पैरवी भी कर सकेंगे। उन्होंने प्रार्थना पत्र सौंपकर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पत्र सौंपते समय महामंत्री के साथ बार अध्यक्ष रामकुमार गौतम, पूर्व उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता एडवोकेट मौजूद रहे।

# अलीगंज रोड बड़ी नहर पर की साफ-सफाई



अलीगंज रोड स्थित बड़ी नहर पर सफाई करते निरंकारी संत। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** निरंकारी मिशन के प्रोजेक्ट अमृत का तृतीय चरण स्वच्छ जल, स्वच्छ मन की ओर एक सार्थक कदम राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत गोला शाखा द्वारा स्वच्छता अभियान का शुभारंभ विधायक अमन गिरि व मुखी प्रमिला खुराना ने अलीगंज रोड स्थित नहर पर सफाई कर किया।

नहर के दोनों और झाड़ियां को साफ कर झाड़ू लगाकर सफाई की तथा सुंदर रंगोली बनाकर युवाओं को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय संचालक रंजीत सिंह, संचालक लालजी प्रसाद, शिक्षक रामनरेश सोनी, हरमोहन सिंह खुराना, सोनू खुराना, तेजराम वर्मा आदि रहे।

# रिश्ता तोड़ने की बात पर मारपीट

**निघासन, अमृत विचारः** ग्राम प्रतापगढ़ मजरा मूड़ाबुजुर्ग निवासी तारकेश्वर ने बताया कि शनिवार शाम करीब 5 बजे शिवनंदन अपने साथी छोटकन्न व बड़कन्न के साथ उसके घर पहुंचा। आरोप है कि शिवनंदन अपनी बेटी रेशमा का शादी का रिश्ता तोड़ने को लेकर कहासुनी करने लगा। विवाद बढ़ने पर तीनों आरोपी घर में घुस आए और गालियां देते हुए लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। बचाने आई पत्नी गायत्री देवी को भी नहीं बख्शा। दोनों को सिर और पीठ में चोटें आई हैं। आरोप है कि आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल तारकेश्वर ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक महेश चंद ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस जांच कर कार्रवाई कर रही है।

खबरें www.amrit vichar.com पर भी पढ़ें

**आवश्यकता है**
- कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया • वार्ड बॉय

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

## न्यूज ब्रीफ

### वर्षा मापी यंत्र की बैटरी चोरी, डेटा संग्रह बाधित

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत मेसर्स 15 मार्च 2025 को ब्लॉक कैंपस ईसानगर में वर्षामापी यंत्र स्थापित किया गया था। फील्ड इंजीनियर मोहम्मद रिजवान के अनुसार 15 जनवरी 2026 की शाम 6 बजे के बाद से मशीन की रीडिंग मिलनी बंद हो गई थी। तकनीकी जांच के दौरान पता चला कि अज्ञात व्यक्ति ने इन्क्लोजर बॉक्स का लॉक तोड़कर बैटरी चोरी कर ली, जिसके कारण डेटा उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में उन्होंने एसडीएम धौरहरा को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही ईसानगर पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई धर्मेंद्र सिंह चंदेल को सौंपी है।

### रास्ते के विवाद में घर में घुसकर मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना खमरिया क्षेत्र के गांव हरदेवपुरवा मजरा मटेहनी निवासी रामश्री पत्नी खेमनलाल ने बताया कि शनिवार को गांव के ही रघुबीर, रमाशंकर और पूनम देवी उसके घर के रास्ते पर जबरन कब्जा करने लगे। उस समय वह घर पर मौजूद नहीं थीं। उनकी पुत्री आरती ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसे गंदी गालियां देते हुए लात-घूसों और लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। बचाव में आई बहू रुचि को भी पीटा गया। इसी दौरान बेटे सुनील को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रिक्शे पर बैठने को लेकर पिता-पुत्री से मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना खीरी के गांव सरखनपुर निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि गांव के बाहर चौराहे पर रिक्शे में बैठने को लेकर उनकी पुत्री सरोजनी की नीरज पुत्र गुड्डू से कहासुनी हो गई। सूचना मिलने पर जब वह मौके पर पहुंचे तो आरोपी ने उनके साथ भी गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी आए दिन रास्ते से गुजरने वाली लड़कियों और महिलाओं पर गलत टिप्पणियां करता है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध खनन में लगी ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी

**पलिया कलां, अमृत विचार :** स्थानीय पुलिस ने अवैध मिट्टी खनन में लगी एक ट्रैक्टर ट्राली को रोक कर जब संबंधित कागजात मांगे, तो ड्राइवर उन्हें न दिखा सका। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लिया है। पुलिस जांच कर रही है।

# कॉरिडोर की पहली वर्षगांठ पर रही शिवोत्सव की धूम

## पालकी शोभायात्रा में हर-हर महादेव और ओम नमः शिवाय की रही गूंज, शाम को दीपोत्सव के साथ भजन संध्या आयोजित

- दिखा आस्था, संस्कृति और उत्साह का अनूठा संगम

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** छोटी काशी स्थित श्रीगोकर्णनाथ कॉरिडोर के भूमि पूजन की पहली वर्षगांठ पर रविवार को दिन से लेकर रात्रि तक शिवोत्सव की धूम रही। दिन में भव्य पालकी शोभायात्रा निकाली गई। डमरू, बैंड, ढोल और ताशों की गूंज के बीच निकली इस शोभायात्रा में श्रद्धा, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धालु हर-हर महादेव और ओम नमः शिवाय के जयघोष करते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए, जिससे पूरा नगर शिवमय हो उठा। शाम को दीपोत्सव के साथ भजन संध्या का आयोजन किया गया।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल शिव मंदिर कॉरिडोर की आधारशिला 22 फरवरी 2025 को स्वयं मुख्यमंत्री ने पौराणिक शिव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रखी थी। वर्षगांठ के अवसर पर पुनः मंदिर परिसर से पूजन-अर्चन के बाद भगवान भोलेनाथ का मुकुट सुसज्जित पालकी में विराजित कर विधायक अमन गिरि के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा शिव मंदिर कॉरिडोर के मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर सिनेमा रोड, लखीमपुर रोड, अशोक चौराहा, मोहम्मदी रोड, पुराना बाईपास, विकास चौराहा, खुटार रोड, अलीगंज रोड और मिल डाइवर्जन रोड होते हुए प्रस्तावित वीआईपी मार्ग से गुजरकर पुनः पौराणिक शिव मंदिर पहुंची। वहां विधि-विधान से पूजन, अर्चन और महाआरती के साथ यात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में शिव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरि, भाजपा युवा नेता धर्मेंद्र गिरि मोंटी, मधुसूदन गिरि, मधुकर गिरि, अजय गिरि, सुरेंद्र शर्मा, रामगुलाम पांडे, अवधेश मिश्रा, केके शुक्ला, आशीष मिश्रा, भोली गिरि, सचिन सिंह, आयुष शुक्ला सहित नगर और क्षेत्र के श्रद्धालु शामिल हुए।



गोला में सड़कों पर उमड़ा शिवभक्तों का रेला। ● अमृत विचार



पालकी यात्रा में मशाल लेकर चलते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### सजी-धजी पालकी बनी आकर्षण का केंद्र

भोलेनाथ की सुसज्जित पालकी शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रही। पारंपरिक वेशभूषा धोती और गमछा में शामिल शिवभक्तों की टोली ने भक्ति का अनूठा दृश्य प्रस्तुत किया। ढोल, डमरू और बैंड की ताल पर महिला-पुरुष श्रद्धालु झूमते-नाचते जय श्री महाकाल और हर-हर महादेव के उद्घोष लगाते रहे। नगर में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कई स्थानों पर जलपान एवं प्रसाद वितरण के लिए स्टॉल भी लगाए गए।

### चेयरमैन की गैरमौजूदगी की रही चर्चा

पारंपरिक पालकी यात्रा के धार्मिक आयोजन के बीच सियासत उस वक्त चर्चा में आ गई जब नगर पालिका परिषद के चेयरमैन विजय शुक्ल रिंकू और उनकी टीम यात्रा में शामिल नहीं हुई। जबकि नगर पालिका परिषद मोहम्मदी के चेयरमैन संदीप मेहरोत्रा कन्हैया मौजूद रहे। गोला चेयरमैन समर्थकों के साथ कैंप कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखते रहे और निरंकारी मिशन के स्वच्छ जल और स्वच्छ मन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। दोनों आयोजनों को उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा किया। इससे राजनीतिक हलकों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया। गौरतलब है कि महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर परिसर में चेयरमैन द्वारा लगवाई गई होर्डिंग्स फाड़े जाने का विवाद सामने आया था। मंदिर समिति पदाधिकारियों ने बिना अनुमति किसी भी होर्डिंग पर आपत्ति जताई थी। चेयरमैन की गैरमौजूदगी को इसी प्रकरण से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि चेयरमैन का कहना है कि मन की बात और निरंकारी मिशन के कार्यक्रम में व्यस्त रहा, जबकि पालकी यात्रा के समय व रूट की जानकारी न होने के कारण वह शामिल नहीं हो सके।

## सुतिया नाले की सफाई कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**संपूर्णानगर, अमृत विचारः** सिंगाही खुर्द वार्ड-1 स्थित छठ घाट, सुतिया नाले पर रविवार को संत निरंकारी मिशन की सम्पूर्णानगर शाखा के तत्वावधान में अमृत प्रोजेक्ट स्वच्छ जल, स्वच्छ मन कार्यक्रम हुआ। मिशन के दास, दासियों, सेवादारों और साध संगत ने सामूहिक रूप से घाट और नाले साफ-सफाई कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

सुबह से ही सेवादल के सदस्यों ने घाट परिसर और नाले में फैली गंदगी को हटाया। प्लास्टिक व अन्य कचरे को एकत्र कर उचित निस्तारण किया। स्थानीय लोगों को जल स्रोतों को स्वच्छ रखने और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए जागरूक किया। इस दौरान सत्संग हुआ। मिशन के पूर्व सद्गुरु बाबा हरदेव सिंह व वर्तमान सद्गुरु माता माता सुदीक्षा महाराज के संदेशों का उल्लेख किया गया। वक्ताओं ने कहा कि जल जीवन का आधार है और इसे संरक्षित करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। कार्यक्रम में चन्द्रशेखर, चंद्र कुमार, अनिल कुमार, संचालक सुरेंद्र कुमार (शिक्षक), अर्जुन सहित सैकड़ों सेवादल सदस्य एवं साध संगत मौजूद रही।

# सात दिवसीय विष्णु महायज्ञ में उमड़ रहे भक्त

संवाददाता, मूड़ा सवारान

**अमृत विचारः** क्षेत्र के प्रसिद्ध सिद्ध बाबा स्थान रसूल पनाह में आयोजित विष्णु महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। पौराणिक विशाल बट वृक्ष में भगवान गणेश की आकृति श्रद्धा और विश्वास की भावना को सबल बना रही है। विकासखंड बिजुआ की ग्राम पंचायत रामापुर के सिद्ध बाबा देव स्थान पर शुक्रवार से प्रारंभ हुए विष्णु महायज्ञ में अयोध्या से आए संत विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यजमानों से यज्ञ में आहुतियां डलवाई जा रही हैं। दिन और रात में हो रही श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए क्षेत्र के कई गांव के लोग पहुंच रहे हैं। यज्ञ स्थल पर मेले जैसा दृश्य है। यह आयोजन समस्त ग्रामीणों के सहयोग से किया गया है। जिसका समापन गुरुवार को भंडारे के साथ किया जाएगा।



वटवृक्ष में बनी भगवान गणेश की आकृति। ● अमृत विचार

# पांच दिवसीय रंग महोत्सव की रूपरेखा तय

संवाददाता, मोहम्मदी

**अमृत विचारः** नगर में होली के अवसर पर आयोजित होने वाले पारंपरिक रंग महोत्सव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। युवा समाज सेवा समिति की बैठक नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पं. राधाकृष्ण मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन अतुल रस्तोगी ने किया। इस वर्ष भी पांच दिवसीय रंग महोत्सव धूमधाम से मनाया जाने को लेकर रूपरेखा तय की गई।

समिति संयोजक अतुल रस्तोगी ने बताया कि रंग महोत्सव की शुरुआत 2 मार्च की रात 8 बजे श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित कवि सम्मेलन से होगी। 3 मार्च को सुबह 8 बजे शिव मंदिर बाजार गंज कोरियाना में यज्ञ व फूलों की होली। 3 मार्च की रात 12 बजे होलिका दहन, 4 मार्च सुबह 9 बजे श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर से प्रथम शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए रवाना होगी। 5 मार्च की सुबह 9 बजे गल्ला मंडी बाजार गंज से द्वितीय रंगारंग शोभायात्रा निकाली जाएगी। 6 मार्च सुबह 11 बजे : देवी स्थान मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह एवं प्रसिद्ध तिगड़ी मेले का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि मोहम्मदी में रंग महोत्सव की परंपरा लगभग 80 वर्षों से चली आ रही है।

बैठक में यह भी तय हुआ कि प्रत्येक परिवार होलिका दहन के लिए अपने घर से लकड़ी और हवन सामग्री लेकर आएगा, जिससे सामूहिक सहभागिता सुनिश्चित हो सके। बैठक में पुष्कर अवस्थी, तुषार कनौजिया, सुमित श्रीवास्तव, राजपाल सिंह, धीरेश प्रताप सिंह, सुशील वर्मा सहित कई सदस्यों ने अपने सुझाव रखे। इस दौरान करतार सिंह, दाताराम श्रीवास्तव, अनिल मिश्रा, सुशील दीक्षित, शैलेन्द्र रस्तोगी, अमर राठौर, लोकेश सिंह, शशांक रस्तोगी आदि मौजूद रहे।



रंग महोत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा बनाते हुए समिति कार्यकर्ता और पदाधिकारी।

- 2 से 6 मार्च तक कवि सम्मेलन समेत होंगे विविध आयोजन

# युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण में रेंजर सम्मानित

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय की रेंजर मीनू देवी को युवा आपदा मित्र परियोजना के अंतर्गत सम्मानित किया गया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से 4 से 10 फरवरी तक आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों के साथ महाविद्यालय के रोवर-रेंजर्स एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया था। प्रशिक्षण के बाद जिले से चयनित नौ आपदा मित्रों को 21 फरवरी को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ हेमंत पाल ने मीनू देवी को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण युवाओं में सेवा, नेतृत्व और आपदा प्रबंधन के प्रति जागरुकता को मजबूत करते हैं। रेंजर लीडर प्रो. ज्योति पंत एवं रोवर लीडर डॉ. अमित सिंह ने भी मीनू देवी को शुभकामनाएं दी।



सम्मानित की गईं रेंजर मीनू।

- 21 फरवरी को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

# गोष्ठी में कवि नंदीलाल को किया याद

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** नगर के दिवंगत वरिष्ठ कवि नंदीलाल की स्मृति में परिवर्तन फाउंडेशन ने बिलोबी पुस्तकालय में विचार गोष्ठी एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन कर उनका स्मरण किया।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवयित्री डॉ. मृदुला शुक्ला मृदु ने नंदीलाल को याद करते हुए कहा कि नंदीलाल एक श्रेष्ठ कवि ही नहीं बल्कि एक नेक इंसान भी थे। कवि शायर विकास सहाय ने कहा नंदीलाल महान विचारक रहे हैं। कवि रमाकांत चौधरी ने कहा कि नंदीलाल जीवन के अंतिम समय तक रचनाकर्म में तपस्यारत रहे। कथाकार सुरेश सौरभ ने कहा कि उनकी रचनाएं समाज की अमूल्य धरोहर हैं। डॉ. स्वाति पांडे ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर अपनी लघुकथा त्याग का भी वाचन किया। कहानीकार वेद प्रकाश वर्मा ने अपनी कहानी तन्हा जिंदगी का वाचन करते हुए नंदीलाल को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कवि विजय बादल, सत्य प्रकाश शिक्षक, श्याम किशोर बेचैन आदि रहे। अध्यक्षता जोगिंदर सिंह चावला ने की। कवि रमाकांत चौधरी को मुख्य अतिथि ने कवि कीर्ति प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।



विचार गोष्ठी में कवि रमाकांत चौधरी को सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

# अंतिम पायदान तक पहुंचे सरकारी योजनाओं का लाभ

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में रविवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजापुर के ओपन आडिटोरियम में आयोजित विशेष मेगा बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर आयोजित हुआ। शिविर में 42 विभागों ने भागीदारी कर आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ उपलब्ध कराया। हाईकोर्ट इलाहाबाद के न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचे।

मुख्य अतिथि प्रशासनिक न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने कहा कि इसके लिए जागरूकता और विभागीय समन्वय बेहद आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

जिला जज शिव कुमार सिंह ने लोगों को विधिक जागरुकता का महत्व समझाया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार कुशवाहा ने कानूनी सहायता योजनाओं की जानकारी दी। संचालन न्यायिक मजिस्ट्रेट मारूफ अहमद और रवि पांडे ने किया। शिविर में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने सात दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल वितरित की। जिला उद्यान अधिकारी मृत्युंजय सिंह ने ड्रिप स्प्रिंकलर प्रणाली और मंझरा स्थित हाईटेक नर्सरी के बारे में किसानों को बताया। उद्यान एवं गन्ना विभाग के स्टॉल पर किसानों की भीड़ देखी गई। जिला गन्ना अधिकारी वेदप्रकाश सिंह ने उन्नत गन्ना प्रजातियों की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण व औषधि वितरण किया गया। विभिन्न स्टॉलों पर राशन कार्ड, खाद-बीज, सिंचाई, उर्वरक, कीटनाशक, बैंक ऋण, बीमा, चिकित्सा कार्ड, निःशुल्क शिक्षा प्रवेश, पेंशन, जल जीवन मिशन, श्रम, पशुपालनआदि के बारे में जानकारी दी गई। बाल पुष्टाहार विभाग ने तीन नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार और तीन गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कराई। साइबर थाना के प्रभारी निरीक्षक हेमंत राय ने ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताए।



कार्यक्रम में मौजूद इलाहाबाद हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायमूर्ति राजीव सिंह।

### मेगा लीगल एड कैम्प में 30 करोड़ के ऋण वितरित

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित मेगा लीगल एड एवं सर्विसेज कैंप में वित्तीय समावेशन को बड़ी गति मिली। जनपद के अग्रणी बैंक इंडियन बैंक के नेतृत्व में 12 सरकारी बैंकों ने स्टॉल लगाकर वृहद ऋण वितरण शिविर आयोजित किया। 100 से अधिक लाभार्थियों को लगभग 30 करोड़ रुपये के ऋणों के डेमो चेक व स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि प्रशासनिक न्यायमूर्ति राजीव सिंह, जिला जज शिव कुमार सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार कुशवाहा व मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने 100 स्वयं सहायता समूहों को 1.50 करोड़ रुपये की सीसीएल का डेमो चेक सौंपा।

# होली के बाद नगर पर तीसरी आंख की रहेगी कड़ी नजर

केके मौर्या, निघासन

**अमृत विचारः** नगर पंचायत क्षेत्र को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। होली के बाद पूरे नगर में लगभग 30 लाख रुपये की लागत से हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इस योजना के तहत नगर के प्रमुख चौराहों, बाजारों और संवेदनशील मार्गों को निगरानी तंत्र से जोड़ा जाएगा। नगर पंचायत चेयरमैन बद्री प्रसाद मौर्य ने बताया कि यह कैमरे नई तकनीक से लैस होंगे। तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहनों की नंबर प्लेट, बाइक सवारों की गतिविधियां और संदिग्ध व्यक्तियों के चेहरे भी साफ और स्पष्ट रूप से रिकॉर्ड किए जा सकेंगे। इससे पुलिस और प्रशासन को अपराध की रोकथाम में बड़ी मदद मिलेगी। नगर वासियों का कहना है कि यह पहल लंबे समय से अपेक्षित थी। त्योहारों और बाजार के व्यस्त समय में सुरक्षा को लेकर चिंताएं बनी रहती थीं। अब सीसीटीवी कैमरों के लगने से लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। नगर पंचायत की इस पहल को आधुनिक और सुरक्षित नगर की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नगर पंचायत प्रशासन का दावा है कि होली के तुरंत बाद कैमरों की स्थापना का कार्य शुरू करा दिया जाएगा और चरणबद्ध तरीके से पूरा नगर निगरानी के दायरे में आ जाएगा। कैमरे लगने से नगर में आए दिन होने वाली छोटी-बड़ी चोरी, बाजारों में भीड़ के दौरान होने वाली जेबकतरी, छेड़छाड़ और सड़क हादसों की घटनाओं पर अंकुश लगाने में यह व्यवस्था कारगर साबित होगी। साथ ही, यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों की पहचान करना भी आसान होगा।



बद्री प्रसाद मौर्य।





नगर पंचायत निघासन कार्यालय। ● अमृत विचार

- आधा किलोमीटर तक साफ रिकॉर्डिंग, नंबर प्लेट और चेहरे की होगी पहचान

### सदर चौराहा बनेगा निगरानी का केंद्र

नगर के व्यस्ततम सदर चौराहे पर चार कैमरे लगाए जाएंगे, जो चारों दिशाओं की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। इसके अलावा पलिया बस अड्डा, लालपुर रोड, सिंगाही रोड स्थित सराफा बाजार, तहसील परिसर के सामने, झंडी रोड पर नानक नगर मोड़, लक्ष्मीनगर और सुभाष नगर वार्ड के बाजार क्षेत्र में कैमरे स्थापित किए जाएंगे। मिर्जागंज और ढखेरवा खालसा जाने वाले मार्ग, तालाब क्षेत्र तथा झोलहू मार्ग को भी इस निगरानी व्यवस्था से जोड़ा जाएगा। इन स्थानों को ट्रैफिक और सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील माना जाता है।

> प्रत्येक कैमरा लगभग आधा किलोमीटर तक की आस-पास की गतिविधियों को रिकॉर्ड करने में सक्षम होगा। कैमरों को सीधे कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा, जहां से लगातार निगरानी की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस को भी फुटेज उपलब्ध कराई जाएगी।
>
> -दिनेश शुक्ला, ईओ नगर पंचायत।



# रोजगार मेले में 45 अभ्यर्थियों का चयन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लखीमपुर के प्रांगण में रविवार को आयोजित रोजगार मेले में कुल 165 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। मेले में ट्रांससियन होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड (ग्रेटर नोएडा), प्रेरणा समूह, अशोक लेलैंड (पंतनगर, रुद्रपुर, उत्तराखंड), आन्या स्किल एज प्राइवेट लिमिटेड, पोलराइज स्मार्ट मीटर तथा जीटी कंप्यूटर एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी सहित अन्य कंपनियां शामिल रहीं।

सुबह से ही संस्थान परिसर में अभ्यर्थियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। पंजीकरण के बाद कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया और उनकी योग्यता के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी की। विभिन्न तकनीकी और अर्द्धकुशल पदों के लिए युवाओं का परीक्षण किया गया। दिनभर चली प्रक्रिया के बाद कुल 45 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों के चेहरे पर खुशी साफ नजर आई और उन्होंने संस्थान प्रशासन का आभार जताया। संस्थान के प्रधानाचार्य पी.के. शाक्यवार ने चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य युवाओं को कौशल के साथ-साथ सही दिशा देना है, ताकि वे अपने परिवार और समाज का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने अन्य अभ्यर्थियों को भी निराश न होने और आगे आने वाले अवसरों के लिए तैयारी जारी रखने की प्रेरणा दी।



रोजगार मेले में प्रतिभाग करते युवा। ● अमृत विचार

- राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में हुआ आयोजन

अमृत विचार



## युवती के लापता होने पर ग्रामीणों ने थाना घेरा

**सीबीगंज, अमृत विचारः** सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव नदोसी में एक युवती के लापता होने पर रविवार को ग्रामीणों ने थाने में प्रदर्शन किया। परिजनों का आरोप है कि गांव का ही एक युवक पहचान छिपाकर युवती से मित्रता कर उसे ले गया। घटना 19 फरवरी की बताई जा रही है।

गांव निवासी वाहिद उर्फ भूरा पुत्र सलीम उर्फ पहलवान युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इस मामले में उसके भाई अनीश की भी संलिप्तता होने का आरोप लगाया गया है। युवती के भाई की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दो अलग-अलग समुदायों से मामला जुड़ा होने के कारण गांव में तनाव की स्थिति बन गई। रविवार को पार्षद पति उमेश गंगवार व पूर्व पार्षद सुखदीश कश्यप के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सीबीगंज थाने का घेराव कर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने आश्वासन दिया कि 24 घंटे में बरामदगी और गिरफ्तारी के लिए प्रयास तेज किए जाएंगे। इसके बाद ग्रामीण शांत हो गए। पु

# लाभार्थियों को चेक सौंपे, आमजन को दी योजनाओं की जानकारी

## जीआईसी ऑडिटोरियम में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर आयोजित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पुलिस कर्मियों को मिले परिवार परामर्श व मध्यस्थता केंद्र पर उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र

**अमृत विचारः** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से रविवार को जीआईसी ऑडिटोरियम में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आमजन को जानकारी दी गई। जिला न्यायाधीश ने कहा कि आज के इस मेगा शिविर की सफलता का श्रेय दूर-दराज से आए लाभार्थियों को जाता है। कार्यक्रम में कई योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह द्वितीय ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर मेगा शिविर का शुभारंभ किया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी के एलएलबी के प्रभाकर सिंह ने स्क्रीन पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का थीम सांग प्रस्तुत किया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के बच्चों ने देश भक्ति से ओतप्रोत सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी।

संचालन अपर जिला जज/एफ टी सी प्रथम राघवेंद्र मणि ने किया। बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल्स लगाए गये थे। सौ से अधिक लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्रदान किया। इस अवसर पर प्राधिकरण की सचिव अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन जया प्रियदर्शिनी ने कार्यक्रम की जानकारी दी। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शासन-प्रशासन की ओर से संचालित योजनाओं से जानकारी देकर आमजन से उनका लाभ प्राप्त करने की अपील की।जनपद न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी ने बारह दिव्यांगजनों में अक्षम व्यक्तियों को व्हीलचेयर और हियरिंग एंड वितरित किए। सीएमओ डॉ विश्राम सिंह ने पांच लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। पीओ कॉमर्शियल कोर्ट ने बीस लाभार्थियों को एफडी, दस लाभार्थियों को लैपटॉप, पांच लाभार्थियों को एनआरएलएम योजना, नंदिनी कृषक योजना व भेड़ पालन योजना, कौशल विकास योजना, सीएम युवा योजनाओं के अंतर्गत पांच-पांच लाभार्थियों को चेक एडीजे प्रथम कु. अफशां ने प्रदान किए। इसके अलावा गन्ना योजना व बीज योजना में छः लाभार्थियों को मिनी किट,दस लाभार्थियों को राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत पांच लाभार्थियों को चेक, दस पुलिस कर्मियों को परिवार परामर्श व मध्यस्थता केंद्र उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। मेगा शिविर के नोडल अधिकारी उमाशंकर कहार ने सभी का आभार जताया।

इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट विजेन्द्र त्रिपाठी, अपर जिला जज अभय श्रीवास्तव, अपर जिला जज तबरेज अहमद एवं रामानंद, अपर जिला जज हेमेंद्र कुमार सिंह, अपर जिला जज देवाशीष एवं कमलेश्वर पांडेय, अपर जिला जज नरेन्द्र कुमार एवं उमाशंकर कहार, अपर जनपद न्यायाधीश अशोक कुमार यादव और ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा उपस्थित रहे।

विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट विजेन्द्र त्रिपाठी, अपर जिला जज अभय श्रीवास्तव, अपर जिला जज तबरेज अहमद एवं रामानंद, अपर जिला जज हेमेंद्र कुमार सिंह, अपर जिला जज देवाशीष एवं कमलेश्वर पांडेय, अपर जिला जज नरेन्द्र कुमार एवं उमाशंकर कहार आदि मौजूद रहे।

## नाम बदलकर पुलिस से बच रहा था आरोपी, 10 साल बाद गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** आईटी एक्ट के मुकदमे में कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद आरोपी पुलिस से बचने के लिए आधार कार्ड में अपना नाम बदलकर रह रहा था। पुलिस ने रविवार को आरोपी को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि दस साल पुराने आईटी एक्ट के मामले में नामजद आरोपी गौरव आहूजा का कोर्ट से वारंट जारी हुआ था। लेकिन आरोपी अपने ही घर में नाम बदलकर रह रहा था। कोर्ट से जब भी वारंट उसके घर जाता था तो वह खुद को जय आहूजा बताकर बच जाता था।

पुलिस ने कई स्रोतों से तस्दीक की तो पता चला कि यही शख्स असली गौरव आहूजा है, जिसने अपना आधार कार्ड भी जय आहूजा के नाम से बनवा लिया है। तब पुलिस ने कोर्ट में स्थिति स्पष्ट की और उसका वारंट गौरव आहूजा उर्फ जय आहूजा करके बनवाया। रविवार को पुलिस ने आरोपी के सही नाम की तस्दीक की। गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत 15 बच्चों को दिए लैपटॉप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, योजना के तहत भी मेधावी छात्राओं को दिए चेक

**अमृत विचारः** कलेक्ट्रेट सभागार में रविवार को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत 15 बच्चों को दिए लैपटॉप दिए गए। इसके साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत भी मेधावी छात्राओं को दिए डमी चेक भी वितरित किए।

कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के तहत कक्षा-9 वीं या उससे ऊपर की कक्षा में अध्ययनरत कुल-15 बच्चों को लैपटॉप वितरित किए गए। इसके अलावा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कक्षा-10 वीं एवं 12वीं की 10-10 मेधावी छात्राओं को 5000-5000 की धनराशि के डमी चेक वितरित किए गए।

जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा ने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड/सामान्य) की पात्रता एवं शर्तों, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के उद्देश्य के विषय से सभागार में उपस्थित समस्त छात्र/छात्राओं को अवगत कराया गया।

मेयर उमेश गौतम ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस भी क्षेत्र में कार्य करें, शतप्रतिशत प्रयास करें ताकि उसकी पहचान स्वयं के नाम से हो सके। विधायक डॉ. एमपी आर्य ने कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग स्वयं के बेहतर भविष्य एवं विकास के क्रम में करें न कि अन्य किसी कार्यों में।

सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि बच्चे अपनी प्रतिभा की पहचान कर समाज और देश के विकास में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, मेयर डॉ. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक डॉ. एमपी आर्य, राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय, डीएम अविनाश सिंह, अपर जिलाधिकारी (नगर) सौरभ दुबे आदि मौजूद रहे।


### कार्यालय ग्राम पं. पदारथपुर वि.खं. भुता, बरेली

पत्रांक : 128 लेखा/कु.नि. वर्ष/2025-26 दिनांक : 17.02.26

**अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पदारथपुर में मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में निम्न कार्य होना है जिसके लिए प्रथम ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, रेता आदि सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 23.02.2026 तक निविदा आमन्त्रण की जाती है जिस फर्म का टेन्डर सबसे कम होगा ग्राम पंचायत द्वारा उसे ही स्वीकार किया जायेगा एवं समस्त निविदाएं उसी दिन 4 बजे खोली जायेंगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | भुता रोड मिसरयार के घर से नत्थू के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 1.73 लाख |
| 2. | नन्हे के मकान से नहर तक पक्का नाला | 1.29 लाख |

अनिल कुमार-सचिव श्रीमती हसीना-प्रधान


## टीईटी अनिवार्यता का विरोध तेज

**बरेली, अमृत विचार :** टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीएफआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश शर्मा के आह्वान पर टीईटी की अनिवार्यता का विरोध रविवार को सोशल मीडिया पर जोर पकड़ता नजर आया। एक्स पर चलाया गया हैशटैग अभियान टॉप ट्रेंड में देखा गया, जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षकों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई।


### कार्यालय नगर पंचायत बिलसण्डा जिला पीलीभीत

पत्रांक : 383/न.पं.बि.-2025-26 दिनांक : 21.02.2026

**आपत्ति आमन्त्रण व निस्तारण हेतु सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ.प्र. शासन, नगर विकास अनुभाग-9 द्वारा जारी अधिसूचना संख्या-912/नौ-9-24-85ज/05टी.सी.-1 लखनऊ दिनांक 28, जून 2024 द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली-2024 की अधिसूचना जारी/प्रख्यापित की गयी है। यह नियमावली उत्तर प्रदेश की समस्त नगर पालिका/नगर पंचायत पर लागू है। नियमावली के नियम-7 के अनुसार नगर पंचायत बिलसण्डा के निम्नलिखित वार्डो में स्थित भवनों/भूखण्डों पर सम्पत्ति कर का आरोपण करते हुए कर निर्धारण किया गया है एवं नियम-8 के अनुसार गृहकर/जलकर निर्धारण सूची तैयार की गयी है। उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली-2024, नियम-9 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके जनसामान्य के अवलोकनार्थ एवं नगर पंचायत बिलसण्डा के 12 वार्डो में से 06 वार्डो की वार्डवार कर निर्धारण सूची का प्रकाशन एवं आपत्तियों की प्राप्ति हेतु दिनांक 09.02.2026 को प्रकाशित किया जा चुका है तथा शेष बचे 06 वार्डो की वार्डवार कर निर्धारण सूची का प्रकाशन एवं आपत्तियों की प्राप्ति हेतु प्रकाशित किया जाता है।

अत: आप सभी अपनी आपत्तियों/सुझाव प्रकाशन की तिथि से एक (01) माह के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत बिलसण्डा भवन में स्वयं/पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि से प्राप्त आपत्तियों/सुझाव का अधिशासी अधिकारी द्वारा नियम-9(3) के अनुसार निस्तारण किया जाएगा। निर्धारण समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर नगर पंचायत बिलसण्डा द्वारा कोई विचार नहीं किया जाएगा। वार्डवार गृहकर/जलकर सूची के प्रकाशन का विवरण निम्नवत् है।

| क्रम. सं. | वार्ड का नाम व संख्या | प्रकाशन का दिनांक | प्रकाशन का स्थान | आपत्ति प्रस्तुत/निस्तारण की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मो. मस्जिद इस्लामनगर-07 | 23.02.2026 से 24.02.2026 | कार्यालय भवन नगर पंचायत बिलसण्डा | प्रकाशन दिनांक से एक माह तक |
| 2. | कहारन बस्ती आदर्शनगर-08 | 23.02.2026 से 24.02.2026 | | |
| 3. | मुख्य बाजार घस्सूगंज एवं गोला रोड-09 | 23.02.2026 से 24.02.2026 | | |
| 4. | आदर्शनगर, दुबेजी एवं सत्संग भवन पुराना महल-10 | 23.02.2026 से 24.02.2026 | | |
| 5. | भारतगंज पजावा-11 | 23.02.2026 से 24.02.2026 | | |
| 6. | इस्नाम नगर पजावा-12 | 23.02.2026 से 24.02.2026 | | |

अधिशासी अधिकारी
न.पचायत बिलसण्डा



### कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर जिला पीलीभीत

पत्रांक : 706/न.पा.परि.बी-2025-26 दिनांक : 21.02.2026

**आपत्ति आमन्त्रण व निस्तारण हेतु सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जात है कि उ.प्र. शासन, नगर विकास अनुभाग-9 द्वारा जारी अधिसूचना संख्या-912/नौ-9-24-85ज/05टी.सी.-1 लखनऊ दिनांक 28 जून 2024 द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दानों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली-2024 की अधिसूचना जारी/प्रख्यापित की गयी है। यह नियमावली उत्तर प्रदेश की समस्त नगर पालिका/नगर पंचायत पर लागू है। नियमावली के नियम-7 के अनुसार नगर पालिका परिषद बीसलपुर के निम्नलिखित वार्डो में स्थित भवनों/भूखण्डों पर सम्पत्ति कर का आरोपण करते हुए कर निर्धारण किया गया है एवं नियम-8 के अनुसार गृहकर/जलकर निर्धारण सूची तैयार की गयी है। उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली-2024, नियम-9 में प्रदत्त शक्तियों का का प्रयोग करके जनसामान्य के अवलोकनार्थ एवं नगर पालिका परिषद बीसलपुर के 25 वार्डो में से 11 वार्डो की वार्डवार कर निर्धारण सूची का प्रकाशन एवं आपत्तियों की प्राप्ति हेतु दिनांक 02.02.2026 को प्रकाशित किया जा चुका है तथा शेष बचे 14 वार्डो की वार्डवार कर निर्धारण सूची का प्रकाशन एवं आपत्तियों की प्राप्ति हेतु प्रकाशित किया जाता है।

अत: आप सभी आपत्तियां/सुझाव प्रकाशन की तिथि से एक (01) माह के अन्दर कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर भवन में स्वयं/पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से लिखित रूप मे प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि से प्राप्त आपत्तियों/सुझाव का अधिशासी अधिकारी द्वारा नियम-9(3) के अनुसार निस्तारण किया जाएगा। निर्धारण समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा कोई विचार नहीं किया जाएगा। वार्डवार गृहकर/जलकर सूची के प्रकाशन का विवरण निम्नवत् है।

| क्रम. सं. | वार्ड का नाम व संख्या | प्रकाशन का दिनांक | प्रकाशन का स्थान | आपत्ति प्रस्तुत/निस्तारण की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मो. दुबे-02 | 23.02.2026 से 24.02.2026 | कार्यालय भवन | प्रकाशन दिनांक से एक माह तक |
| 2. | मो. ग्यासपुर-03 | 23.02.2026 से 24.02.2026 | | |
| 3. | मो. बख्ताबर लाल, मो. दुर्गाप्रसाद-06 | 23.02.2026 से 24.02.2026 | | |
| 4. | मो. हबीबुल्ला खाँ जनूबी-09 | 23.02.2026 से 24.02.2026 | | |
| 5. | मो. हबीबुल्ला खाँ शुमाली-10 | 23.02.2026 से 24.02.2026 | | |
| 6. | मो. ग्यासपुर-11 | 23.02.2026 से 24.02.2026 | | |
| 7. | मो. हबीबुल्ला खाँ शुमाली-13 | 23.02.2026 से 24.02.2026 | | |
| 8. | मो. दुर्गाप्रसाद-14 | 25.02.2026 से 26.02.2026 | | |
| 9. | मो. ग्यासपुर-15 | 25.02.2026 से 26.02.2026 | | |
| 10. | मो. बाजार कटरा, दुर्गाप्रसाद, बख्तावर लाल-17 | 25.02.2026 से 26.02.2026 | | |
| 11. | मो. हबीबुल्ला खाँ जनूबी-18 | 25.02.2026 से 26.02.2026 | | |
| 12. | मो. ग्यासपुर-19 | 25.02.2026 से 26.02.2026 | | |
| 13. | मो. ग्यासपुर-22 | 25.02.2026 से 26.02.2026 | | |
| 14. | मो. ग्यासपुर-23 | 25.02.2026 से 26.02.2026 | | |

राजस्व निरीक्षक न.पा.परि. बीसलपुर अधिशासी अधिकारी न.पा.परि. बीसलपुर


## नंदी लाल को साहित्यकारों ने दी काव्य श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- परिवर्तन फाउंडेशन की ओर से विचार व काव्य गोष्ठी आयोजित

**अमृत विचारः** गोला गोकर्णनाथ के दिवंगत वरिष्ठ कवि नंदी लाल की स्मृति में परिवर्तन फाउंडेशन द्वारा बिलोबी पुस्तकालय में विचार गोष्ठी एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्यकारों और कवियों ने नंदी लाल के व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में बताते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवयित्री डॉ. मृदुला शुक्ला 'मृदु' ने भावुक पंक्तियों के माध्यम से नंदी लाल को स्मरण किया। कवि-शायर विकास सहाय ने कहा कि नंदी लाल एक महान विचारक थे और उनकी कविताएं व ग़ज़लें समाज को सदैव नई रोशनी देती रहेंगी।




वरिष्ठ कवि नंदी लाल को श्रद्धांजलि देते साहित्यकार।

सामाजिक कार्यकर्ता एवं कवि रमाकांत चौधरी ने भी उनके बारे में बताया।

संचालन कर रहे कथाकार सुरेश सौरभ ने अपनी पांडुलिपि 'पापी' से लघुकथाएं 'तीर' और 'लिफाफा' का वाचन किया। डॉ. स्वाति पांडे ने नंदी लाल की पुस्तक 'दिल्ली नजर आई' से रचनाओं का पाठ कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा अपनी लघुकथा 'त्याग' का भी वाचन किया।

कहानीकार वेद प्रकाश वर्मा, कवि विजय बादल और सत्य प्रकाश, कार्यक्रम संयोजक कवि श्याम किशोर 'बेचैन' ने अपनी भावपूर्ण पंक्तियों से नंदी लाल को याद किया।

अध्यक्षता वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता जोगिंदर सिंह चावला ने की। अंत में मुख्य अतिथि ने कवि रमाकांत चौधरी को 'कवि कीर्ति प्रशस्ति पत्र' प्रदान कर सम्मानित किया।

## खड़ी ईको में कार ने मारी टक्कर, एक घायल

संवाददाता, रिठौरा

- मनौनाधाम से दर्शन कर लौट रहे थे यात्री

**अमृत विचार :** मनौना धाम से यात्रा जहानाबाद जा रहे यात्रियों की इको को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इससे एक तीर्थयात्री घायल हो गया। यह अभी संभल भी नहीं पाए थे कि टक्कर मारने वाली कार को एक टैंकर जोरदार टक्कर मारकर फरार हो गया। इस टक्कर के बाद कार पूरी तरह क्षतिगस्त हो गई। इको से जा रहे तीर्थयात्री रिठौरा के पास खरीददारी को उतरे थे। इसलिए कई लोग बच गये है लेकिन दहशत में है।

मनौना धाम से लौटे रहे थाना जहानाबाद के गांव सरौरी -सरौरा के रविंद्र कुमार गंगवार ,वीरेंद्र कुमार, रेशमा गंगवार,पूजा गंगवार, प्रवेश, आशादेवी, अनीता गंगवार,नीतू गंगवार, सहित तीन मासूम बच्चे रविवार शाम को ईको गाड़ी से घर लौट रहे थे। रिठौरा में खरीदारी करने को गाड़ी भुमसेन मंदिर के सामने खड़ी करके खरीदारी करने पैदल जैसे ही आगे बढ़े अचानक पीछे से आई कार ने जोर से टक्कर मारी जिससे रविंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। लोग कुछ समझ पाते इतने में बरेली की ओर से आ रहे तेज गति टैंकर ने भी कार में जोर से टक्कर मार दी। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। अचानक तेज धमका सुनकर लोगों में भगदड़ मच गई। चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता ने घायल को एंबुलेंस से शहर अस्पताल भिजवाया।

## एसडीएम ने बूथों का किया निरीक्षण



पलिया में बूथ का निरीक्षण करते एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार। • अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र के सभी बूथों पर एसआईआर के अंतर्गत रविवार को छुटे पात्र मतदाताओं के नाम जोड़वाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें पहुंचे मतदाताओं को जहां बूथ लेवल अधिकारियों ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया, वहीं एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर बूथों का निरीक्षण कर इस कार्य में लगे बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आज विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान चलाया गया था। जिसके तहत मतदाता केंद्रों पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई थी।जहां मतदाताओं को फॉर्म भरने में सहायता प्रदान की गई। मतदेय स्थलों पर मौजूद बीएलओ ने छुटे पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फार्म 6 भरवाए। उपजिलाधिकारी पलिया ने नगर के रामलीला बालिका इंटर कॉलेज एवं बलदेव वैदिक इंटर कॉलेज के बूथों पर पहुंचकर निरीक्षण किया एवं संबंधित बीएलओ को कुछ दिशा निर्देश भी दिए।

## डीएम ने बूथों पर परखी हकीकत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** मतदाता सूची को दुरुस्त करने को लेकर रविवार को चलाए गए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत सभी मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित किया गया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्वयं मैदान में उतरकर बूथों का औचक निरीक्षण किया।



सविलियन विद्यालय में बीएलओ को दिशा निर्देश देती डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल।

- मतदान स्थलो का लिया जायजा बीएलओ से जानी कार्य प्रगति दिए दिशा- निर्देश

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने ईआरओ/एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह के साथ क्रमशः मतदान स्थल प्राथमिक विद्यालय ईदगाह और संविलियन विद्यालय छाउछ का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। वह सीधे बीएलओ के हेल्प डेस्क पर पहुंचीं, जहां उन्होंने प्राप्त फॉर्म-6 व फॉर्म-8, संलग्न दस्तावेज और निस्तारण की स्थिति को स्वयं देखा।

डीएम ने बीएलओ से दो टूक कहा कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके एक भी पात्र युवा का नाम मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि हर आवेदन की मौके पर जांच कर सही मार्गदर्शन दिया जाए, ताकि किसी भी नागरिक को बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। डीएम ने अभियान की प्रगति पूछते हुए बीएलओ को सक्रिय संपर्क, डोर-टू-डोर जागरूकता और समयबद्ध निस्तारण पर खास जोर दिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने आमजन से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में नहीं है, वे घोषणा पत्र के साथ फॉर्म-6 भरकर बीएलओ को दें या voters.eci.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें, जबकि त्रुटि सुधार के लिए फॉर्म-8 भरा जा सकता है।

सहायता के लिए मतदाता हेल्पलाइन 1950 पर संपर्क करने की अपील की।


### कार्यालय ग्राम पंचायत उडला जागीर वि.ख. बिथरीचैनपुर, बरेली

पत्रांक : 008/निविदा/2025-26 20 फरवरी 2026

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो एवं विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उडला जागीर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचम/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत स्वीकृत निम्न निर्माण कार्यो पर निर्माण सामग्री जैसे-ईट, इंटरलॉकिंग टाइल्स, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, रेत, लोहा आदि जिसका विवरण व मात्रा ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है। गुणवत्तानुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द निविदाएं दिनांक 27.02.2026 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा ग्राम पंचातय मुख्यालय पर दिनांक 27.02.2026 दोपहर 01:00 बजे तक डाली जा सकती है। मोहरबन्द निविदाएं उसी कार्य दिवस में सायं काल 04:00 बजे निविदादाता व निर्धारित कमेटी के समक्ष ग्राम पंचायत में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निविदा खोले जाने से पूर्व कार्यदिवस में निर्धारित शुल्क जमा कर ग्राम पंचायत सचिवालय से प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनु. सामग्री लागत लाख रू. में |
|---|---|---|
| 1. | सलीम के घर से इकरार के घर तक इंटरलॉकिंग रोड/नाली निर्माण कार्य | 1.89 लाख |
| 2. | बुन्दन विरयानी वालों के घर से शब्बीर शाह के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण | 3.17 लाख |
| 3. | नाजमा के घर से नये रोड इंटर कालेज वाले रोड तक सी.सी. व नाली निर्माण | 3.54 लाख |
| 4. | जहीरउद्दीन के घर से रईश खां के घर तक सी.सी./नाली निर्माण | 3.31 लाख |
| 5. | बिथरी रोड से किशनपुर शमशान भूमि तक इंटरलॉकिंग रोड निर्माण | 3.50 लाख |
| 6. | रहीश बेग के घर से कब्रिस्तान तक सी.सी./नाली निर्माण कार्य | 1.64 लाख |
| 7. | नये रोड से इरशाद बेग के खेत तक इंटरलॉकिंग/नाली निर्माण | 2.53 लाख |
| 8. | सावेज के घर से माजिद के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण | 1.37 लाख |
| 9. | हामिद के घर से इसरार के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण | 2.00 लाख |
| 10. | पोशाकी के घर से रिजवान के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण | 3.56 लाख |

किसी भी/समस्त निविदाओं को स्वीकार करने एवं निरस्त करने का अधिकार सचिव, ग्राम पंचायत को निहित होगा। निविदा से सम्बन्धित कोई भी विवाद मा. न्यायालय जनपद बरेली में ही मान्य होगा।

(युधिष्ठिर सिंह) सचिव/ग्रा.वि. अधिकारी (श्रीमती अलीशा नूर) ग्राम प्रधान


## पेड़ से टकराई कार, महिला समेत तीन की मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गलत दिशा से आ रहे वाहन को बचाने के दौरान बरेली-दिल्ली हाईवे पर हुआ भीषण हादसा

**अमृत विचार :** किला क्षेत्र में बरेली-दिल्ली हाईवे पर शनिवार देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि दो साल के बच्चे सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गलत दिशा से आ रहे वाहन को बचाने के दौरान कार के पेड़ से टकराने के कारण दुर्घटना हुई। पुलिस ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। क्षतिग्रस्त कार हटवाकर ट्रैफिक को सुचारू कराया।

जिला रामपुर के कल्याणपुर शहजादनगर निवासी गोविंद बुआ के बेटे राहुल की शादी में शामिल होने थाना शाही क्षेत्र के गांव मंसूरगंज गए थे। मंसूरगंज से बरात सुभाषनगर थाना क्षेत्र के करेली करगैना गांव में आई थी। शनिवार देर रात वह बरात में शामिल होकर कार से लौट रहे थे। किला क्षेत्र के स्वालेनगर के पास बरेली-दिल्ली हाईवे पर गलत दिशा में आए वाहन को बचाने के प्रयास में उनकी कार सड़क किनारे सेमल के पेड़ से टकरा गई।

टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि कार के परखचे उड़ गए। हादसे में कार सवार रामपुर के कल्याणपुर शहजादनगर निवासी मोनी (30) पत्नी गोविंद, गोविंद के पिता खेमकरन (60) व फूफा रामगुलाम (85) निवासी शिवपुरी, थाना मुंडापांडे मुरादाबाद की मौत हो गयी। गोविंद, उनका दो वर्षीय बेटा आर्यन व चाचा राम बहादुर गंभीर घायल हो गए।



जीवन को टुकड़ों में नहीं बांटा जा सकता, उसका 'पूर्णता' में ही विचार किया जाना चाहिए।
–अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व प्रधानमंत्री

## समझौते के संदेश

भारत और ब्राजील के बीच हाल में हुए महत्वपूर्ण समझौते वैश्विक भू-राजनीति में भारत की रणनीतिक पुनर्स्थापना का संकेत हैं। विशेषकर क्रिटिकल और रेयर अर्थ मिनरल्स को लेकर समझौता अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा के बीच हुई वार्ता में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर से आगे ले जाने, एआई और सेमीकंडक्टर सहयोग बढ़ाने तथा महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करने पर सहमति बनी है। इस समझौते का सबसे अहम पक्ष क्रिटिकल मिनरल्स- लिथियम, निकेल, ग्रेफाइट और रेयर अर्थ तत्व पर सहयोग है। वर्तमान में इन खनिजों की वैश्विक आपूर्ति पर चीन का प्रभुत्व है।

भारत, जो इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी स्टोरेज, रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग को विस्तार देना चाहता है, उसके लिए कच्चे माल की स्थिर और विविधीकृत आपूर्ति अनिवार्य है। ब्राजील, जो खनिज संसाधनों से समृद्ध है, भारत के लिए एक स्वाभाविक साझेदार बन सकता है। इस दृष्टि से यह समझौता 'आत्मनिर्भर भारत' की रणनीति को अंतरdराष्ट्रीय आधार देता है। समझौते का पहला लाभ आपूर्ति श्रृंखला का विविधीकरण है। यदि भारत ब्राजील के साथ दीर्घकालिक खनन और प्रसंस्करण समझौते स्थापित करता है, तो वह चीन पर निर्भरता कम कर सकेगा। दूसरा लाभ प्रौद्योगिकी सहयोग है। एआई, ग्रीन एनर्जी और सेमीकंडक्टर में संयुक्त अनुसंधान। तीसरा, सहयोग की सुदृढ़ता; यह करार दिखाता है कि उभरती अर्थव्यवस्थाएं परस्पर साझेदारी से वैश्विक शक्ति संतुलन को प्रभावित कर सकती हैं, हालांकि चुनौतियां भी हैं। जैसे- लॉजिस्टिक्स और परिवहन लागत। दक्षिण अमेरिका से भारत तक खनिजों का आयात भौगोलिक दूरी के कारण महंगा हो सकता है। खनिजों का केवल आयात पर्याप्त नहीं, उनका घरेलू प्रसंस्करण और वैल्यू एडिशन भी जरूरी है। यदि भारत केवल कच्चा माल आयात करता है और उच्च-तकनीकी उत्पाद विदेशों में निर्मित होते हैं, तो लाभ सीमित रहेगा। खनन परियोजनाओं से जुड़े स्थानीय विरोध और पारिस्थितिक चिंताएं इस सहयोग की गति को प्रभावित कर सकती हैं। यह समझौता चीन के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि भारत रणनीतिक संसाधनों के मामले में वैकल्पिक मार्ग तलाश रहा है, हालांकि इसे 'चीन-विरोधी' कदम के रूप में देखना अतिशयोक्ति होगी। अधिक उचित यह कहना होगा कि भारत बहुध्रुवीय आपूर्ति तंत्र की ओर बढ़ रहा है। पाकिस्तान जैसे देशों पर इसका प्रत्यक्ष प्रभाव सीमित होगा, पर क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन में भारत की स्थिति मजबूत होगी। वर्तमान संदर्भ में यह करार भारत की औद्योगिक नीति को गति दे सकता है, विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहन, अक्षय ऊर्जा, रक्षा निर्माण और डिजिटल अवसंरचना में। भविष्य में यदि दोनों देश संयुक्त निवेश कोष, अनुसंधान केंद्र और विनिर्माण इकाइयां स्थापित करते हैं, तो यह साझेदारी 20 अरब डॉलर के व्यापार लक्ष्य से कहीं आगे जा सकती है।

अंततः, भारत–ब्राजील समझौता केवल खनिजों का सौदा नहीं, बल्कि रणनीतिक आत्मनिर्भरता और ग्लोबल साउथ की साझी आकांक्षाओं का प्रतीक है।

### प्रसंगवश

## हरियाणा में महिला सुरक्षा में दर्ज हुआ सुधार



धनीश शर्मा
लेखक

कभी कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथा के कारण आलोचना झेल चुका हरियाणा आज महिला सुरक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक परिवर्तन की मिसाल बनकर उभर रहा है। वर्ष 2025 में राज्य में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में वर्ष 2024 की तुलना में 16.26 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। यह उपलब्धि केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रशासनिक प्रतिबद्धता, प्रभावी पुलिसिंग और सामाजिक जागरूकता के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है।

सीसीटीएनएस के तुलनात्मक विश्लेषण के अनुसार गंभीर अपराधों में भी कमी दर्ज की गई है। दुष्कर्म के मामलों में लगभग 25 प्रतिशत, दुष्कर्म के प्रयास के मामलों में 33 प्रतिशत, छेड़छाड़ के मामलों में करीब 16 प्रतिशत, पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत दर्ज मामलों में लगभग 10 प्रतिशत, अपहरण व किडनैपिंग के मामलों में 17 प्रतिशत से अधिक तथा दहेज मृत्यु जैसे संवेदनशील अपराधों में 11 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि महिला सुरक्षा को लेकर अपनाई गई रणनीतियां प्रभावी रही हैं और अपराधियों में कानून का भय स्थापित हुआ है।

महिला विरुद्ध अपराधों के निपटारे के स्तर पर भी पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली सुदृढ़ रही है। वर्ष 2025 में महिला विरुद्ध अपराधों की वर्कआउट दर लगभग 98 प्रतिशत दर्ज की गई, जो यह दर्शाती है कि मामलों की जांच और कार्रवाई में तेजी लाई गई है। तकनीकी संसाधनों का उपयोग, साक्ष्य संकलन की वैज्ञानिक प्रक्रिया और समयबद्ध चार्जशीट दाखिल करने से न्याय प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनी है। इससे पीड़ित महिलाओं में विश्वास बढ़ा है कि उन्हें न्याय अवश्य मिलेगा।


हरियाणा में महिला सुरक्षा को मजबूत करने के लिए हॉटस्पॉट आधारित विशेष अभियान चलाए गए। छेड़छाड़ संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां सिविल ड्रेस में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। स्कूलों, कॉलेजों, बस स्टैंडों, बाजारों और अन्य भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर निगरानी बढ़ाई गई। असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश गया कि महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार की बदसलूकी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इन अभियानों का सकारात्मक प्रभाव यह रहा कि सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की उपस्थिति और आत्मविश्वास दोनों में वृद्धि हुई है।

तकनीक के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण पहल की गई है। हरियाणा पुलिस द्वारा 'ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम' की शुरुआत एक अभिनव कदम है। इसके माध्यम से अकेले यात्रा करने वाली महिलाएं 'हरियाणा 112' पर स्वयं को पंजीकृत कर सकती हैं और गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचने की निगरानी प्राप्त कर सकती हैं। यह व्यवस्था विशेष रूप से कामकाजी महिलाओं, छात्राओं और रात्रि के समय यात्रा करने वाली महिलाओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। आपातकालीन स्थिति में तुरंत सहायता उपलब्ध कराना इस प्रणाली की बड़ी विशेषता है।

महिला पुलिसकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण देकर उनकी क्षमता को और सशक्त किया गया है। प्रशिक्षण में महिला विरुद्ध अपराधों की रोकथाम, पीड़ितों से संवेदनशील संवाद, परामर्श प्रक्रिया और फीडबैक आधारित पुलिसिंग पर जोर दिया गया। इससे पुलिस और आम जनता के बीच भरोसे का संबंध मजबूत हुआ है। पीड़ित महिलाओं को सुरक्षित वातावरण में अपनी बात रखने का अवसर मिल रहा है, जो न्याय प्रक्रिया के लिए अत्यंत आवश्यक है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# भारत-बांग्लादेश के बीच सुधरने लगे रिश्ते





नवीन गुप्ता
बरेली

बांग्लादेश में लोकतंत्र की बहाली के साथ ही भारत से रिश्ते सुधरने लगे हैं। नई सरकार ने भारतीय नागरिकों के लिए वीजा सर्विस बहाली की घोषणा करके इसके संकेत दे दिए हैं।

बांग्लादेश में लोकतंत्र की बहाली के साथ ही भारत से रिश्ते सुधरने लगे हैं। नई सरकार ने भारतीय नागरिकों के लिए वीजा सर्विस बहाली की घोषणा करके इसके संकेत दे दिए हैं। इसके साथ ही अगरतला से ढाका और कोलकाता मैत्री बस सेवा शुरू करने की पहल भी इसी बात का संकेत है। बांग्लादेश का यह फैसला न सिर्फ पाकिस्तान को परेशान करने वाला है, बल्कि चीन को भी परेशान करने वाला है, क्योंकि चीन और पाकिस्तान को यह लग रहा था कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी अपने पुराने रुख पर कायम रहेगी और भारत से दूरी बनाकर रखेगी, लेकिन प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने इस फैसले के साथ ही यह बता दिया कि उनका देश अब सभी फैसले खुद करेगा। उसकी विदेशी नीति किसी दूसरे देश के इशारे पर संचालित नहीं होगी। इस फैसले को भारत से रिश्ते सुधारने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है, हालांकि अब भारत पर शेख हसीना को लेकर दबाव बनेगा। नई सरकार चाहेगी की भारत सरकार शेख हसीना को उन्हें सौंपे।

बांग्लादेश में 2024 में हुए आंदोलन में प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता गंवानी पड़ी थी। वह किसी तरह जान बचाकर भारत पहुंचीं और यहीं पर शरण लिए हुए हैं। आवामी लीग की मुखिया शेख हसीना और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की मुखिया पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के बीच कट्टर दुश्मनी रही है। बांग्लादेश की सत्ता इन्हीं दोनों महिला नेताओं के आसपास घूमती रही है। शेख हसीना के शासनकाल में ही खालिदा जिया को जेल जाना पड़ा और देहांत से कुछ माह पहले ही वह जेल से बाहर आईं थीं। तारिक रहमान को भी इसी लिए देश छोड़ना पड़ा था।

शेख हसीना की सरकार में भारत और बांग्लादेश के रिश्ते ऊंचाईयों पर रहे, लेकिन खालिदा जिया की सरकार में भारत के विरुद्ध खूब साजिशें हुईं। पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन वहां सक्रिय हुए, तो चीन ने भी वहां पांव पसारा। यहां तक कि बांग्लादेश में आईएसआई ने कई आतंकी संगठन खड़े किए, जिन्होंने भारत के विरुद्ध साजिशें रचीं और कई हमलों को अंजाम भी दिया। शेख हसीना ने इस पर रोक लगाया। ऐसे में शेख हसीना के विरुद्ध शुरू हुए आंदोलन को पाकिस्तान और चीन ने बैकडोर से हवा दी और जब शेख हसीना ने देश छोड़ा तो अपना प्रभाव वहां जमा लिया।

यहां तक कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने तो भारत के चिकन नेक को तोड़ने तक की धमकी दिलवा दी। चिकन नेक तक चीन व पाकिस्तान के अधिकारियों को दौरे भी कराए। भारत विरोधी गतिविधियों के कारण ही दोनों देशों की ओर से वीजा सेवाएं बंद हुईं और बांग्लादेश की क्रिकेट टीम ने सुरक्षा को खतरा बताकर भारत में टी20 विश्वकप खेलने से मना कर दिया। इससे रिश्ते और बिगड़े। यही वजह थी कि पाकिस्तान और चीन को लग रहा था कि नई सरकार के मुखिया भारत के प्रति उसी रुख को अपनाएंगे जो उनकी मां बेगम खालिदा जिया अपनातीं रही हैं, लेकिन तारिक रहमान ने बता दिया है कि उनका अपना एजेंडा होगा और उसी के तहत भारत से रिश्ते सुधारेंगे।

उन्होंने शपथ ग्रहण में पीएम नरेंद्र मोदी को बतौर मेहमान न्योता दिया पर एआई इंपैक्ट समिट में फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ बैठक पहले से ही निर्धारित होने की वजह से पीएम मोदी वहां नहीं जा सके। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश बिड़ला को भेजकर रिश्ते को बहाल करने के संकेत दिए। साथ ही तारिक रहमान को भारत आने का न्योता भी दे दिया। तारिक रहमान के आदेश पर ही अब वीजा सर्विस को बहाल करने का निर्णय लिया और बांग्लादेश हाई कमीशन ने शुक्रवार सुबह टूरिस्ट और मेडिकल वीजा समेत सभी वीजा कैटेगरी के लिए अपने कॉन्सुलर ऑपरेशन खोल दिए।

गुवाहाटी में बांग्लादेश के सहायक उच्चायुक्त रुहुल अमीन ने कछार, करीमगंज और हैलाकांडी जिलों वाली बराक घाटी से बांग्लादेश के लिए वीजा की काफी मांग होने की बात कही है और यह बताया है कि यहां एक वीजा केंद्र खोला जाएगा। बांग्लादेश वीजा केंद्र कब खुलेगा, इसकी तारीख जल्द तय होगी।

बांग्लादेश सरकार के फैसले के बाद भारत ने भी रुख नरम करने का संकेत देते हुए बांग्लादेशी नागरिकों के लिए भी सभी वीजा सर्विस फिर से शुरू करने की तैयारी की बात कही है। प्रधानमंत्री तारिक रहमान जल्द ही भारत की यात्रा का एलान कर सकते हैं। इससे पहले भारत-बांग्लादेश के बीच सड़क मार्ग से व्यापार पर लगे प्रतिबंधों में भी ढील मिलने के संकेत मिलने की उम्मीद है। दोनों देशों ने कुछ वस्तुओं पर प्रतिबंध लगा रखा है।

गौर करने वाली बात यह है कि शेख हसीना की सत्ता से बेदखली में अमेरिका का हाथ माना जा रहा है। ऐसे में नई सरकार पर अमेरिकी दबाव तो लाजिमी है। ट्रेड डील के बाद अमेरिका और भारत के बीच रिश्ते में भी सुधार हुआ है। ऐसे में अब तारिक रहमान की सरकार को भारत से रिश्ते सुधारने में कोई दिक्कत नहीं आएगी। भारत और बांग्लादेश के बीच जैसे-जैसे रिश्ते मजबूत होते जाएंगे, वैसे- वैसे शेख हसीना को सौंपने का दबाव भी भारत पर बढ़ेगा।

यह भारत को तय करना है कि वह शेख हसीना को किस तरीके से बांग्लादेश वापस भेजता है। उन्हें मिली सजा को माफ कराता है या फिर बिना किसी शर्त के सौंप देता है, हालांकि नई सरकार ने यह संकेत दिया है कि वह भारत से संबंध बहाली में शेख हसीना के मुद्दे का आड़े नहीं आने देगा, लेकिन जमात-ए-इस्लामी जैसे कट्टरपंथी संगठनों की संसद में बढ़ी ताकत के बाद प्रधानमंत्री तारिक रहमान के लिए इस मुद्दे को भूल जाना आसान नहीं होगा। कट्टरपंथी ताकतें अभी से ही कई मुद्दों पर सरकार पर दबाव बना रहीं हैं और आंदोलन की चेतावनी भी दे रही हैं।

### आमने सामने



सभी को वह बिहार याद है, जिसे 'जंगलराज' कहा जाता था? उस समय के 'राजा' को बिहार रूपी हस्तिनापुर की चिंता नहीं थी। उन्हें केवल अपने 'दुर्योधन' की फिक्र थी। महाभारत में जैसे युधिष्ठिर के शासन में शांति स्थापित हुई, उसी तरह नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास और शिक्षा के रास्ते पर आगे बढ़ा।
–मैथिली ठाकुर
बीजेपी विधायक

उनके पास ज्ञान की कमी है। कम उम्र में अगर उपलब्धि मिल जाती है, तो इंसान ऐसे ही बोलता है, इसलिए पढ़े-लिखे लोगों की जरूरत है, जिनको देश-दुनिया की जानकारी है। उनको यह पद मिलना चाहिए। ऐसे शब्द का इस्तेमाल उनको नहीं करना चाहिए।
–खेसारी लाल यादव
भोजपुरी कलाकार



# वैश्विक बाजार और भारत में गोल्ड की सच्चाई



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हल्की नरमी और डॉलर में मजबूती से सोने की कीमतों में गिरावट है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि यह गिरावट आगे और तेज हो सकती है?

पिछले कुछ महीनों से सोने की कीमतें निवेशकों, परिवारों और बाजार विशेषज्ञों के बीच चर्चा का प्रमुख विषय बनी हुई हैं। एक समय जब भारत में सोना लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा था, वहीं हाल के दिनों में कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। इसी बीच यह चर्चा भी तेज हुई है कि क्या सोना एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक गिर सकता है और क्या रूस द्वारा अमेरिका को दिए गए किसी प्रस्ताव से भारत में सोना सस्ता होने वाला है। इन सवालों का जवाब समझने के लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था, भू-राजनीतिक घटनाओं और कमोडिटी बाजार की वास्तविक स्थिति को समझना आवश्यक है।

वर्ष 2026 की शुरुआत में सोने की कीमतें अंतर्राष्ट्रीय तनाव, डॉलर की कमजोरी और केंद्रीय बैंकों की भारी खरीद के कारण ऊंचे स्तर पर पहुंच गई थीं। भारत में भी सोने ने ऐतिहासिक ऊंचाई को छुआ, लेकिन फरवरी 2026 तक आते-आते अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हल्की नरमी और डॉलर में मजबूती के कारण सोने की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। इससे निवेशकों के मन में यह सवाल उठने लगा कि क्या यह गिरावट आगे और तेज हो सकती है।

सोने की कीमत को प्रभावित करने वाले कई बड़े वैश्विक कारक होते हैं। जब दुनिया में युद्ध, आर्थिक अनिश्चितता या मंदी का डर बढ़ता है, तो निवेशक सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की ओर जाते हैं और कीमतें बढ़ती हैं। इसके विपरीत जब अर्थव्यवस्था मजबूत दिखाई देती है, ब्याज दरें ऊंची रहती हैं और शेयर बाजार बेहतर प्रदर्शन करते हैं, तो सोने की मांग कुछ कम हो जाती है और कीमतों पर दबाव आता है। हाल के महीनों में अमेरिका की अर्थव्यवस्था से जुड़े कुछ मजबूत संकेत और डॉलर में मजबूती ने सोने की कीमतों पर दबाव बनाया है।

अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि रूस का इससे क्या संबंध है? पिछले कुछ वर्षों में रूस ने पश्चिमी प्रतिबंधों के बीच डॉलर पर निर्भरता कम करने और सोने के भंडार बढ़ाने की नीति अपनाई थी। इससे वैश्विक बाजार में सोने की मांग मजबूत बनी रही, लेकिन हाल के समय में यह चर्चा सामने आई कि यदि रूस अपने भंडार का कुछ हिस्सा बेचता है या अंतरdराष्ट्रीय व्यापार में नई व्यवस्था स्वीकार करता है, तो वैश्विक बाजार में सोने की आपूर्ति बढ़ सकती है, जिससे कीमतों पर दबाव आ सकता है।

यही वह कारण है, जिसके चलते यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि सोना सस्ता हो सकता है, हालांकि यह समझना जरूरी है कि किसी एक देश की नीति से ही सोने की कीमत तय नहीं होतीं। सोने का बाजार पूरी दुनिया से जुड़ा होता है। केंद्रीय बैंकों की खरीद, वैश्विक मुद्रास्फीति, ब्याज दरों का रुख, डॉलर की स्थिति और भू-राजनीतिक तनाव— ये सभी कारक मिलकर सोने की दिशा तय करते हैं, इसलिए केवल रूस की किसी संभावित रणनीति के आधार पर यह कहना कि सोना बहुत तेजी से गिर जाएगा, वास्तविकता से थोड़ा दूर माना जाता है।

भारत के संदर्भ में एक और महत्वपूर्ण पहलू है- आयात और रुपये की स्थिति। भारत अपनी जरूरत का अधिकांश सोना आयात करता है। जब अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में गिरावट आती है या रुपया मजबूत होता है, तो भारत में सोना अपेक्षाकृत सस्ता हो सकता है, लेकिन यदि रुपया कमजोर होता है या आयात शुल्क बढ़ता है, तो अंतर्राष्ट्रीय कीमत कम होने के बावजूद भारत में सोना महंगा बना रह सकता है, इसलिए भारत में सोने की कीमत केवल अंतर्राष्ट्रीय बाजार से तय नहीं होती, बल्कि घरेलू आर्थिक परिस्थितियां भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह भी सच है कि वैश्विक स्तर पर सोने की मांग अभी भी पूरी तरह कमजोर नहीं हुई है।


कई देशों के केंद्रीय बैंक अभी भी अपने भंडार बढ़ा रहे हैं और दुनिया के कई हिस्सों में भू-राजनीतिक तनाव बना हुआ है। ऊर्जा बाजार में अस्थिरता, व्यापार युद्ध की आशंका और वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता जैसे कारक सोने को अभी भी एक सुरक्षित निवेश बनाए हुए हैं। यही कारण है कि विशेषज्ञों का मानना है कि सोने में गिरावट संभव है, लेकिन बहुत बड़ी और स्थायी गिरावट तभी संभव होगी, जब वैश्विक परिस्थितियां पूरी तरह बदलें।

यदि एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक गिरावट की संभावना पर विचार करें, तो यह एक संभावित लेकिन दूर का परिदृश्य माना जा सकता है। इसके लिए कई शर्तें एक साथ पूरी होनी होंगी। जैसे- डॉलर की लगातार मजबूती, ब्याज दरों का लंबे समय तक ऊंचा रहना, केंद्रीय बैंकों की खरीद में भारी कमी और वैश्विक अर्थव्यवस्था का स्थिर और मजबूत रहना। वर्तमान परिस्थितियों में इनमें से सभी कारक एक साथ दिखाई नहीं देते, इसलिए निकट भविष्य में इतनी बड़ी गिरावट की संभावना सीमित मानी जा रही है। निवेशकों के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सोने को केवल कीमत के आधार पर नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक सुरक्षा कवच के रूप में देखा जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## अभिनेता के खाने का बिल





आरती सिंह
ब्लॉगर

एक आदमी ने बंबई के एक साधारण रेस्तरां में भरपेट भोजन किया और जब वेटर ने बिल पेश किया तो वह सीधे मैनेजर के पास गया और ईमानदारी से स्वीकार किया कि उसके पास पैसे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने पिछले दो दिनों से कुछ नहीं खाया था और बहुत भूखे थे, इसलिए ऐसा करने के लिए मजबूर हुए।

मैनेजर ने उनकी कहानी धैर्यपूर्वक सुनी, क्योंकि उस आदमी ने वादा किया था कि जिस दिन उसे नौकरी मिलेगी, सबसे पहले वह बिल का भुगतान करेगा। मैनेजर मुस्कुराया और उन्हें शुभकामनाएं देते हुए जाने के लिए कहा। वेटर जो खड़ा होकर नाटक देख रहा था, हैरान था। उन्होंने मैनेजर से सवाल किया 'साब आपने उसे जाने क्यों दिया'। मैनेजर ने उत्तर दिया, 'जाओ और अपना काम करो'।

कुछ महीने बाद वही आदमी रेस्तरां में आया और अपना लंबित बिल चुकाया, जिससे वेटर बहुत निराश हो गया। उस आदमी ने मैनेजर को धन्यवाद दिया और बताया कि उसे एक्टिंग का ऑफर मिला है। मैनेजर ने खुश होकर उसे एक कप चाय की पेशकश की और दोनों के बीच दोस्ती हो गई। अभिनेता जल्द ही एक जाना माना चेहरा बन गए और उन्होंने एक समय में कई फिल्में कीं।

बाद में उनके पास एक बंगला और एक ड्राइवर चालित कार थी। समय बदल गया था, लेकिन जब भी वह उस क्षेत्र से गुजरते थे, तो वह प्रबंधक के साथ एक कप चाय के लिए रेस्तरां में जाने का निश्चय करते थे, जिसने वर्षों पहले अविश्वसनीय सहानुभूति दिखाई थी।

आस्था कभी-कभी चमत्कार कर देती है। अगर मैनेजर ने उस दिन भूखे आदमी को पीटा होता और अपमानित किया होता तो शायद इंडस्ट्री को ओमप्रकाश नाम के प्रतिभाशाली और नैसर्गिक अभिनेता नहीं मिलते।

–फेसबुक वॉल से



### सामयिकी

## बच्चों के दिमाग में आतंक भरते वीडियो गेम



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

अमेरिकी दैनिक न्यूयॉर्क टाइम्स में छपी खबर के अनुसार माइनक्राफ्ट और रोबलॉक्स जैसे लोकप्रिय वीडियो खेल किशोर और बालकों को आतंकी बनाने का मानवता विरोधी काम कर रहे हैं। आपके लाडले को यदि मोबाइल पर गेम खेलने की लत लग गई है, तो होशियार हो जाइए। इस सच्चाई को उजागर करने का काम यूनाइटेड नेशंस की काउंटर-टेररिज्म कमेटी ने किया है। इसके अनुसार यूरोप और उत्तरी अमेरिका में आतंकवाद से जुड़े मामलों में अब 42 प्रतिशत आरोपी नाबालिग हैं। 2021 की तुलना में यह आंकड़ा तीन गुना अधिक है।

नीदरलैंड के हेग स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर काउंटर-टेररिज्म के अनुसार यूरोप में 20 से 30 प्रतिशत आतंकवाद विरोधी गतिविधियों में हुई जांचों में 12-13 साल के बच्चे शामिल पाए गए हैं। अनेक ऑनलाइन प्लेटफार्म के जरिए कट्टरपंथी संगठन तेजी से किशोर और बालकों को आतंकी बनाने का खेल खेल रहे हैं। इस सच्चाई का खुलासा संयुक्त राष्ट्र भी कर चुका है।

पूरी दुनिया में इस समय डिजिटल खेलों का कारोबार बढ़ रहा है। इस कारण दुनिया इनके निर्माण और निर्यात में दिलचस्पी ले रही है। नतीजतन इसका रूप दैत्याकार होता जा रहा है। ये सभी खेल भारत समेत लगभग सभी देशों में उपलब्ध हैं। भारत से संचालित होने वाली खेल कंपनियों में चीन सहित कई देशों की कंपनियों की पूंजी लगी हुई है। इन खेलों के अमेरिका, चीन, भारत, ब्राजील और स्पेन बड़े खिलाड़ी हैं।

हाल ही में गजियाबाद में तीन सगी नाबालिग बहनों द्वारा नौवीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। इन बहनों ने ऑनलाइन टास्क बेस्ड कोरियन लवर गेम खेलने की लत लग गई थी। इसी आत्मघाती खेल को खेलते हुए इन बहनों ने सामूहिक आत्महत्या कर ली थी। इस घटना से साफ होता है कि ये खेल कितने खतरनाक हैं।

कोरोना काल में ऑनलाइन शिक्षा के बढ़ते चलन ने दुनियाभर के विद्यार्थियों की मुट्ठी में एनरॉयड मोबाइल जरूरी कर दिया था। अब मनोविज्ञनी और समाजशास्त्री इसके बढ़ते चलन पर निरंतर चिंता प्रकट कर रहे हैं। माता-पिता बच्चों में खेल देखने की बढ़ती लत और उनके स्वभाव में आते परिवर्तन से चिंतित व परेशान हैं। अब ऐसे वीडियो खेल भी आभासी दुनिया के लिए बनाए जाने लगे हैं, जहां खिलाड़ी आतंकी हमलों और गोलीबारी की घटनाओं को दोहरा सकते हैं। 2019 में न्यूजीलैंड के चर्च और मस्जिदों पर हुए हमलों को भी खेलों का हिस्सा बनाया जा रहा है। ये उपाय बच्चों को धार्मिक कट्टरपंथी बनाए जाने की दृष्टि से किए जा रहे हैं।

किशोर और युवाओं को लुभाने के लिए एक्टिव क्लब्स नाम के समूह बनाए जा रहे हैं। ये ऐसे समूह हैं, जो खेलते हुए नस्लीय युद्ध की तैयारी में जुट जाते हैं और नस्लीय भावना से लड़ते दिखाई देते हैं। 27 देशों में फैले इन क्लबों द्वारा 15 से 17 साल के नादान किशोरों को लक्षित किया जा रहा है। इन्हें देखते हुए किशोर अपनी गोरी या काली पहचान से जुड़कर नस्लवादी मानसिकता की गिरफ्त में आकर आतंकी बनने की दिशा में अनायास मुड़ जाते हैं। ऑनलाइन खेल आंतरिक श्रेणी में आते हैं, जो भौतिक रूप से मोबाइल पर एक ही किशोर खेलता है, लेकिन इनके समूह बनाकर इन्हें बहुगुणित कर लिया जाता है। ब्लू व्हेल, पब्जी, माइनक्राफ्ट और रोबलॉक्स जैसे खेल उत्सुकता और जुनून का ऐसा मायाजाल रचते हैं कि मासूम बालक के दिमाग की परत पर नकारात्मकता की पृष्ठभूमि रच देते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# बचपन का सपना बॉक्स ऑफिस पर धमाल



गुजरात के एक बिल्डर भूपति साखिया के घर में पैदा हुए अंकित को बचपन से ही यह शौक पैदा हुआ कि बड़ा होकर फिल्म बनाऊंगा। घर वालों ने इस शौक का विरोध नहीं किया, लेकिन उसके सामने यह शर्त रखी कि अपनी शिक्षा पूरी करो, फिर जो चाहो करो। पिता चाहते थे कि बेटा इंजीनियर बने। अंकित ने पिता की इच्छा का सम्मान करते हुए पढ़ाई की और समय के साथ वह सिविल इंजीनियर बन गया।

*-शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ*



## पूरा हुआ बचपन का सपना

कहानी तैयार हो गई। सभी दोस्तों ने पैसा जुटाया। एक दोस्त के फार्म हाउस पर शूटिंग शुरू हुई। अपनी कोशिशों से अच्छा कैमरामैन जुटाया। कुछ बाहर की लोकेशन भी देखीं। रास्ता धीरे-धीरे मंजिल की तरफ बढ़ चला। फिल्म लालो शूट हो गई। लालो यानी लड्डू गोपाल। 50 लाख रुपये खर्च हो गए थे। सपना बगैर धुली रील में बंद था। रील धुलवाकर सपने का सच देखना था। फिर से पैसा जुटाने की कोशिशें शुरू हुईं। सभी दोस्तों ने पैसा जुटाया। कहीं से लोन नहीं लिया। 60 लाख रुपये और खर्च हुए। एक करोड़ 10 लाख रुपये का जुआ खेलने के बाद 600 सिनेमाघरों में एक साथ अपने सपनों की फिल्म लालो रिलीज कर दी। रिलीज होते ही फिल्म ने कमाल कर दिया। 9 जनवरी 2026 को रिलीज हुई फिल्म ने 14 जनवरी तक 120 करोड़ रुपये कमा लिए। बचपन का सपना इस तरह से पूरा होगा अंकित ने सोचा नहीं था। बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के बाद सभी दोस्त मथुरा में कृष्ण जी का शुक्रिया अदा करने गए। वहां से वापसी में लखनऊ आए।

## फिल्म बनाने पर हुआ मंथन




अंकित सिविल इंजीनियर बन तो गए, लेकिन उसके बाद बचपन की दबी इच्छा ने फिर जोर मारा। उसने कुछ शार्ट फिल्म बनाईं। वेब सीरीज पहला गुलजार का निर्देशन किया, लेकिन सपना तो फिल्म बनाने का था। जैसी सोच वैसे साथी। समय के साथ कारवां बनना शुरू हुआ। धीरे-धीरे 15 लड़के एक जैसी सोच के मिल गए। सभी फिल्म बनाना चाहते थे। फिल्म में क्या बनेगा यह किसी ने नहीं सोचा। सिर्फ यह दिमाग में रखा कि कुछ अलग बनाएंगे। सभी दोस्त साथ में बैठे। विषय पर खूब दिमाग लगाया। सोचा ऐसी फिल्म बनाएं, जिसमें भगवान आम आदमी जैसा नजर आए। श्रीमद्भागवत पढ़ी। कृष्ण का किरदार एक हीरो जैसा किरदार लगा। फिर कहानी पर काम शुरू हुआ। कहानी ऐसी, जिसमें किसी भी मेहनतकश इंसान की मदद भगवान आम आदमी के रूप करता है। भगवान आता है, समझाता है, रास्ता दिखाता है, डांटता है, तारीफ करता है, उत्साह बढ़ाता है और सफलता के रास्ते पर ले जाता है।

## अंकित की जुबानी



उत्साह से भरे अंकित साखिया बताते हैं कि जिंदगी की कोई भी कोशिश बेकार नहीं जाती है। पिताजी ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई कराई थी ताकि उनके बिल्डर के बिजनेस में इजाफा हो जाए, लेकिन मैंने फिल्मों का रुख किया तो यहां भी इंजीनियरिंग की पढ़ाई काम आई। इंजीनियरिंग में सीखा मेजरमेंट फिल्मों में काम आया। जुगाड़ की तकनीक इंजीनियरिंग से सीखी। इसके अलाबा सामने वाले को समझने की कोशिश और सभी को सुनने की आदत ने सफलता दिलाने में मदद की। अंकित से जब यह पूछा कि अपना सपना पूरा करने के लिए एक करोड़ 10 लाख रुपये का जुआ खेला था, अगर फिल्म फ्लाप हो जाती तो सपने का क्या होता। वो बोले कि फिल्म फेल हो जाती तो दूसरी फिल्म बनाता, दूसरी फेल हो जाती तो तीसरी बनाता, यह तो जर्नी है, रास्ता तो रिस्क वाला ही है, पैसा कमाना तो मकसद था भी नहीं, अब पैसा कमा लिया है, तो लगता है कि हमने कृष्ण को नहीं चुना, कृष्ण ने ही हमें इस काम के लिए चुना था। उत्साह से भरे अंकित बताते हैं कि फिल्म में आपको सौराष्ट्र दिखेगा, खूबसूरत लोकेशन और खूबसूरत सोच दिखेगी। सफलता मिली है, तो शांत रहने का फन सीख रहा हूं, जो हासिल हुआ है, उसे मेहनत का प्रसाद मान रहा हूं। पहचान बढ़ी है, तो इसमें बढ़ी हुई जिम्मेदारी भी देख पा रहा हूं। मैं पैसे वाले घर में पैदा हुआ हूं, लेकिन अपने शौक के पैसे खुद कमाए हैं। अपनी जरूरतों के लिए प्री वेडिंग शूट से शुरुआत की थी। लोगों की शादियों के वीडियो बनाए थे। फिल्म को सफलता मिली है, तो यह एक टीम की सफलता है। टीम को जोड़े रखना है और आगे बढ़ते जाना है।

---

ओटीटी

# बैशन 36

फ्रेंच पुलिस एक्शन ड्रामा फिल्म बैशन 36 के इस इंग्लिश रूपांतर को मैंने हिंदी डब्ड वर्जन में देखा है। यह मिशेल टॉर्चर द्वारा 2013 में लिखे नॉवेल "फ्लिक्स रिक्वियम" पर आधारित है। यह सच्ची कहानी नहीं है, पर इसमें जो परिस्थितियां दिखाई गई हैं, वो किसी भी पुलिस व्यवस्था में, किसी भी देश में संभव हैं। फिल्म मुख्यत: एक बहुत ही काबिल और लोकप्रिय पुलिस इंस्पेक्टर एंटोइन सेरडा (विक्टर वेलमोंडो) के जीवन की घटनाओं पर केंद्रित है, जिसे अपने प्राइवेट (परंतु गैर कानूनी) फाइट के शौक और उसके कारण एक भारी मारपीट की घटना के लिए अपने महत्वपूर्ण "गैंगवार विभाग" से निकालकर दूसरे सामान्य पुलिसिंग विभाग में स्थानांतरित कर दिया जाता है। परंतु इसके बाद उसके विभाग में बहुत हलचल मचा देने वाली असामान्य घटनाएं होती हैं। उसके दोस्त मारे जाते हैं और एक गायब भी हो जाता है। किसी खतरनाक गैंग पर शक होता है, परंतु सेरेडा को इस मामले में न पड़ने की कई बार हिदायत के बावजूद वह नहीं मानता और उसे सस्पेंड कर दिया जाता है। अब वह अकेले ही इसकी खोजबीन में लग जाता है। इसके आगे आप फिल्म में देखिए।




वह कितना सफल होता है और किन परिस्थितियों में पुलिस विभाग और उसके साथी कैसे-कैसे अनपेक्षित निर्णय और कदम उठाते हैं, यह ही फिल्म की विशेषता है। अपने देश में भी अक्सर ऐसा होता है, जब बहुचर्चित पेचीदा केस हल तो हो जाते हैं, परंतु दंडित अपराधियों और खोजबीन के परिणामों पर रहस्य बना रहता है। जैसे प्रसिद्ध निठारी हत्याकांड या एक डॉक्टर की बेटी की हत्या जो दिल्ली में हुई थी। पश्चिमी लेखकों के दिल ओ दिमाग से "सिग्मंड फ्राइड" की थ्योरी का भूत उतरता ही नहीं कि हर वयस्क व्यक्ति अपने बचपन, माता-पिता और पालन-पोषण का बोझ लिए रहता है और उसका व्यक्तित्व उन्हीं का परिणाम होता है। सेरेडा अपने बददिमाग बाप और डोमेस्टिक वायलेंस के प्रभाव के कारण प्रायवेट फाइट्स लड़ता है, जो उसके करियर को खराब कर देती है। मैं इससे इस हद तक सहमत नहीं हूं और कम से कम यह भारत में तो संभव नहीं हैं और इसके कारण भी हैं।

खैर, घटनाएं तेजी से घटती हैं, पुलिस एक्शन वास्तविक लगता है, रेडीमेड पार्श्व संगीत भी अच्छा लगता है, तेजगति कार चेज को बिल्कुल अलग धुनों पर चलाया गया है, शायद फ्रांसीसी लोगों का प्रयोग है, लेकिन अच्छा है। ऐसी फिल्मों में अदाकारी घटनाओं के दृष्यांकन की उत्कृष्टता के पीछे छिपी रह जाती है। मुख्य चरित्रों ने अच्छा काम किया है, जिससे उनके चरित्र विश्वसनीय बने हैं। अंत कुछ सीमा तक ओपन है, पर संभावनाएं स्वीकारने योग्य हैं। एक दो गाली और एडल्ट दृश्य भी हैं। Imdb रेटिंग सामान्य होने के बावजूद यह फिल्म देखने लायक है। मुझे तो अच्छी लगी। स्पॉयलर न हो जाए इसलिए कई लिखने लायक बातें छोड़नी पड़ी है।

**समीक्षक-ब्रज राज नारायण सक्सेना**

---

जिंदगी का सफर

# हर फिल्म में 'प्राण' डालने वाले प्राण



अभिनेता प्राण की गिनती बॉलीवुड के चुनिंदा दमदार कलाकारों में होती है।

प्राण कृष्ण सिकंद यानी प्राण की पहचान हिंदी फिल्म जगत के सबसे खूंखार विलेन के तौर पर की जाती है। प्राण का जन्म 12 फरवरी 1920 को हुआ। उनके पिता सिविल इंजीनियर थे। युवा अवस्था में फोटोग्राफी सीख रहे प्राण ने विभाजन से पहले कुछ पंजाबी और हिंदी फिल्मों में बतौर लीड एक्टर काम किया। विभाजन के बाद वे हिंदुस्तान आ गए और यहां उन्हें फिल्मों में बतौर विलेन पहचान मिली। 1950 से 1980 के दशक तक वे इंडस्ट्री के सबसे खतरनाक विलेन के रूप में मशहूर रहे। 2013 में मुंबई के लीलावती हॉस्पिटल में सांस लेने की समस्या के कारण 93 साल की आयु में निधन हो गया।



प्राण के फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने की दास्तान किसी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं है। प्राण अक्सर लाहौर में एक पान की दुकान पर जाया करते थे। उसी पान की दुकान पर मशहूर फिल्म राइटर वली मोहम्मद भी पान खाने जाते थे। जब वली मोहम्मद फिल्म यमला जट बना रहे थे, तो उसमें उन्हें खलनायक के रोल के लिए किसी नए चेहरे की तलाश थी। वली मोहम्मद की नजर जब प्राण पर पड़ी तो उन्होंने प्राण को मिलने के लिए बुलाया। अभिनेता प्राण ने वली मोहम्मद की बात को कोई तवज्जों नहीं दी। जब दोबारा दोनों की मुलाकात हुई, तो वली ने प्राण को फिल्म में काम करने के लिए तैयार कर लिया। इसके बाद प्राण ने फिल्म यमला जट में काम किया। इस फिल्म में अभिनय करने के बाद फिर कभी प्राण ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। प्राण ने राम और श्याम, मिलन, जंजीर और डॉन जैसी एक से बढ़कर एक बहुत सी शानदार फिल्मों में काम किया। अभिनय का जौहर दिखा चुके अभिनेता प्राण की गिनती बॉलीवुड के महानतम कलाकारों में की जाती है। प्राण ने जिंदगीभर वली मोहम्मद को अपना गुरू माना। प्राण ने अपने शानदार काम की बदौलत कई बार फिल्म फेयर का पुरुस्कार जीता। इसके साथ ही सन् 2000 में स्टारडस्ट ने विलेन ऑफ द मिलेनियम के खिताब से नवाजा गया। 2001 में भारत सरकार ने पद्मभूषण से सम्मानित किया। इसके अलावा 2013 में प्राण को दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड दिया गया। वो आज भी अपने जबरदस्त एक्टिंग के कारण हम सबके दिलों में जिंदा हैं।

---

# गहरे संदेश देती कंजक

हिंदुओं के लिए नवरात्रि सिर्फ त्योहार नहीं, एक गहरी भावना है, जो हमारी संस्कृति में बसी हुई है। साल में दो बार मनाया जाने वाला यह त्योहार अष्टमी या नवमी पर कंजक या कन्या पूजन के साथ खत्म होता है। इस दिन घर में नौ छोटी लड़कियों और एक लड़के (जिसे अक्सर लोंकड़ा या लंगूर कहते हैं) को बुलाया जाता है और उन्हें मां दुर्गा का जीवंत रूप मानकर पूजा जाता है। उन्हें पूड़ी, हलवा और चना खिलाया जाता है, उपहार दिए जाते हैं और उनके पैर छुए जाते हैं। यह रस्म शुद्धता, भक्ति और स्त्री शक्ति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है।


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार




नवरात्रि में होने वाली कंजक रस्म बहुत पवित्र और प्यारी है, लेकिन इसमें कुछ सामाजिक बारीकियां और रोजमर्रा की मुश्किलें भी छिपी हैं। इन्हीं बातों को बहुत खूबसूरती से दिखाया गया है फिल्म 'कंजकः द गर्ल विदाउट अ नेम' में। यह फिल्म सच्चिदानंद जोशी की कहानी पर आधारित है। राहुल यादव ने इसे बहुत संवेदनशीलता से निर्देशित किया है। यह हाल ही में रिलीज हुई एक छोटी, लेकिन गहरी छाप छोड़ने वाली कहानी है, जो दिल्ली के एक मध्यमवर्गीय घर में दुर्गा पूजा के दौरान घटित होती है।

**पूजा से पहले का हंगामा-** कहानी की मुख्य किरदार हैं एक सम्मानित और धार्मिक महिला, जिन्हें सब प्यार से 'आंटी' कहते हैं। मालविका जोशी ने इस रोल को बहुत शिद्दत से निभाया है। आंटी कन्या पूजन की हर छोटी-बड़ी तैयारी पूरी लगन से कर रही हैं, लेकिन सुबह होते ही सब उल्टा-पुल्टा हो जाता है। घर की मदद करने वाली मीना नहीं आती। प्लेटें, चढ़ावा, यहां तक कि पूजा की दरी भी गायब हो जाती है। घर वाले बेचैन और चिढ़े हुए हैं। आंटी की घबराहट बढ़ती जाती है। उनकी यह परेशानी एक गहरी सच्चाई दिखाती है। औरतों पर ही अक्सर संस्कृति और धर्म की रस्मों को पूरी तरह निभाने का बोझ पड़ता है। रस्म की पवित्रता खतरे में लगती है और घर का माहौल तनाव से भर जाता है। फिल्म इन घरेलू बातों को बहुत सच्चाई से दिखाती है। छोटी-छोटी चिढ़, पीढ़ियों का फर्क और नीचे-नीचे छिपी भक्ति बिना ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर, जो शुरू में घरेलू हंगामे जैसी हल्की-फुल्की कॉमेडी लगती है, वो धीरे-धीरे बहुत गहरी सोच वाली बात बन जाती है।

## अचानक आई वो रहस्यमयी दीदी

फिल्म में जब तनाव चरम पर पहुंचता है, तभी एक युवती जिसे सिर्फ 'दीदी' कहा जाता है, अचानक आ पहुंचती है और ठीक नौ लड़कियों के साथ। उसका आना ऐसा लगता है, जैसे भगवान ने खुद भेजा हो। वो शांत और आत्मविश्वास से भरी हुई है। वो गायब चीजें ढूंढ निकालती है, सबको बैठाती है, बच्चों से प्यार से बात करती है और आंटी को ढाढ़स बंधाती है। एक पल में सब बदल जाता है। घर जो तनाव से भरा था, अब गर्मजोशी और सुखद माहौल से भर जाता है। लड़कियां हंसती-खेलती हैं, गाती हैं और पूजा में खुशी-खुशी हिस्सा लेती हैं। दीदी की शांत कार्यक्षमता और संयम से रस्म सिर्फ रस्म नहीं रह जाती, बल्कि सच्ची भक्ति और एकता का रूप ले लेती है। ये लड़की (सवलीन कौर) घर की मालकिन आंटी से बात करते हुए एक कड़वी सच्चाई कह देती है। हमने अपनी नदियों को बहुत गंदा कर दिया है। उसकी बात उत्सव की खुशी में चुभ जाती है। खासकर दिल्ली में, जहां कंजक के बाद लोग यमुना किनारे जाकर बचे-खुचे प्रसाद को बहा देते हैं और यही नदी को और गंदा करते हैं। यह पल हमें सोचने पर मजबूर करता है कि क्या बिना जिम्मेदारी वाली रस्म सच में भगवान की इज्जत करती है?

## एक आध्यात्मिक मोड़

पूजा खत्म होने पर माहौल गंभीर हो जाता है। कबीर का भजन धीरे-धीरे बजता है: 'मोको कहां ढूंढे रे बंदे, मैं तो तेरे पास में।' यह भजन फिल्म के मुख्य संदेश को रेखांकित करता है। बिना ज्यादा खुलासा किए, कहानी में दीदी की असलियत का एक दमदार ट्विस्ट लाता है। यह ट्विस्ट कहानी को घरेलू सच्चाई से आध्यात्मिक प्रतीक तक ले जाता है। यह बताता है कि भगवान सिर्फ बड़ी-बड़ी रस्मों या दूर की मूर्तियों में नहीं, बल्कि इंसानी रिश्तों, दया और सच्ची श्रद्धा में बसता है। 'बिना नाम वाली लड़की' एक प्रतीक बन जाती है, उस पवित्रता की, जिसे हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं। क्लाइमेक्स ड्रामेटिक नहीं, बल्कि सोचने वाला है। फिल्म खत्म होने के बाद भी दिमाग में घूमती रहती है।

## रस्म से परे भक्ति

सच्चिदानंद जोशी की कहानी सामाजिक टिप्पणी के लिए जानी जाती है और फिल्म ने उसे अच्छे से अपनाया है। यह समावेशिता, औरतों की संस्कृति बचाने की भूमिका और जाति-वर्ग-धर्म की दीवारों को तोड़ने की बात करती है। यह सवाल उठाती है कि क्या सिर्फ यांत्रिक रस्में करने से भक्ति बची रहती है या असली भक्ति तो सहानुभूति और खुले दिल में है। राहुल यादव का निर्देशन हास्य, कोमलता और दर्शन के बीच संतुलन बनाए रखता है। गति तेज है, एक्टिंग स्वाभाविक है और कहानी बिना बनावट के है। मालविका जोशी ने आंटी के घबराहट से आश्चर्य तक के सफर को खूबसूरती से निभाया है। बच्चे भी बहुत सहज और मासूम लगते हैं। 'कंजक: द गर्ल विदाउट अ नेम' सिर्फ त्योहार वाली शॉर्ट फिल्म नहीं है। यह एक कोमल याद दिलाती है कि सच्ची भक्ति कठोर रस्मों में नहीं, बल्कि इंसानियत में है। आजकल जब त्योहार दिखावा बन जाते हैं, यह फिल्म हमें भक्ति का असली मतलब फिर से याद दिलाती है। यह हमें सोचने पर मजबूर करती है कि हम भगवान को कहां ढूंढते हैं? शायद वो दूर नहीं, हमारे बगल में ही हैं, बिना नाम का, अनदेखा, लेकिन बहुत असली। अपने शांत और सादे अंदाज में यह फिल्म भारतीय परंपरा, सामाजिक सोच और सार्थक कहानी का बेहतरीन मिश्रण है, जो भारतीय संस्कृति, सामाजिक मुद्दों और अच्छी कहानी पसंद करते हैं, उनके लिए यह फिल्म जरूर देखने लायक है। दिल को छूने वाली और लंबे समय तक याद रहने वाली।

अमृत विचार
बरेली, सोमवार, 23 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



**चांदी-सोने की कीमतों में अगले सप्ताह बढ़ोतरी की उम्मीद**

**नई दिल्ली।** विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वैश्विक शुल्क बढ़ाने के फैसले और पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बाद नए सिरे से व्यापार तनाव के बीच निवेशकों ने सुरक्षित-संपत्ति में सुरक्षा की मांग की है, जिससे अगले सप्ताह चांदी और सोने में तेजी आने की उम्मीद है।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2565, राज श्री 1880, फ़ॉर्चून कि. 2390, रविन्द्रा 2490, फॉर्चुन 13 किग्रा 2110, जय जवान 2080, सचिन 2090, सूरज 2080, अवसर 1940, उजाला 2060, गृहणी 13 kg 1945, क्लासिक (किग्रा) 2280, मोर 2275, चक्र टिन 2330, ब्लू 2185, आशीर्वाद मस्टर्ड 2380, स्वास्तिक 2520

**किराना :** महाराष्ट्र हल्दी 17300, जीरा 28000, लाल मिर्च 19000-21000, धनिया 11000-12000, अजवायान 14000-20000, मेथी 7000-8000 सौंफ 10000-20000, सोंठ 37000, **प्रति किग्रा :** लौंग 850-1000, बादाम 800-1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 350-400, मखाना 950-1100

**चावल प्रति कुंटल :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 10100, हरी पत्ती नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450, मलका दाल 7350-9200, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 13100

**चीनी :** पीलीभीत 4430, बहेड़ी 4270

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 3000 मसूरी- 1200 बासमती- 8200-9000 परमल- 2000-4200

**दाल दलहन :** काला चना 2000-3200, साबुत चना दाल 1200, मूंग साबुत 5400, राजमा 9000-12000, दाल उड़द 6600, साबुत मसूर दाल 3400 मसूर दाल 1000, उड़द साबुत 10400, काबुली चना 6800-10000, अरहर दाल 10200 -12400, लोबिया/करमानी- 2000-4200

# अमेरिकी प्रतिबंधों के दबाव में भारत में रूस से और घटा तेल का आयात

## भारतीय आयात रणनीति में शुरू हुआ बदलाव, सऊदी अरब से बढ़ी आपूर्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की कच्चे तेल की आयात रणनीति अब एक नए बदलाव के दौर में प्रवेश कर रही है। आयातित खेप के आंकड़े और विश्लेषक बताते हैं कि सऊदी अरब के नेतृत्व में पश्चिम एशिया के आपूर्तिकर्ता अपनी बाजार हिस्सेदारी फिर से हासिल कर रहे हैं। रूसी तेल की आवक अब भी महत्वपूर्ण बनी हुई है, लेकिन भू-राजनीति और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के चलते इसमें कमी आ रही है।

रूस से होने वाली आपूर्ति में कमी आने के कारण एक से 18 फरवरी के दौरान भारत का कुल कच्चा तेल आयात गिरकर औसतन 48.5 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) रह गया। यह जनवरी के 5.25 लाख बीपीडी के मुकाबले आठ प्रतिशत कम है। पिछले महीने प्रमुख रूसी निर्यातकों पर अमेरिकी प्रतिबंधों और यूरोपीय संघ के 18वें प्रतिबंध पैकेज के प्रभावी होने के बाद वहां से आने वाले तेल के प्रवाह में यह गिरावट देखी गई है। जहाजों की आवाजाही के निगरानी आंकड़ों से पता चलता है कि भारत को होने वाली रूसी आपूर्ति दिसंबर, 2025 के 12.8 लाख बीपीडी से घटकर जनवरी में 12.2 लाख बीपीडी रह गई और फरवरी की शुरुआत में यह लगभग 10 प्रतिशत और घटकर 10.9 लाख बीपीडी पर आ गई।

वैश्विक जिंस आंकड़े विश्लेषक कंपनी 'केपलर' के मुख्य शोध विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा, फरवरी में भारत का रूसी कच्चा तेल आयात लगभग 10-12 लाख बीपीडी रहने का अनुमान है, जिसके मार्च में घटकर करीब 8-10 लाख बीपीडी तक आने की संभावना है। वर्ष 2022 में यूक्रेन युद्ध के बाद भारी छूट पर मिलने के कारण भारत ने रूसी तेल की खरीद बड़े पैमाने पर शुरू की थी, लेकिन अब यह आवक बढ़ने के बजाय स्थिर होती दिख रही है। उन्होंने कहा, हालांकि, हम इसे एक अल्पकालिक स्थिरता के रूप में देख रहे हैं, न कि 2025 के मध्य में देखे गए उच्चतम स्तर पर वापसी के रूप में। हमारा अनुमान है कि व्यावसायिक और नीतिगत बाधाओं के कारण, 2024-2025 की तुलना में 2026 में भारत के कुल आयात में रूस की हिस्सेदारी धीरे-धीरे कम होकर एक निचले स्तर पर स्थिर हो जाएगी।

वर्तमान आकलन के अनुसार, अमेरिका और भारत के बीच एक व्यावहारिक समझ बनी है जो भारत को बुनियादी जरूरतों के लिए रूसी आयात की अनुमति देती है, लेकिन इसे और अधिक बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित नहीं करती।



### सऊदी अरब से आपूर्ति 7 साल के उच्च स्तर पर

जैसे-जैसे रूसी तेल की मात्रा कम हो रही है, पश्चिम एशिया के खाड़ी देश इस कमी को पूरा कर रहे हैं। रितोलिया ने बताया, सऊदी अरब से होने वाली आपूर्ति फरवरी में 10 से 11 लाख बीपीडी तक पहुंचने की उम्मीद है, जो नवंबर, 2019 के बाद का उच्चतम स्तर है। महीने की शुरुआत से अब तक सऊदी अरब से आने वाले तेल का प्रवाह लगभग 14 लाख बीपीडी दर्ज किया गया है। हालांकि, मार्च की शुरुआत में इसमें कुछ नरमी आने की संभावना है। वर्तमान रुझानों के आधार पर, सऊदी अरब फरवरी में भारत के शीर्ष आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा है, जिसके बाद रूस और इराक का नंबर आता है।

## एफपीआई ने फरवरी में की 31,815 करोड़ रुपये की लिवाली

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी में भारतीय पूंजी बाजार में 31,815 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की।

सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने फरवरी में 16,912 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी है। डेट में भी उनका निवेश 15,859 करोड़ रुपये बढ़ा है। वहीं, हाइब्रिड उपकरणों से उन्होंने 1,280 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। म्यूचुअल फंड में उनका शुद्ध निवेश 325 करोड़ रुपये रहा है। दो महीने बाद एफपीआई लिवाल दिख रहे हैं। इससे पहले जनवरी में उन्होंने भारतीय पूंजी बाजार में 29,071 करोड़ रुपये और दिसंबर 2025 में 38,721 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की थी।

## बीयर उद्योग तीन साल में यूपी में 5,500 करोड़ का निवेश करेगा

**नई दिल्ली।** बीयर उद्योग अगले तीन साल में उत्तर प्रदेश में नई इकाइयां और सहायक सुविधाएं स्थापित करने पर करीब 5,500 करोड़ का निवेश करेगा। ब्रूअर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) ने यह घोषणा की है।

बीएआई ने कहा कि बीयर उद्योग उत्तर प्रदेश पर बड़ा दांव लगा रहा है। राज्य सरकार की ओर से घोषित नई आबकारी नीति का स्वागत करते हुए, उद्योग ने इसे प्रगतिशील बताया है। बीएआई ने कहा कि यह उद्योग की वृद्धि के लिए एक बेहद संतुलित रुख को दर्शाता है। बीएआई के महानिदेशक विनोद गिरि ने कहा, बीयर उद्योग और उसकी सहायक इकाइयां अगले तीन साल में राज्य में 5,500 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। परियोजनाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि करीब 1,500 करोड़ रुपये की लागत वाली दो नई ब्रूअरीज पर काम पहले से ही चल रहा है।



- **दो हजार करोड़ रुपये के निवेश वाले दो एल्युमीनियम कैन उत्पादन संयंत्र भी पाइपलाइन में**

गिरी ने बताया, इसी तरह, 2,000 करोड़ रुपये के निवेश वाले दो बड़े एल्युमीनियम कैन उत्पादन संयंत्र भी पाइपलाइन में हैं, जबकि 2,000 करोड़ रुपये की कुछ ग्लास उत्पादन इकाइयां भी जल्द लगाई जाएंगी।

## महागुन के खिलाफ दिवाला कार्यवाही वापस लेने का निर्देश

**नई दिल्ली।** अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी महागुन के खिलाफ दिवाला कार्यवाही को वापस लेने का निर्देश दिया है। यह निर्देश कंपनी और उसके वित्तीय ऋणदाता के बीच समझौता होने के बाद आया है।

एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने महागुन (इंडिया) और आईडीबीआई ट्रस्टीशिप के बीच 12 फरवरी को हुए समझौते को रिकॉर्ड पर लिया। वित्तीय ऋणदाता आईडीबीआई ट्रस्टीशिप ने ही एनसीएलएटी के समक्ष रियल्टी फर्म के खिलाफ जारी दिवाला कार्यवाही को वापस लेने के लिए आवेदन दिया था। एनसीएलएटी ने आदेश में कहा, दोनों पक्षों ने 12 फरवरी, 2026 को एक समझौता किया है। वित्तीय ऋणदाता ने अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी है। इसे स्वीकार करते हुए, अपीलीय न्यायाधिकरण ने वित्तीय ऋणदाता द्वारा दायर दिवाला याचिका को वापस लिए जाने के कारण खारिज कर दिया।

## गिफ्ट निफ्टी ने कारोबार का नया रिकॉर्ड बनाया

**गांधीनगर।** गिफ्ट निफ्टी ने 20 फरवरी को 23.48 अरब डॉलर के साथ कारोबार का नया रिकॉर्ड कायम किया।

एनएसई अंतर्राष्ट्रीय एक्सचेंज (एनएसईआईएक्स) ने बताया है कि 20 फरवरी को गिफ्ट निफ्टी में 4,57,989 अनुबंधों के तहत 23.48 अरब डॉलर (2,13,587 करोड़ रुपये) का कारोबार हुआ जो नया रिकॉर्ड है। गिफ्ट निफ्टी ने अपना दो साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा है। बताया गया है कि 23 जनवरी 2024 को 22.88 अरब डॉलर का कारोबार हुआ था। गिफ्ट निफ्टी गुजरात के गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी के अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (गिफ्टी आईएफएससी) में एनएसईआईएक्स का मुख्य सूचकांक है।

## बायोगैस मिश्रण पर एक लाख करोड़ रुपये का निवेश संभव

**नई दिल्ली।** इंडियन बायो-गैस एसोसिएशन (आईबीए) ने कहा है कि संपीडित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) में मिलाई जाने वाली बायोगैस पर प्रस्तावित उत्पाद शुल्क छूट और स्पष्ट नीतिगत दिशा से देश में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने में मदद मिल सकती है।

आईबीए ने कहा कि सरकार ने हाल ही में घोषित आम बजट 2026-27 में सीएनजी के साथ मिश्रित संपीडित बायो-गैस (सीबीजी) पर उत्पाद शुल्क में छूट प्रदान की है। यह 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य की ओर भारत के ऊर्जा बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कहा गया है, यदि देश भर में शहरी गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क अगले पांच वर्षों में केवल पांच प्रतिशत बायो-गैस मिश्रण का स्तर भी हासिल कर लेते हैं, तो इसके लिए सालाना लगभग 25-30 लाख टन सीबीजी की आवश्यकता होगी।

## एफएमसीजी कंपनियों को अगले वित्त वर्ष में बिक्री मात्रा बढ़ने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

देश की रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) का मानना है कि अगले वित्त वर्ष में उनकी वृद्धि मुख्य रूप से बिक्री की मात्रा पर आधारित होगी। कंपनियों का कहना है कि महंगाई घटने और कच्चे माल की कीमतें स्थिर रहने से उनके मुनाफे पर दबाव कम होने की उम्मीद है।

चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में इन कंपनियों ने मध्यम से उच्च स्तर की मात्रा वृद्धि दर्ज की। हाल की बैठकों में उद्योग के दिग्गजों ने कहा कि कई महीनों की अस्थिरता के बाद कारोबार का माहौल अब बेहतर हो रहा है। आवश्यक कच्चे माल जैसे खाद्य तेल, गेहूं, नारियल और रसायनों की कीमतें कम हुई हैं। साथ ही जीएसटी दरों में सुधार, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि और अच्छी फसल के कारण मांग में धीरे-धीरे सुधार होने की उम्मीद है। कई कंपनियों ने पहले ही चालू वित्त वर्ष में मामूली मूल्य वृद्धि की है और अब उनका मानना है कि वृद्धि कीमतों के बजाय बिक्री की मात्रा से होगी।

- **महंगाई घटने और कच्चे माल की कीमतें स्थिर रहने से बढ़ी उम्मीद**

डाबर इंडिया के सीईओ मोहित मल्होत्रा ने कहा, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में महंगाई काफी बढ़ी थी। अब महंगाई धीरे-धीरे कम हो रही है। नारियल तेल, साबुन, रसायन और वनस्पति तेल की कीमतें घट रही हैं।

## हरियाणा सरकार के खातों में 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का खुलासा

**मुंबई।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने निजी क्षेत्र के ऋणदाता के साथ हरियाणा सरकार के खातों में अपने कर्मचारियों और अन्य लोगों द्वारा की गई 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का खुलासा किया।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने शेयर बाजार को बताया है कि उसने बैंकिंग नियामक को मामले की जानकारी देने के साथ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बैंक ने बताया, जांच में पाया गया कि चंडीगढ़ की एक विशेष शाखा में कुछ कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार के खातों में बिना अनुमति और धोखाधड़ी की गतिविधियां कीं, जिसमें अन्य व्यक्ति/इकाइयां भी शामिल हो सकते हैं। बैंक ने कहा कि धोखाधड़ी की राशि 590 करोड़ रुपये अनुमानित है।



# विश्व के नेता एआई के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों से प्रभावित : मोदी

## कहा- एआई का उपयोग किस तरह होगा, इस दिशा में निर्णायक मोड़ रही समिट

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि आने वाले समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की शक्ति का उपयोग दुनिया किस प्रकार करेगी, इस दिशा में यह शिखर सम्मेलन एक निर्णायक मोड़ साबित हुआ है।

मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में लोगों से ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट के प्रति सतर्क रहने का भी आग्रह किया और सभी से अपील की कि वे बैंकों के केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) के अनुरोधों का पालन करें क्योंकि यह किसी व्यक्ति के बैंक खाते की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल में दिल्ली में आयोजित 'एआई समिट' के दौरान देश ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की, जिसमें कई देशों के नेता, उद्योगपति, नवोन्मेषी और स्टार्टअप क्षेत्र से जुड़े लोग एक साथ आए। उन्होंने कहा, आने वाले समय में एआई की शक्ति का उपयोग दुनिया किस प्रकार करेगी, इस दिशा में यह समिट निर्णायक मोड़ साबित



मन की बात

हुआ है। मोदी ने कहा कि शिखर सम्मेलन में उन्होंने विश्व के नेताओं को कई चीजें प्रदर्शित कीं, खासकर दो चीजें जिनसे वे बहुत प्रभावित हुए। पहला उत्पाद अमूल के बूथ पर था। इसमें बताया गया कि कैसे एआई जानवरों का इलाज करने में मदद पहुंचा रहा है और कैसे 24 घंटे एआई की मदद से किसान अपनी डेयरी और जानवर का हिसाब रखते हैं। दूसरा भारतीय संस्कृति से संबंधित उत्पाद था। दुनिया भर के नेता ये देखकर हैरत में पड़ गए कि कैसे एआई की मदद से हम अपने प्राचीन ग्रंथों, प्राचीन ज्ञान और पांडुलिपियों को संरक्षित कर रहे हैं और आज की पीढ़ी के अनुरूप उन्हें ढाल रहे हैं।

### नाम रोशन कर रहे हैं भारतीय मूल के खिलाड़ी

मोदी ने कहा कि भारतीय मूल के कई खिलाड़ी अपने-अपने देशों का नाम रोशन कर रहे हैं और यह बात टी20 विश्व कप में साफ तौर पर दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा, कनाडा की टीम में भारतीय मूल के खिलाड़ियों की संख्या सबसे अधिक है। अमेरिका की टीम में कई चेहरे भारत के घरेलू क्रिकेट से निकले हैं। भारतीयता की यही तो विशेषता है। भारतीय जहां भी जाते हैं अपनी मातृभूमि की जड़ों से जुड़े रहते हैं और अपनी कर्मभूमि यानी जिस देश में रहते हैं उसके विकास में भी सहयोग करते हैं।

### अंकपत्र की अहमियत नहीं, खुद पर भरोसा रखिए

मोदी ने विभिन्न परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों के लिए भी एक संदेश दिया। छात्रों को एग्जाम वॉरियर्स बताते हुए उन्होंने कहा कि उनकी योग्यता अंकों से निर्धारित नहीं होती है। उन्होंने कहा, हां, ऐसे समय में मन में थोड़ी शंका आना भी स्वाभाविक है। कभी लगता है, सब याद रहेगा या नहीं रहेगा। कभी लगता है, समय कम तो नहीं पड़ जाएगा न ! ये भाव हर पीढ़ी के बच्चों ने महसूस किए हैं, आप अकेले नहीं हैं। आप याद रखिए, आपकी अहमियत आपके अंक पत्र से तय नहीं होती। इसलिए खुद पर भरोसा रखिए।

मोदी ने कहा, इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में विश्व के नेता एआई की इन अभूतपूर्व उपलब्धियों से प्रभावित हुए।इस शिखर सम्मेलन में दुनिया को एआई के क्षेत्र में भारत की अद्भुत क्षमताएं देखने को मिली हैं। इस दौरान भारत ने तीन 'मेड इन इंडिया एआई मॉडल' भी पेश किए। यह अपने आप में अब तक का सबसे बड़ा एआई समिट रहा है। डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल धोखाधड़ी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कभी-कभी जब आपको आपके बैंक से केवाईसी अपडेट या पुनः केवाईसी कराने के संदेश आते हैं तो मन में सवाल उठता है, मैं तो पहले ही केवाईसी करा चुका हूं तो फिर यह क्यों। मेरा आपसे आग्रह है कि झुंझलाइए नहीं, ये आपके पैसे की सुरक्षा के लिए ही है।

## लश्कर-ए-तैयबा के आठ सदस्य गिरफ्तार, इनमें सात बांग्लादेशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने तीन राज्यों में चलाए गए बड़े आतंकवाद रोधी अभियान के तहत आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के मॉड्यूल का पर्दाफाश करके इससे जुड़े आठ लोगों को गिरफ्तार किया है जिनमें से सात बांग्लादेशी के नागरिक हैं। ये सातों बांग्लादेशी अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे और जाली पहचान पत्र बनवा लिए थे।

ये गिरफ्तारियां पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में समन्वित छापेमारी के बाद हुईं। इसके पहले दिल्ली में कई स्थानों पर मारे जा चुके आतंकवादी बुरहान वानी की तस्वीर दर्शाने वाले आतंकवाद समर्थक पोस्टर लगाने में एक समूह की संलिप्तता का पता लगाया गया था। एसीपी स्पेशल सेल प्रमोद सिंह कुशवाह ने बताया कि इस मॉड्यूल को बांग्लादेश से शब्बीर अहमद लोन उर्फ राजा उर्फ कश्मीरी द्वारा संचालित किया जा रहा था। शब्बीर जम्मू-कश्मीर का रहने वाला लश्कर-ए-तैयबा का एक प्रशिक्षित आतंकवादी है। इसे पहले 2007 में दिल्ली पुलिस ने एके-47 राइफल और ग्रेनेड समेत हथियारों और गोला-बारूद की बरामदगी से जुड़े एक मामले में शब्बीर को गिरफ्तार किया था।

श्रीनगर का रहने वाला शब्बीर 2018 में तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद बांग्लादेश भाग गया था। इसके बाद से वह आतंकी संगठन से जुड़े और भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के स्लीपर सेल को सक्रिय करके लश्कर के आतंकी नेटवर्क को पुनर्जीवित करने का काम कर रहा था।

- **दिल्ली पुलिस ने किया देशव्यापी मॉड्यूल के पर्दाफाश का दावा, तीन राज्यों से गिरफ्तारी**

### दिल्ली में बुरहान वानी के पोस्टर मिलने के बाद शुरू हुई जांच

एसीपी के मुताबिक सीआईएसएफ के शिफ्ट प्रभारी ने आठ फरवरी को जनपथ मेट्रो स्टेशन पर चिपकाए गए पाकिस्तान समर्थक और आतंकवाद समर्थक पोस्टर के संबंध में सुप्रीम कोर्ट मेट्रो पुलिस थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी जिसके बाद जांच शुरू हुई। बाद में दिल्ली में अन्य स्थानों पर भी इसी तरह के पोस्टर मिले। पोस्टरों में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के मारे गए आतंकवादी बुरहान वानी की तस्वीरें थीं और उन पर 'भारत नरसंहार बंद करो' और 'कश्मीर को आजाद करो' जैसे संदेशों के साथ-साथ उर्दू में 'हम पाकिस्तानी हैं, पाकिस्तान हमारा है' और 'कश्मीरी एकजुटता दिवस' जैसे नारे भी लिखे गए थे।

### दो की पश्चिम बंगाल और छह की तमिलनाडु से गिरफ्तारी

एसीपी के मुताबिक एक जांच टीम ने दो संदिग्धों का पता कोलकाता के हटियारा गोटे स्थित मझरपारा में लगाया। इसके बाद 15 फरवरी को छापा मारा गया और पश्चिम बंगाल के मालदा निवासी 31 वर्षीय उमर फारूक और बांग्लादेश के मूल निवासी 31 वर्षीय रोबिउल इस्लाम को गिरफ्तार किया गया।तमिलनाडु के तिरुप्पुर में 21 फरवरी को एक साथ छापेमारी की गई, जिसके परिणामस्वरूप आतंकी संगठन से जुड़े छह और लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान मोहम्मद मिजानुर रहमान (32), मोहम्मद सेफायत हुसैन (34), मोहम्मद जाहिदुल इस्लाम (40), मोहम्मद लिटन (40), मोहम्मद उज्जल (27) और उमर (32) के रूप में हुई है। ये सभी बांग्लादेश के बोगुरा जिले के मूल निवासी हैं।

## असम इकाई के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा भाजपा में हुए शामिल

**गुवाहाटी।** कांग्रेस की असम इकाई के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा रविवार को यहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया की उपस्थिति में सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हो गए। उनके साथ पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ता संजू बोरा, राजेश कुमार जोशी, कंगन दास, गगन चंद्र बोरा और विपक्षी दल के कई और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए।



बोरा ने 16 फरवरी को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था, जिसे पार्टी आलाकमान ने स्वीकार नहीं किया था और वरिष्ठ नेता उनके आवास पर पहुंचे थे। राहुल गांधी ने भी उनसे बात की थी। उन्होंने अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए समय मांगा था लेकिन अगले दिन मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा उनके आवास पर गए और घोषणा की कि वह 22 फरवरी को भाजपा में शामिल हो जाएंगे। असम की 126 सदस्यीय विधानसभा के लिए मार्च-अप्रैल में चुनाव प्रस्तावित हैं। बोरा ने भाजपा में शामिल होने के बाद कहा, मैंने कांग्रेस से यह सोचकर इस्तीफा नहीं दिया था कि मैं भाजपा में शामिल हो जाऊंगा। मैंने यह सोचकर इस्तीफा दिया था कि कांग्रेस में हुई गलतियों के बारे में आत्मनिरीक्षण किया जाएगा और मुझे यह उम्मीद थी कि उन्हें सुधारने का वादा किया जाएगा।

## चेन्नई : समुद्र में उतरी महाराष्ट्र की छात्रा की डूबने से मौत, छात्र लापता

**नागपुर।** चेन्नई में समुद्र में उतरने के बाद महाराष्ट्र की एक छात्रा की डूबने से मौत हो गई और एक छात्र लापता हो गया। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि विद्यार्थी किस संस्थान के हैं और यह घटना वास्तव में कहां हुई। यह घटना शनिवार को उस समय हुई जब 26 विद्यार्थियों का एक समूह समुद्र तट पर गया था। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, शनिवार को चेन्नई के समुद्र में उतरे तीन विद्यार्थियों में से नागपुर की मयूरी चौधरी की डूबने से मौत हो गई, जबकि जय पाटिल नामक एक छात्र लापता है। लापता छात्र की तलाश के लिए अभियान जारी है। एक अन्य छात्र राज केदारी को सुरक्षित बचा लिया गया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस संबंध में तमिलनाडु सरकार से संपर्क किया है और वह स्वयं राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं।

## विपक्ष करेगा फडणवीस सरकार के कार्यक्रम जलपान का बहिष्कार

**मुंबई।** शिवसेना (उबाठा) के वरिष्ठ नेता भास्कर जाधव ने कहा है कि विपक्ष महाराष्ट्र विधानमंडल के बजट सत्र की पूर्व संध्या पर रविवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की ओर से आयोजित पारंपरिक जलपान कार्यक्रम का बहिष्कार करेगा। उन्होंने इसका कारण भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को बताया।

जाधव ने कहा, इस समझौते से राज्य के कपास उत्पादकों और मछुआरों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। जाधव ने बताया कि फडणवीस ने वरिष्ठ सदस्यों को इस कार्यक्रम के लिए पत्र लिखकर आमंत्रित किया है, जो प्रत्येक सत्र से पहले की एक परंपरा है। उन्होंने कहा, सत्तारूढ़ दल अहंकारी है और विपक्ष के प्रति सम्मान नहीं दिखाता। जब सम्मान, शिष्टता और संविधान के प्रति आदर नहीं है।

## अमेरिका के साथ व्यापार समझौता 'अबकी बार ट्रंप से हार' का प्रमाण

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस ने कहा कि यह समझौता ''अबकी बार ट्रंप से हार'' का प्रमाण है और अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वैश्विक शुल्क को रद्द किए जाने के फैसले के बाद उत्पन्न भ्रम की स्थिति को देखते हुए इसे ठंडे बस्ते में डाल देना चाहिए।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि अंतरिम समझौते की रूपरेखा की शर्तों पर फिर से बातचीत होनी चाहिए और आयात उदारीकरण, विशेष रूप से कृषि उत्पादों के आयात उदारीकरण से संबंधित खंड को रद्द किया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि समझौता लेनदेन पर आधारित होता है, लेकिन भारत ने अंतरिम व्यापार समझौते के तहत केवल दिया ही है। रमेश ने से कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 में ह्यूस्टन में ''अबकी बार ट्रंप सरकार'' का नारा दिया था, लेकिन अंतरिम समझौते की यह रूपरेखा ''अबकी बार ट्रंप से हार'' का प्रमाण है। कांग्रेस नेता ने पूछा कि दो फरवरी को ऐसा क्या हुआ था कि प्रधानमंत्री को राष्ट्रपति ट्रंप को व्यापार समझौते की घोषणा करने के लिए मजबूर करना पड़ा।

- **कांग्रेस ने कहा- नए हालात में ठंडे बस्ते में डाल दिया जाना चाहिए समझौता**

रमेश ने आरोप लगाया, यह सीधे तौर पर संसद में प्रधानमंत्री पर बाह्य सुरक्षा मोर्चे की विफलताओं को लेकर राहुल गांधी के हमले से जुड़ा है। इसलिए इस समझौते की घोषणा खबरों और सुर्खियों को प्रभावित करने की रणनीति का हिस्सा थी। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा में यह कहा गया है कि किसी भी पक्ष की ओर से किसी भी प्रकार के बदलाव की स्थिति में अमेरिका और भारत इस बात पर सहमत हैं कि वे अपनी प्रतिबद्धताओं में संशोधन कर सकते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ में बदलाव किया है, इसलिए भारत को अपनी प्रतिबद्धताओं में बदलाव करने का पूरा अधिकार है।

## राज्य चुनाव कार्यालयों के साथ गोल मेज सम्मेलन करेगा चुनाव आयोग

नई दिल्ली। चुनाव आयोग 24 फरवरी को राजधानी के भारत मंडपम में आयोग और राज्य चुनाव अधिकारियों का एक गोलमेज सम्मेलन बुलाएगा जिसकी अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार करेंगे। इस सम्मेलन में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी उपस्थित रहेंगे। आयोग ने कहा कि यह सम्मेलन 27 साल के बाद हो रहा है। पिछली बार इसकी बैठक 1999 में हुई थी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य चुनाव अधिकारी अपने कानूनी और तकनीकी विशेषज्ञों के साथ सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) भी इसमें भाग लेंगे।

# भारतीय उच्चायुक्त बांग्लादेश के विदेश मंत्री से मिले, द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

ढाका, एजेंसी

- उच्चायुक्त बोले- बांग्लादेश से वार्ता को इच्छुक है भारत

ढाका में नियुक्त उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने रविवार को कहा कि बांग्लादेश की नई सरकार के साथ संवाद को आगे बढ़ाने के लिए भारत उत्सुक है। उन्होंने नई दिल्ली की ओर से ढाका के साथ फिर से सक्रिय रूप से बातचीत की इच्छा व्यक्त की।

तारिक रहमान के 17 फरवरी को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के कुछ दिनों बाद बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान से मुलाकात के बाद उच्चायुक्त वर्मा पत्रकारों से बात कर रहे थे। वर्मा ने मुलाकात के बाद कहा कि विदेश मंत्री के साथ आज की बैठक में मैंने अपना रुख दोहराया कि हम बांग्लादेश में नई सरकार के साथ संवाद के लिए उत्सुक हैं। बैठक में विदेश राज्य मंत्री शमा ओबैद भी शामिल थीं। उच्चायुक्त के अनुसार, उन्होंने बताया कि हम परस्पर हित और पारस्परिक लाभ के आधार पर सकारात्मक, रचनात्मक और भविष्योन्मुखी सोच के साथ मिलकर काम करते हुए हर क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करना चाहते हैं। वर्मा ने इस मुलाकात को एक शिष्टाचार भेंट बताया।

### यूनुस के कार्यकाल में संबंध बिगड़े

यूनुस के कार्यकाल के दौरान भारत के साथ संबंधों में गिरावट आई थी और 1971 के बाद यह अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए थे। उच्चायुक्त ने चुनाव में 13 फरवरी को बीएनपी की जीत के तुरंत बाद तारिक रहमान को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बधाई संदेश की ओर इशारा करते हुए कहा कि आप बांग्लादेश के साथ हमारे हालिया उच्च स्तरीय संवाद से अवगत हैं। वर्मा ने रविवार को कहा किउन्होंने उस दिन बाद में फोन पर भी बातचीत की।

## संभावित युद्ध के मुहाने पर दुनिया

फरवरी 2026 के मध्य में मध्य-पूर्व एक बार फिर बारूद के ढेर पर खड़ा है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया को एक संभावित भीषण युद्ध के मुहाने पर ला खड़ा किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है कि यदि 10-15 दिनों के भीतर परमाणु समझौते पर कोई ठोस प्रगति नहीं हुई तो अमेरिका सैन्य कार्रवाई कर सकता है। इस तनाव के केंद्र में ईरान का परमाणु कार्यक्रम, उसकी बैलिस्टिक मिसाइलें और हाल के महीनों में देश के भीतर हुए बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों का हिंसक दमन है। युद्ध की स्थिति में इसके परिणाम केवल इन दो देशों तक सीमित नहीं रहेंगे। ईरान ने कहा है कि हमले की स्थिति में वह होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर सकता है, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की महत्वपूर्ण नस है। ईरान ने इसे एक क्षेत्रीय या विश्व युद्ध में बदलने की धमकी दी है।

## अमेरिका-ईरान द्वंद



### होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने के परिणाम

- **वैश्विक व्यापार ठप :** लगभग 3,000 जहाज हर महीने इस संकीर्ण मार्ग से गुजरते हैं। ईरान द्वारा समुद्री बारूद बिछाने या मिसाइल हमलों से यह मार्ग पूरी तरह असुरक्षित हो जाएगा।
- **भारत पर प्रभाव :** भारत के कुल कच्चे तेल के आयात का 40% और गैस (एलएनजी) का 54% इसी मार्ग से आता है। इस मार्ग के बंद होने से भारत में ऊर्जा संकट पैदा हो सकता है।
- **चीन की प्रतिक्रिया :** चीन ईरान के तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। इस मार्ग के बंद होने से चीन की अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचेगी।

### विनाशकारी होंगे प्रभाव

- **ऊर्जा संकट और तेल की कीमतें :** दुनिया का लगभग 20-30% कच्चा तेल और 20% एलएनजी होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस मार्ग के बंद होने से तेल कीमतें एक ही दिन में 120 से 150 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं।
- **आर्थिक मंदी :** तेल की कीमतों में उछाल से वैश्विक मुद्रास्फीति बढ़ेगी, जिससे विकसित और विकासशील दोनों तरह की अर्थव्यवस्थाएं मंदी की चपेट में आ सकती हैं। भारत व चीन जैसे देश, जो ऊर्जा जरूरतों के लिए इस क्षेत्र पर निर्भर हैं, सबसे अधिक प्रभावित होंगे।
- **क्षेत्रीय अस्थिरता :** ईरान के प्रॉक्सी संगठन जैसे हिज्बुल्लाह लेबनान से इजराइल पर हमले कर सकते हैं, जिससे पूरा लेबनान और सीरिया युद्ध की आग में झुलस सकता है।
- **विमानन और व्यापार मार्ग :** मध्य-पूर्व का हवाई क्षेत्र बंद होने से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का रूट बदल जाएगा, जिससे हवाई किराया और लॉजिस्टिक्स लागत में भारी वृद्धि होगी।

### अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप का इतिहास

- वियतनाम युद्ध अमेरिका के लिए एक बड़ा सबक था, जहां साम्यवाद को रोकने के नाम पर अमेरिका ने भारी सैन्य बल झोंका, लेकिन अंतत: उसे पीछे हटना पड़ा।
- अफगानिस्तान पर हमले ने आधुनिक इतिहास की सबसे लंबी जंग शुरू की।
- अमेरिका ने सामूहिक विनाश के हथियारों का दावा करते हुए इराक में सद्दाम हुसैन के शासन को उखाड़ फेंका
- लीबिया में कर्नल गद्दाफी को हटाने के लिए किए गए हवाई हमलों ने उस समृद्ध अफ्रीकी देश को आज तक अराजकता और गृहयुद्ध की स्थिति में छोड़ दिया है।
- सीरिया में भी रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल को आधार बनाकर किए गए हस्तक्षेप ने गृहयुद्ध को और उलझा दिया।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नेपाल में कर्फ्यू अवधि अनिश्चितकाल बढ़ी

**काठमांडू।** नेपाल में मधेस प्रांत की गौर नगरपालिका में दो समुदायों के बीच हुई झड़पों के बाद लगाए गए कर्फ्यू की अवधि रविवार को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दी गई। जिला प्रशासन कार्यालय ने कहा कि पूर्वी मुदबलवा गेट, पश्चिमी लालबकैया बांध, बाम नहर के उत्तर और गौर सीमा शुल्क कार्यालय के दक्षिण में निषेधाज्ञा रविवार सुबह साढ़े आठ बजे से अगले नोटिस तक प्रभावी रहेगी। दक्षिणी नेपाल में मधेस प्रांत के रौतहट जिले में दो गुट के बीच हुई झड़पों के बाद तनाव बढ़ने पर कुछ हिस्सों में शनिवार को कर्फ्यू लगा दिया गया था।

### रूस के हमले में एक यूक्रेनी की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिसमें कीव क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने रविवार को बताया कि ध्वस्त इमारतों के मलबे से एक बच्चे समेत आठ अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। हमले के कारण कीव के उपनगरों के पांच जिलों ओबुखिव, ब्रोवरी, बोरिस्पिल, बुचा और फास्तिव में नुकसान हुआ और वहां आग लग गई। फास्तिव जिले के पुत्रिवका गांव में आपातकालीन राहतकर्मी मलबे में दबे लोगों को बचाने के लिए अभियान चला रहे थे।

### नेपाल के कोशी प्रांत में भूकंप के हल्के झटके

**काठमांडू।** नेपाल के कोशी प्रांत में रविवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किये गये। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, 4.1 तीव्रता का यह भूकंप सुबह सात बजकर 31 मिनट पर आया और इसका केंद्र संखुवासभा जिले के रिताक क्षेत्र में स्थित था। संखुवासभा जिला राजधानी काठमांडू से लगभग 475 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। भूकंप के झटके पड़ोसी तपलेजुंग और भोजपुर जिलों में भी महसूस किए गए। हालांकि, किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं मिली।

### अमेरिका ने ग्रीनलैंड को देगा हॉस्पिटल बोट

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ग्रीनलैंड में हॉस्पिटल बोट भेज रहे हैं। ट्रंप ने शनिवार को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि लुइज़ियाना के गवर्नर जेफ लैंड्री के साथ मिलकर हम ग्रीनलैंड में एक बड़ा हॉस्पिटल बोट भेजने जा रहे हैं, ताकि वहां के उन कई बीमार लोगों की देखभाल की जा सके जिनका इलाज नहीं हो पा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर प्रतीकात्मक तस्वीर साझा की है।

# परमाणु समझौते लिए ईरान और आईएईए के बीच नए तंत्र पर चर्चा

## अमेरिका से स्थायी परमाणु समझौते तक पहुंचने के लिए सार्थक सहभागिता पर जोर

- दोनों पक्षों ने ताजा घटनाक्रमों पर जानकारी साझा की

तेहरान, एजेंसी

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने स्थायी परमाणु समझौते तक पहुंचने के लिए सार्थक सहभागिता और बातचीत पर जोर दिया है। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को इस सप्ताह की दूसरी फोन कॉल के दौरान दोनों पक्षों ने ईरान-अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के ताजा घटनाक्रमों पर चर्चा के साथ जानकारी साझा की।

आईआरएनए के मुताबिक, बुधवार को अपनी पिछली फोन कॉल में अराघची और ग्रॉसी ने जिनेवा में ईरान-अमेरिका अप्रत्यक्ष वार्ता के परिणामों की समीक्षा की और बातचीत के ढांचे का मसौदा तैयार करने और कार्यप्रणाली विकसित करने पर चर्चा की। अराघची ने भविष्य की बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए प्रारंभिक और सुसंगत ढांचा विकसित करने पर ईरान के ध्यान केंद्रित करने की बात कही। ग्रॉसी ने जिनेवा वार्ता को सकारात्मक बताया और वार्ता का ढांचा तैयार करने तथा इस प्रक्रिया का समर्थन करने के लिए आईएईए की सहयोग की तैयारी का जिक्र किया। शुक्रवार को एमएसएनबीसी के साथ साक्षात्कार में अराघची ने कहा कि ईरान दो-तीन दिनों के भीतर अमेरिका के साथ संभावित परमाणु समझौते का मसौदा तैयार करेगा और इसे अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल को सौंप देगा। यह नये सिरे से हो रही बातचीत ईरान-अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और मध्य पूर्व क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य जमावड़े के बीच हो रही है।



### ईयू देशों की सेनाओं को आतंकी संगठन घोषित किया

**तेहरान।** ईरान ने यूरोपीय संघ के सभी सदस्य देशों की नौसेनाओं और वायु सेनाओं को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि यह कदम यूरोपीय संघ द्वारा हाल ही में ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गाड्र्स कॉर्प्स को आतंकी संगठन घोषित करने के जवाब में उठाया गया है। इसमें कहा गया कि ईरानी सरकार ने 2019 के एक कानून के तहत यह जवाबी कार्रवाई की है। इस कानून के अनुसार, वे सभी देश जो किसी भी तरह से आईआरजीसी को आतंकी संगठन घोषित करने के अमेरिका के फैसले का पालन या समर्थन करते हैं, उनके खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी।

### ईरान के विवि में छात्रों का विरोध प्रदर्शन

**तेहरान।** ईरान के कई प्रमुख विश्वविद्यालयों में छात्रों ने रविवार को रैलियां निकालकर हाल ही के विरोध प्रदर्शनों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और प्रशासन के खिलाफ नारेबाज़ी की। तेहरान विश्वविद्यालय के छात्रों ने केन्द्रीय पुस्तकालय के बाहर एकत्र होकर तानाशाह मुर्दाबाद के नारे लगाए। मशहद के फ़िरदौसी विश्वविद्यालय, ईरान यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी और शरीफ यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में भी छात्रों ने प्रदर्शन किए। साइंस एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी और शरीफ यूनिवर्सिटी में प्रदर्शनकारियों ने यह नारा भी लगाया, हम साथियों के खून की कसम खाते हैं, अंत तक डटे रहेंगे।

## अरब देशों की निंदा के बाद बयान से पलटे हकाबी

**काहिरा/रियाद।** इजराइल में अमेरिका के राजदूत माइक हकाबी ने अरब लीग, मिस्र और सऊदी अरब की निंदा के बाद अपने बयान से कदम वापस खींचते हुए कहा है कि पूरे पश्चिमी एशिया पर इजरायल के कब्जे वाला उनका बयान 'अतिश्योक्ति' था। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के राजदूत माइक हकाबी ने कहा था कि इज़राइल को पूरे पश्चिमी एशिया पर दावा करने का अधिकार है। हकाबी ने शुक्रवार को एक साक्षात्कार में बाइबिल को आधार बनाकर कहा कि पश्चिमी एशिया में फरात से लेकर नील नदी तक की जमीन ईश्वर ने इजराइल को दी है। जब हकाबी से बाइबिल के संदर्भ में पूछा गया कि क्या पूरे पश्चिमी एशिया पर इजराइल का अधिकार है, तो कहा कि वे सब कुछ ले लें, तो भी ठीक होगा। अरब देशों की ओर से निंदा के बाद हकाबी ने अपना रुख बदलते हुए कहा कि उनका बयान अतिश्योक्तिपूर्ण था। यूएईने हकाबी के इस बयान की निंदा की। कहा कि इस पर यूएई, मिस्र, जॉर्डन, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, तुर्की, सऊदी अरब, कतर, कुवैत, ओमान, बहरीन, लेबनान, सीरिया और फिलिस्तीन के साथ इस्लामिक सहयोग संगठन, अरब लीग और खाड़ी-सहयोग परिषद ने हस्ताक्षर किए हैं।

# अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक, 23 की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने 7 आतंकी ठिकानों पर किए हमले

पाकिस्तान ने देश में हुए हालिया हमलों के बाद अफगानिस्तान में शनिवार रात कम से कम सात आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया जिसमें महिलाओं और बच्चों समेत 23 लोगों की मौत हुई है। पाकिस्तान के लड़ाकू विमानों ने रात भर हमले किए। पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा के बन्नू इलाके में शनिवार को एक आत्मघाती हमले में सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल और एक सैनिक की मौत हो गई थी।

हमले को लेकर पाकिस्तान ने कहा कि आतंकवाद की ये घटनाएं ख्वारिज ने अफगानिस्तान स्थित अपने आकाओं और संचालकों के इशारे पर कीं। पाकिस्तान ने कहा कि इन हमलों की जिम्मेदारी फितना अल ख्वारिज (एफएके) से संबंधित अफगानिस्तान आधारित पाकिस्तानी तालिबान और उनके सहयोगियों तथा इस्लामिक स्टेट ऑफ खुरसान प्रांत (आईएसपीके) ने ली है। सरकार फितना-अल-ख्वारिज शब्द का इस्तेमाल प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के लिए करती है। कहा कि अफगान के तालिबान शासन से बार-बार आग्रह किया गया कि वह आतंकवादी समूहों और विदेशी एजेंटों को पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए अफगान क्षेत्र का उपयोग करने से रोके लेकिन वह उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई करने में विफल रहा। इस पृष्ठभूमि में, पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान-अफगान सीमा क्षेत्र में पाकिस्तानी तालिबान, एफएके और उसके सहयोगियों तथा आईएसकेपी से संबंधित सात आतंकवादी शिविरों और ठिकानों को निशाना बनाया है।



### काबुल ने दी जवाबी कार्रवाई की चेतावनी

**अफ़गानिस्तान।** अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को चेतावनी दी है कि पाकिस्तान के आक्रामकता वाले कृत्य का सही समय पर नपा-तुला और उचित जवाब दिया जाएगा। रविवार की सुबह अफगान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान वायु सेना के रात भर किए गए हवाई हमलों में पक्तिका और नंगरहार के सीमावर्ती प्रांतों में महिलाओं और बच्चों सहित 23 नागरिक मारे गए हैं। मंत्रालय ने कहा है कि पाकिस्तानी सैन्य शासन ने एक बार फिर नंगरहार और पक्तिका प्रांतों में मदरसों और भवनों सहित कई नागरिक ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं।

# ट्रंप के रिजॉर्ट के सुरक्षा घेरे में घुसने वाले को मार गिराया

वाशिंगटन, एजेंसी

- हथियारबंद था मारा गया संदिग्ध फ्लोरिडा के पाम बीच की घटना

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फ्लोरिडा के पाम बीच स्थित मार-ए-लागो रिजॉर्ट के सुरक्षा घेरे में घुसने वाले एक हथियारबंद व्यक्ति को मार गिराया गया। अमेरिकी खुफिया विभाग के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि ट्रंप आमतौर पर सप्ताहांत मार-ए-लागो रिजॉर्ट में गुजारते हैं, लेकिन शनिवार रात को घटना के समय वह व्हाइट हाउस में थे।

उन्होंने बताया कि प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप भी घटना के समय राष्ट्रपति के साथ व्हाइट हाउस में थीं। अधिकारियों ने मारे गए व्यक्ति का नाम सार्वजनिक नहीं किया है। खुफिया विभाग के मुताबिक, मार-ए-लागो रिजॉर्ट के उत्तरी गेट पर तैनात कर्मियों ने एक व्यक्ति को शॉटगन और ईंधन के कैन के साथ घुसते देखा। विभाग ने बताया कि खुफिया सेवा के एजेंट और पाम बीच काउंटी के शेरिफ के डिप्टी ने व्यक्ति को मार गिराया। इस घटनाक्रम पर व्हाइट हाउस की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। ब्रैडशॉ ने कहा कि उसे अपने पास मौजूद कैन और हथियार को छोड़ने का आदेश दिया गया था। उसी समय उसने गैस का डिब्बा नीचे रख दिया और शॉटगन को गोली चलाने के लिए उठा लिया। दोनों एजेंट और डिप्टी ने खतरे को बेअसर करने के लिए अपनी बंदूकें चलाईं।

## नेटफ्लिक्स से सुसान को हटाने की ट्रंप की मांग

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नेटफ्लिक्स से बोर्ड सदस्य सुसान राइस को हटाने की मांग की है और कंपनी को चेतावनी दी है कि वह तुरंत कार्रवाई करे वरना परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे। उनकी यह टिप्पणी राइस द्वारा हाल ही में एक पॉडकास्ट साक्षात्कार के दौरान की गई टिप्पणियों के बाद आई है।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर साझा की गई एक पोस्ट में लिखा, नेटफ्लिक्स को नस्लवादी और मेरे प्रति नफरत रखने वाली सुसान राइस को तुरंत निकाल देना चाहिए, अन्यथा परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि सुसान पास कोई प्रतिभा या कौशल नहीं है। वह पूरी तरह से एक राजनीतिक एजेंट हैं।

# सर्विया में नए कानूनों के खिलाफ वकील व जज

बेलग्रेड, एजेंसी

- बदलाव के विरोध में राजधानी बेलग्रेड में किया प्रदर्शन

सर्बिया में वकीलों और जजों ने मौजूदा और नए कानूनों में बदलाव के खिलाफ बेलग्रेड में एक विरोध-प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारियों का मानना है कि यह आजादी पर प्रतिबंध लगाता है। वकीलों और जजों का यह शांतिपूर्ण 'मार्च फॉर जस्टिस' शनिवार को सर्बियाई कर्मचारी भवन से शुरू हुआ। यह मुख्य सड़कों से होते हुए संगठित अपराध अभियोजन कार्यालय के मुख्यालय तक गया।

प्रदर्शनकारियों ने सरकारी वकीलों से अपील की कि वे भ्रष्टाचार के दोषियों को गिरफ्तार करें, चाहे उनका आधिकारिक पद कुछ भी क्यों न हो। अपीलीय अदालत के जज मिलिमिर लुकिक ने प्रदर्शनकारियों के समूह से कहा, पक्षपातपूर्ण हितों से प्रेरित कानूनों में बदलाव और सरकार की नापसंद उन खास अदालत की कार्यवाही को रोकने के लिए कानूनी तरीकों का इस्तेमाल , सर्बिया गणराज्य में कानूनी व्यवस्था पर बुरा असर डाल रहा है। जनवरी के आखिर में सर्बियाई संसद ने सत्तारूढ़ सर्बियाई प्रोग्रेसिव पार्टी की सदस्य उगलेसा मृदिस के प्रस्तावित दस्तावेजों के एक पैकेज को मंजूरी दी। जनवरी के आखिर और फरवरी की शुरुआत में ईयू आयुक्त मार्टा कोस और बाद में पूरे यूरोपियन कमीशन ने कानूनों की समीक्षा करने को कहा।

# हेराइन तस्करी मामले में सेना के जवान सहित छह गिरफ्तार

चंडीगढ़, एजेंसी

- पंजाब पुलिस ने किया तस्करी के संगठित गिरोह का भंडाफोड़

पंजाब पुलिस ने हेरोइन तस्करी के एक संगठित गिरोह का रविवार को भंडाफोड़ करते हुए सेना के एक जवान और राज्य पुलिस के एक बर्खास्त पुलिसकर्मी सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी के मामलों से शामिल हैं।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि फरीदकोट पुलिस ने दो महीने तक जेल में निगरानी के बाद एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए हेरोइन तस्करी के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक सैन्यकर्मी और एक बर्खास्त पुलिसकर्मी सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है और करीब 4.8 किलोग्राम हेरोइन, एक हथियार, एक थार (एसयूवी) और एक 'एक्सयूवी' बरामद की है। डीजीपी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है। बाउन्होंने एक बयान में कहा कि यह सफलता एक सुनियोजित, खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान और दो महीने तक जेल में की गई निगरानी का परिणाम है, जिसने गिरोह के गहरे संबंधों को उजागर किया। यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आरोपी पाकिस्तान स्थित तस्करों के सीधे संपर्क में थे, जो ड्रोन का इस्तेमाल करके हेरोइन की खेप भारतीय क्षेत्र में पहुंचाते थे।

**बर्लिन फिल्म महोत्सव** | अरुंधति रॉय, मीरा समेत कई ने किया है समारोह का विरोध

# रीमा दास को नॉट ए हीरो के लिए पुरस्कार

बर्लिन, एजेंसी

- जूरी ने रीमा की फिल्म को विशेष सम्मान से नवाजा

प्रशंसित फिल्म निर्माता रीमा दास ने अपनी फिल्म नॉट ए हीरो के लिए बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2026 में क्रिस्टल बियर स्पेशल मेंशन' पुरस्कार जीता है। पुरस्कार समारोह शनिवार को आयोजित किया गया था। इसमें जूरी ने फिल्म को विशेष सम्मान से नवाजा है। असमिया, हिंदी और अंग्रेजी में बनी इस फिल्म को पिछले सप्ताह प्रतियोगिता के 'जेनरेशन के प्लस' खंड में प्रदर्शित किया गया था।

चिल्ड्रन जूरी 'जेनरेशन के प्लस' के सदस्यों में वाल्टर मोरित्ज अरंड्स, गुस्ताव अर्न्ज, थाबानी डाबुलमान्जी, रोजा सोफी क्रास्जनाहोरकाई, वेरा मार्श, एमिर एफे ओजेरन और अल्मा सोफिया विलानेवा बुलेमर शामिल थे।



रीमा दास की यह फिल्म एक छोटे लड़के की कहानी है, जो शहर से अपने पैतृक गांव आता है। वहां के वातावरण में अपनी ताकत और साहस की नयी परिभाषा ढूंढ़ता है। बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में रीमा दास की यह लगातार तीसरी फिल्म थी, जो उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस बार यह फिल्म फेस्टिवल न सिर्फ भारतीय फिल्मकार रीमादास की फिल्म को पुरस्कार मिलने की वजह से चर्चा में है, बल्कि भारत की मानवाधिकार कार्यकर्ता और मशहूर लेखिका अरुंधति राय समेत कई कलाकार-फिल्मकारों के समारोह का बहिष्कार करने की वजह से भी चर्चा में है। समारोह को लेकर विवाद तब शुरू हुआ, जब जूरी अध्यक्ष और दिग्गज फिल्मकार विम वेंडर्स ने महोत्सव की शुरुआत में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि फिल्मकारों को राजनीति से दूर रहना चाहिए।

जब उनसे गाजा संघर्ष और उसमें जर्मनी की भूमिका पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि फिल्में दुनिया बदल सकती हैं, लेकिन राजनीतिक तरीके से नहीं। भारत की मशहूर लेखिका अरुंधति रॉय ने विम वेंडर्स के इस बयान के विरोध में समारोह से अपना नाम वापस ले लिया। उन्होंने विम वेंडर्स की टिप्पणी को हैरान करने वाला बताया। रॉय ने कहा कि जब मानवता के खिलाफ अपराध हो रहे हों, तब यह कहना कि कला को राजनीतिक नहीं होना चाहिए, यह बातचीत बंद करने का तरीका है। उन्हें अपनी 1989 की फिल्म 'इन व्हिच एनी गिव्स इट दोज वंस' की स्क्रीनिंग के लिए वहां जाना था। बहिष्कार करने में रॉय के अलावा फिलिस्तीनी फिल्मकार अकीम कवासमी और ईरानी-जर्मन कलाकार मैरी लोहानी भी हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज कार्यक्षेत्र में आपको नए अनुभव मिलेंगे। मित्रों से उपहार मिल सकता है। आप मृदु व्यवहार से लोगों के चहेते बने रहेंगे।

**वृष** – आज कारोबार में थोड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। बेवजह के मामलों में उलझ सकते हैं। स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा।

**मिथुन** – आज व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ मिल सकता है। समाज में मान-सम्मान में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों में आप मन लगाएंगे।

**कर्क** – आज आपके व्यवहार में गंभीरता की प्रशंसा होगी। लोग आपसे अत्यधिक अपेक्षा रखेंगे। घर में कुछ परिवर्तन कर सकते हैं।

**सिंह** – आज रुके हुए सरकारी कार्य पूरे हो सकते हैं। आपकी जीवनशैली में सुधार आएगा। बड़े अधिकारी आपसे बहुत प्रसन्न रहेंगे।

**कन्या** – आज सुख-सुविधाओं में कमी आएगी। कानूनी मामलों में नहीं फंसना चाहिए। अजनबी लोगों पर सहसा विश्वास न करें।

**तुला** – आज का दिन कारोबारी अनुबंधों के लिए बहुत ही अच्छा है। बच्चों की उपलब्धियों से हर्षित रहेंगे। निर्माण कार्यों में तेजी आएगी।

**वृश्चिक** – आज शत्रुओं पर आप भारी पड़ेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। सहकर्मियों से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु** – आज अधूरे कार्यों को समय पर पूरा करना हितकर होगा। विषम स्थितियों को संभालने का प्रयास करेंगे। खोया हुआ रुपया मिलेगा।

**मकर** – आज के दिन यात्रा करना मंगलकारी होगा। त्वचा की कुछ समस्या हो सकती है। अपनी जीवनशैली को संतुलित रखें।

**कुंभ** – आज व्यापार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। मांगलिक उत्सवों में भाग ले सकते हैं। विवेकपूर्ण कार्य करना लाभकारी होगा।

**मीन** – आज आपकी आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। जोखिम भरे निवेश करने से आपको बचना चाहिए।

### आज का पंचांग

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 23 फरवरी, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, षष्ठी 09.09 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- भरणी 16.33 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

### सुडोकू -70

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 7 | 3 | 1 | |
| | | | 1 | | | | 5 | |
| 6 | | 1 | | | | 4 | | |
| | 1 | | 5 | | 3 | | 8 | 4 |
| | 8 | | | | | | 3 | |
| 7 | | | 2 | | 4 | | | |
| | | 4 | | | | 5 | | 2 |
| | 5 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | | | 1 | | |

### सुडोकू - 69 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 7 | 2 | 3 |
| 4 | 3 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 2 | 9 | 3 | 4 | 1 | 5 |
| 8 | 5 | 3 | 1 | 2 | 6 | 9 | 4 | 7 |
| 6 | 4 | 1 | 9 | 5 | 7 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 5 | 6 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 7 | 8 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 9 |



“जिम्बाब्वे को किसी भी तरह से कम आंकने की गलती नहीं करें, क्योंकि इससे वह लक्ष्य से भटक सकते हैं। जिम्बाब्वे को ग्रुप बी में श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया जैसी वरीयता प्राप्त टीमों के साथ रखे जाने से अतिरिक्त प्रेरणा मिली होगी इसी वजह से उसने क्षमता से बढ़कर प्रदर्शन किया।

-डैरेन सैमी


# स्टेडियम

बरेली, सोमवार,23 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## सुपर-8 में आज

| टीम | समय |
|---|---|
| वेस्टइंडीज-जिम्बाब्वे | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### मेसी की मौजूदगी में इंटर मियामी को मिली पहले मैच में हार

**लॉस एंजिलिस।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की मौजूदगी के बावजूद इंटर मियामी ने एमएलएस कप में अपने खिताब के बचाव का अभियान हार के साथ किया। इंटर मियामी को अपने पहले मैच में लॉस एंजिलिस एफसी (एलएएफसी) से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। विजेता टीम की तरफ से डेविड मार्टिनेज, डेनिस बुआंगा और नाथन ऑर्डाज़ ने गोल किए। बुआंगा ने मैच के बाद कहा वह मैच हमेशा खास होता है जिसमें मेस्सी खेलते हैं। हम मेस्सी की मौजूदगी में मियामी को हराना चाहते थे। इस मैच के लिए प्रत्येक खिलाड़ी का मनोबल बढ़ा होता है।

### विनिसियस जूनियर ने फिर गोल किया पर रियल मैड्रिड हारा

**मैड्रिड।** विनीसियस जूनियर ने रियाल मैड्रिड के लिए एक बार फिर गोल किया, लेकिन ब्राजील का यह खिलाड़ी स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में शीर्ष पर काबिज अपनी टीम को ओसासुना के हाथों 2-1 की अप्रत्याशित हार से नहीं बचा सका। ब्राजील के इस खिलाड़ी ने इस सप्ताह के शुरू में चैंपियंस लीग मैच में प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी पर नस्लीय अपमान करने का आरोप लगाया था लेकिन उन्होंने चार मैचों में अपना पांचवां गोल करके यह साबित कर दिया कि इस घटना का उनके प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ा है। लेकिन रियाल मैड्रिड की हार से खिताब जीतने की उसकी उम्मीदों को झटका लगा है। इससे दूसरे स्थान पर काबिज बार्सिलोना को तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका मिल गया है। रियल मैड्रिड के 25 मैच में 60 अंक, बार्सिलोना के 24 मैच में 58 अंक हैं।

# सुपर-8 में भारत की दयनीय शुरुआत दक्षिण अफ्रीका के हाथों 76 रनों से परास्त


## टी-20 विश्व कप : अभिषेक शर्मा सहित सभी प्रमुख बल्लेबाजों ने किया निराश

**अहमदाबाद, एजेंसी**

आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर-8 में मेजबान टीमों का दिन रविवार को बेहद खराब रहा। एकतरफा मुकाबलों में पहले श्रीलंका फिर भारत को हार का सामना करना पड़ा।

डेविड मिलर के तूफानी अर्धशतक के बाद मार्को यानसेन की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने एकतरफा मैच में भारत को 76 रन से रौंदकर इस प्रतियोगिता में उसके विजयी क्रम पर रोक लगा दी।

भारत ने 2024 में वेस्टइंडीज और अमेरिका में हुए पिछले टी20 विश्व कप में एक भी मैच नहीं गंवाते हुए खिताब जीता था, जबकि मौजूदा टूर्नामेंट में उसकी यह पहली हार है। यह रनों के लिहाज से भारत की दूसरी सबसे बड़ी हार भी है। दक्षिण अफ्रीका के 188 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत यानसेन (22 रन पर चार विकेट), केशव महाराज (24 रन पर तीन विकेट) और कोर्बिन बॉश (12 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.5 ओवर में 111 रन पर सिमट गया। मेजबान टीम की ओर से सिर्फ शिवम दुबे (42 रन, 37 गेंद, तीन छक्के, एक चौके) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। मिलर ने 35 गेंद में तीन छक्कों और सात चौकों से 63 रन की पारी खेलने के अलावा डेवाल्ड ब्रेविस (45 रन, 29 गेंद, तीन छक्के, तीन चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 51 गेंद में 97 रन की साझेदारी की जिससे दक्षिण अफ्रीका ने 20 रन पर तीन विकेट गंवाने के बावजूद सात विकेट पर 187 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत की शुरुआत भी खराब रही और टीम ने पांच रन तक ही अच्छी फॉर्म में चल रहे ईशान किशन (00) और तिलक वर्मा (01) के विकेट गंवा दिए। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (15) ने कागिसो रबाडा पर चौका और छक्का जड़ा लेकिन इसके बाद यानसेन की गेंद को हवा में लहरा गए और बॉश ने दौड़ लगाते हुए उनका शानदार कैच लपका। भारत ने पावर प्ले में तीन विकेट पर 31 रन बनाए। वाशिंगटन सुंदर (11), रिंकू सिंह (00), अर्शदीप (01) दबाव नहीं सह सके। भारत को अंतिम पांच ओवर में 100 रन की दरकार थी। दुबे ने रबाडा पर लगातार दो छक्कों के साथ 16वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया लेकिन इसी ओवर में मिलर ने उनका कैच टपकाया। अगले दो ओवर में सिर्फ चार रन बने जिससे भारत की बड़ी हार तय हो गई।



शॉट लगाते दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर। एजेंसी

### दक्षिण अफ्रीका

**187/7** (20 ओवर)

- एडेन मारक्रम का पंड्या बो अर्शदीप 04
- क्विंटन डिकॉक बो बुमराह 06
- रेयान रिकेल्टन का दुबे बो बुमराह 07
- डेवाल्ड ब्रेविस का अभिषेक बो दुबे 45
- डेविड मिलर का तिलक बो चक्रवर्ती 63
- ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद 44
- मार्को यानसेन का रिंकू बो अर्शदीप 02
- कोर्बिन बॉश का एवं बो बुमराह 05
- कागिसो रबाडा नाबाद 00

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-28-2, बुमराह 4-0-15-3, चक्रवर्ती 4-0-47-1, वाशिंगटन 2-0-17-0, पंड्या 4-0-45-0, दुबे 2-0-32-1

### भारत

**111/10** (18.5 ओवर)

- ईशान किशन का रिकेल्टन बो मारक्रम 00
- अभिषेक शर्मा का बॉश बो यानसेन 15
- तिलक वर्मा का डिकॉक बो यानसेन 01
- सूर्यकुमार यादव का ब्रेविस बो बॉश 18
- वाशिंगटन सुंदर का डिकॉक बो बॉश 11
- शिवम का का एनगिडी बो यानसेन 42
- हार्दिक पंड्या का स्टब्स बो महाराज 18
- रिंकू सिंह का स्टब्स बो महाराज 00
- अर्शदीप सिंह का स्टब्स बो महाराज 01
- वरुण चक्रवर्ती नाबाद 00
- बुमराह का मारक्रम बो यानसेन 00

विकेट पतन : 1-0, 2-5, 3-26, 4-43, 5-51, 6-86, 7-86, 8-88, 9-111

गेंदबाजी : मारक्रम 1-0-5-1, यानसेन 3.5-0-22-4, रबाडा 4-0-32-0, एनगिडी 4-0-15-0, महाराज 3-0-24-3, बॉश 3-0-12-2



अभ्यास सत्र के दौरान वेस्टइंडीज के शमर जोसेफ (बाएं) कैच के लिए उछल गए।

# वेस्टइंडीज के आत्मविश्वास की परीक्षा लेगा जिम्बाब्वे

**मुंबई, एजेंसी**

- दोनों टीमें टूर्नामेंट में अभी तक रही हैं अजेय

बेहद आत्मविश्वास से भरी वेस्टइंडीज की टीम को सोमवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे के दृढ़ संकल्प से सतर्क रहना होगा। यह दोनों टीम टूर्नामेंट में अभी तक अजेय रही है और वे यह सिलसिला जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी। वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे दोनों ने पहले दौर में अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया, लेकिन काम अभी खत्म नहीं हुआ है क्योंकि आगे और भी कड़ी चुनौतियां उनका इंतजार कर रही हैं।

दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज के आत्मविश्वास की यह उस प्रारूप में कड़ी परीक्षा होगी जिसमें वह वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करते हैं और अपने कौशल का ऐसा नमूना पेश करते हैं जैसा शायद ही कोई अन्य टीम कर पाती है। पूर्व चैंपियन कप्तान डेरेन सैमी की कोचिंग वाली टीम ने अभी तक एकजुट होकर प्रदर्शन किया है पर उसके लिए निरंतरता बनाए रखना चुनौती होगी।

### टीम

**वेस्टइंडीज :** शाई होप (कप्तान), जॉनसन चार्ल्स (विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, ब्रैंडन किंग, रोवमैन पॉवेल, शेरफेन रदरफोर्ड, क्विंटिन सैम्पसन, रोस्टन चेज़, जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड, मैथ्यू फोर्ड, अकील हुसैन, शमर जोसेफ, गुडाकेश, जेडन सील्स।

**जिम्बाब्वे :** सिकंदर रजा (कप्तान), बेन कुरेन, क्लाइव मदांडे (विकेटकीपर), तादिवानाशे मारुमानी, डायोन मेयर्स, ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, ब्रैड इवांस, टोनी मुनयोंगा, ताशिंगा मुसेकिवा, ग्रीम क्रेमर, टिनोटेन्डा मापोसा, वेलिंगटन मसाकाद्ज़ा, ब्लेसिंग मुजरबानी, रिचर्ड नगारवा।

# टेनिस स्टार स्टीफंस ने तोड़ा जोजी से वैवाहिक बंधन

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- पूर्व फुटबाल खिलाड़ी से महज चार साल साल चल सका रिश्ता

अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट की पूर्व चैंपियन स्लोएन स्टीफंस और अमेरिकी पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के पूर्व खिलाड़ी जोजी अल्टिडोर ने चार साल बाद अपना वैवाहिक बंधन समाप्त समाप्त कर दिया है। अमेरिकी ओपन में 2017 की चैंपियन स्टीफंस ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में जोजी से अलग होने की घोषणा की।

स्टीफंस ने लिखा जोजी और मैंने अपना वैवाहिक बंधन खत्म करने का फैसला क्या है। मैं आपसी सहमति और पूरे सम्मान के साथ इस बदलाव का सामना कर रही हूं और इस दौरान निजता बनाए रखने का अनुरोध करती हूं। आपके प्यार और निरंतर समर्थन बनाए रखने के लिए हार्दिक आभार।

बत्तीस वर्षीय स्टीफंस 2018 में फ्रेंच ओपन में उपविजेता भी रही थी जबकि 36 वर्षीय अल्टिडोर ने 2007 से 2019 तक अमेरिकी पुरुष फुटबॉल टीम के लिए 115 मैचों में 42 गोल किए। इसके अलावा मेजर लीग सॉकर और विदेशों में उनका लंबा पेशेवर करियर रहा है।



## दोहा में होगी आईसीसी बोर्ड की बैठक

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बोर्ड और समितियों की बैठक 25 से 27 मार्च तक दोहा में आयोजित की जाएगी जिससे क्रिकेट में कतर की बढ़ती भागीदारी का पता चलता है।

आईसीसी ने कहा यह बैठकें आईसीसी बोर्ड के निदेशकों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, समिति के सदस्यों और सीनियर पदाधिकारियों को एक मंच पर लाएंगी, जो वैश्विक खेल के वर्तमान और भविष्य से संबंधित प्रमुख मामलों पर विचार-विमर्श करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। आईसीसी ने बताया कि 2020 से कतर में क्रिकेट में समग्र भागीदारी में 447 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आईसीसी ने कहा इसका मुख्य कारण कतर ओलंपिक समिति के स्कूल ओलंपिक कार्यक्रम में क्रिकेट को शामिल करना रहा है, जिसने देश भर के स्कूलों में इस खेल को स्थापित करने में मदद की है। आईसीसी ने कहा हाल ही में क्रिकेट महोत्सव के शुरू होने से क्रिकेट की पहुंच और भी बढ़ गई है।

# शानदार गेंदबाजी से इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराया

**पल्लेकल, एजेंसी**

- फिल सॉल्ट की पारी से मेहमानों ने बनाया था चुनौतीपूर्ण स्कोर
- आर्चर और जैक्स ने ध्वस्त किया मेजबानों का शीर्षक्रम

फिल सॉल्ट (40 गेंदों पर 62 रन) की दमदार बल्लेबाजी के बाद जोफ्रा आर्चर और विल जैक्स की तेज और स्पिन गेंदबाजों की जोड़ी ने श्रीलंका के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर इंग्लैंड को रविवार को यहां टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में 51 रन की शानदार जीत दिलाई।

बाएं हाथ के स्पिनर दुनिथ वेलालगे (26 रन पर तीन विकेट) की अगुआई में श्रीलंका की अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण ने इंग्लैंड को नौ विकेट पर 146 रन तक सीमित कर दिया था, जिससे लग रहा था कि मुकाबला मेजबान टीम की पकड़ में है। आर्चर और ऑफ स्पिनर ऑलराउंडर जैक्स ने हालांकि मैच का रुख पूरी तरह पलट दिया। दोनों ने पावरप्ले में कहर बरपाते हुए छठे ओवर तक श्रीलंका का स्कोर पांच विकेट पर 34 रन कर दिया। श्रीलंकाई टीम इससे उबर नहीं पाई और कप्तान दासून शनाका की 30 रन की पारी के बावजूद 16.4 ओवर में 95 रन पर आउट हो गई।



कामिल का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते इंग्लैंड के गेंदबाज जोफ्रा आर्चर।

जैक्स ने चार ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट झटके, जबकि आर्चर ने तीन ओवर में 20 रन देकर दो विकेट हासिल किए। उन्हें लियाम डॉसन ( चार ओवर में 27 रन पर दो विकेट) और आदिल रशीद (3.4 ओवर में 13 रन पर दो विकेट) का भी शानदार साथ मिला। मैच में सॉल्ट की छह चौके और दो छक्के जड़ित पारी निर्णायक साबित हुई। जैक्स ने बल्ले से भी 14 गेंद में 21 रन का योगदान दिया और इस हरफनमौला प्रदर्शन के लिए ''प्लेयर ऑफ द मैच'' चुने गये। इंग्लैंड के अन्य बल्लेबाज पूरी तरह विफल रहे।

इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही थी तो श्रीलंका की शुरुआत उससे भी बदतर रही। आर्चर ने खतरनाक पाथुम निसांका (आठ गेंदों पर नौ रन) को जल्दी पवेलियन भेज दिया। जेमी ओवरटन को ठीक उसी गेंद से पहले डीप मिडविकेट पर तैनात किया गया था और निसांका तेज और फुल लेंथ गेंद की योजना में फंस गए। पहली पारी में वेलालगे की भूमिका को दोहराते हुए जैक्स ने लगातार दो गेंदों पर कुसल मेंडिस और पवन रत्नायके को आउट कर श्रीलंका पर दबाव बना दिया। आर्चर ने कमिल मिशारा को गली में ओवरटन के हाथों कैच कराया।

### इंग्लैंड

**146/9** (20 ओवर)

- फिल साल्ट का हेमंथा बो वेलालगे 62
- जोस बटलर पगबाधा वेलालगे 07
- जैकब बेथल का मदुशंका बो तीक्षणा 03
- टॉम बैटन रन आउट 06
- हैरी ब्रुक पगबाध वेलालगे 14
- सैम कुरेन का मिशारा बो चमीरा 11
- विल जैक्स का वेलालगे बो मदुशंका 21
- डॉसन का शनाका बो तीक्षणा 06
- जैमी ओवरटन नाबाद 10
- जोफ्रा आर्चर का हेमंथा बो मदुशंका 00
- आदिल राशीद नाबाद 01

**गेंदबाजी :** मदुशंका 4-0-25-2, वेलालगे 4-0-26-3, तीक्षणा 4-0-21-2, हेमंथा 4-0-38-0, चमीरा 4-0-34-1

### श्रीलंका

**95/10** (16.4 ओवर)

- पथुम निसंका का ओवरटन बो आर्चर 09
- कामिल का ओवरटन बो आर्चर 06
- कुसल मेंडिस का एवं बो जैक्स 04
- पवन रत्नायके का बैंटन बो जैक्स 00
- दुनिथ वेलालगे का ब्रुक बो जैक्स 10
- कामिंदु मेंडिस का एवं बो डॉसन 13
- दासुन शनाका का बैटन बो रशीद 30
- दुशान हेमंथा हिट विकेट बो ओवरटन 05
- दुष्मंथा चमीरा बो डॉसन 06
- महीश तीक्षणा नाबाद 10
- दिलशान मदुशंका बो रशीद 00

**गेंदबाजी :** आर्चर 3-0-20-2, जैक्स 4-0-22-3, डॉसन 4-0-27-2, रशीद 3 .4-0-13-2, ओवरटन 2-0-13-1

# भारत ए ने लगातार दूसरी बार एशिया कप राइजिंग स्टार्स खिताब जीता

**बैंकॉक, एजेंसी**

तेजल हसबनिस के नाबाद अर्धशतक और लेग स्पिनर प्रेमा रावत की फिरकी के जादू से भारत ए ने रविवार को यहां कम स्कोर वाले एकतरफा फाइनल में बांग्लादेश ए को 46 रन से हराकर एसीसी महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट जीत लिया।

भारतीय टीम 44 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद संकट में थी लेकिन तेजल ने 34 गेंद में नाबाद 51 रन की प्रभावी पारी खेलकर भारत को 20 ओवर में सात विकेट पर 134 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने कप्तान राधा यादव (30 गेंद में 36 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी भी की। भारतीय टीम ने इसके बाद प्रेमा (12 रन पर तीन विकेट) की फिरकी के जादू से बांग्लादेश को 19.1 ओवर में 88 रन पर समेट दिया। बांग्लादेश ने तीसरे ओवर में 12 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाने के बाद नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी। बांग्लादेश ने पहला विकेट इशमा तंजीम के रूप में गंवाया जो तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर का शिकार बनीं। प्रेमा ने शमीमा सुल्ताना को अतिरिक्त उछाल लेती शानदार लेग स्पिन पर आउट किया। भारत ए ने 2023 में पहले टूर्नामेंट के फाइनल में भी बांग्लादेश ए को हराकर खिताब जीता था। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम जल्द ही संकट में घिर गई लेकिन तेजल ने अपने कौशल का शानदार नजारा पेश करते हुए टीम को परेशानी से उबारा। उन्होंने 150 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की।




## अल्काराज को कतर ओपन का खिताब

**दोहा।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज़ ने शानदार खेल का नमूना पेश करते हुए आर्थर फिल्स को केवल 50 मिनट में 6-2, 6-1 से हराकर कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता।

स्पेन के इस स्टार खिलाड़ी ने इस तरह से 2026 में अपनी जीत का सिलसिला 12 मैच तक पहुंचा दिया है।

उन्होंने इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था। इस तरह से उन्होंने करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने यानि चारों ग्रैंड स्लैम जीतने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनने के 20 दिन बाद कतर ओपन में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। अल्काराज़ ने कहा साल की शुरुआत वाकई बहुत शानदार रही है। दोहा में खिताब जीतने के साथ ही अल्काराज़ के टूर-स्तरीय खिताबों की संख्या 26 हो गई है।

**संकल्प** | भारतीय महिला टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा-अब टी20 विश्व कप पर टिकी हैं निगाहें

# विश्व क्रिकेट पर दबदबा बनाए रखना चाहती है टीम

**एडिलेड, एजेंसी**

भारतीय महिला टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि उनकी टीम लगातार शीर्ष पर बने रहकर विश्व क्रिकेट पर अपना दबदबा कायम करना चाहती है। पिछले साल पहली बार 50 ओवर का विश्व कप जीतने के बाद भारतीय टीम की निगाहें इस साल के आखिर में होने वाले टी20 विश्व कप में जीत हासिल करने पर टिकी हैं।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को तीन मैच की टी20 श्रृंखला में हराकर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की अपनी तैयारी की शानदार शुरुआत की। मंधाना ने बीसीसीआई टीवी से कहा, ‘’’’यह भारतीय टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश कर रही है। हम अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम या अतीत में जो कुछ भी हुआ उसके बारे में नहीं सोचते हैं। हमने इसे हराया, हमने उसे हराया। मुझे लगता है कि अब यह सब उतना महत्वपूर्ण नहीं है।



स्मृति मंधाना।

उन्होंने कहा मुझे लगता है कि हम एक ऐसे बदलाव के दौर में हैं जहां हम विश्व क्रिकेट पर अपना दबदबा बनाना चाहते हैं। हम किसे हराते हैं, कहां हराते हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हम बस उन्हें लगातार हराने और शीर्ष पर बने रहने में सफल होना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के तीसरे और अंतिम टी20 मैच में मंधाना ने 82 रन की पारी खेली। उन्होंने जेमिमा रोड्रिग्स (59) के साथ 121 रन की साझेदारी की जिससे भारत छह विकेट पर 176 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम नौ विकेट पर 159 रन ही बना पाई।मंधाना ने कहा मुझे एडिलेड शहर बहुत पसंद है। यहां खेलने से पहले भी मुझे यहां शहर पसंद था। यह बहुत शांत और सुंदर शहर है। कुछ ऑस्ट्रेलियाई बहुत खुश होंगे जब मैं कहूंगी कि यह ऑस्ट्रेलिया का सबसे अच्छा शहर है। वास्तव में मुझे यह ऑस्ट्रेलिया का सबसे अच्छा शहर लगता है। महिला टी20 विश्व कप इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से पांच जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। मंधाना ने कहा यह साल टी20 का साल है। पिछला साल एकदिवसीय क्रिकेट का साल था जिसमें हमने बहुत सारे वनडे मैच खेले। लेकिन अब हम अपने टी20 खेल पर काम कर रहे हैं।

## धोनी आईपीएल के लिए उपलब्ध

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सत्र की तैयारियों के बीच एक बार फिर महेंद्र सिंह धोनी के भविष्य को लेकर चर्चा तेज हो गई है कि क्या दिग्गज पूर्व कप्तान इस साल चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सभी मैचों में खेलते नजर आएंगे? फ्रेंचाइजी के एक शीर्ष सूत्र ने इसकी पुष्टि की कि 45 वर्ष के होने जा रहे धोनी आगामी आईपीएल सत्र के लिए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ उपलब्ध रहेंगे। टीम में इस बार बड़ी रकम के साथ ट्रेडिंग के जरिए संजू सैमसन के शामिल होने के बाद हालांकि यह संभावना कम मानी जा रही है कि पूर्व भारतीय कप्तान लीग चरण के सभी मुकाबलों में खेलेंगे।